भोपाल
सोमवार, 17 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष –05
वर्ष : 11, अंक : 324
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## आज से लागू होगा फास्टैग का नया नियम

**नई दिल्ली।** फास्टैग का नया नियम सोमवार से लागू हो जा रहा है। जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर



फास्टैग ब्लैक लिस्ट होगा। उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है। और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और सड़क परिवहन शेष पेज 6 पर

मप्र समेत सभी राज्यों के प्रयासों से भारत ने विश्व बैंक की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में 79 अंकों की छलांग लगाई, अब भारत के इस रैंकिंग के टॉप-10 में पहुंचने की उम्मीद, इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश की प्रभावशाली भूमिका रही

### मप्र ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत में अग्रणी, निवेशकों को आकर्षित कर रही है सरल और पारदर्शी प्रक्रिया

# 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' योजना की जीआईएस में रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश, अनंत संभावनाएं, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, 24, 25 फरवरी 2025, भोपाल

मप्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ अब व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई दूरदर्शी सुधार लागू किए हैं। यह पहल राज्य को न केवल देश के भीतर, बल्कि वैश्विक निवेश मानचित्र पर भी प्रमुख स्थान दिला रही है। राज्य सरकार ने व्यापारिक माहौल को अनुकूल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, डिजिटल एप्रूवल प्लेटफॉर्म और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सेवाओं को लागू किया है। इन नवाचारों ने प्रदेश को निवेशकों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बना दिया है। ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और स्वीकृति प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने प्रक्रियाओं को त्वरित और पारदर्शी बनाया है। इससे उद्यमियों के लिए समय और लागत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' योजना के तहत उद्योगों को आवश्यक 22 स्वीकृतियां सरल प्रक्रिया के तहत प्रदान की जा रही हैं।




### औद्योगिक भूमि आवंटन में पारदर्शिता

भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाकर निवेशकों को कम समय में औद्योगिक भूमि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन में सहायता मिल रही है। भारत की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में सुधार में मप्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से सुझाए गए सुधारों को राज्य ने सक्रिय रूप से अपनाया है, जिससे मप्र शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। कुल 2,432 जी 2 बी और जी 2 सी प्रक्रियाओं में सुधार कर व्यापारिक माहौल को और अधिक अनुकूल बनाया है। राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से मप्र को जोड़ने के बाद निवेश प्रक्रिया और अधिक सरल और सुलभ हो गई है। मप्र समेत सभी राज्य के प्रयासों से भारत ने विश्व बैंक की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में 79 अंकों की छलांग लगाई। अब भारत के इस रैंकिंग के टॉप-10 में पहुंचने की उम्मीद है। इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश की प्रभावशाली भूमिका रही है।

इंपैक्ट फीचर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एसडीओ ने किसान को डिग्गी में ठूंसा, निलंबित




**सिवनी।** केवलारी क्षेत्र की तिलवारा दाई तट नहर के एसडीओ श्रीराम बघेल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे किसानों के साथ अमर्यादित व्यवहार करते नजर आ रहे हैं और एक किसान को कार की डिक्की में ठूंस रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद एसडीओ को निलंबित कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सूदखोरों से परेशान युवक ने की आत्महत्या



**महू।** सूदखोरों से परेशान युवक ने जहर खा लिया। उसने बेटे के इलाज के लिए सवा लाख रुपए कर्ज लिया था। युवक के पास से सुसाइड नोट भी मिला है। इनमें चार लोगों से पैसे लेने की बात कही है। कहा कि ब्याज का पैसा दे-देकर थक चुका हूं। कर्ज कभी नहीं करना। उसे इंदौर रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को नाराज परिजनों ने चक्काजाम किया।

### चेहरे पर घने बाल गिनीज बुक में नाम



**रतलाम।** जिले के ग्राम नांदलोटा निवासी 19 वर्षीय ललित पाटिदार को दुर्लभ बीमारी से चेहरे पर घने बाल थे। ललित चेहरे पर बाल लिए बड़ा होता चला गया और कई मौकों पर उसे काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। अब उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज किया गया है। टीम ने ललित को इटली बुलाया। मिलान शहर में 13 फरवरी को उसे सर्टिफिकेट और मैडल सौंपा।

### बस से ट्रैवलर की भिड़ंत मां-बेटे समेत 4 की मौत



**बाराबंकी।** बस और ट्रैवलर की टक्कर हो गई। हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। 6 घायल हैं। हादसा रविवार सुबह 5 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र के फूटहा भवनियपुर गांव के पास हुआ। छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही बस खराब होने के चलते हाईवे पर किनारे खड़ी थी। जिस पर ट्रैवलर जा टकराया।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद रीवा में कई ट्रेनें रद्द

# रीवा-प्रयागराज मार्ग पर 15 किमी लंबा जाम मप्र और यूपी बॉर्डर पर हजारों श्रद्धालु 'फंसे'

### भगदड़ का 'मप्र पर असर'

महाकुंभ के आखिरी 10 दिनों में श्रद्धालु करना चाह रहे स्नान



रविवार दोपहर हजारों की संख्या में गाड़ियां रीवा पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭रीवा/भोपाल

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात मची भगदड़ के बाद मध्यप्रदेश के रीवा रेलवे स्टेशन से जाने वाली ट्रेनों को ऐहतियातन रद्द कर दिया गया है। इसमें रीवा से प्रयागराज होकर दिल्ली जाने वाली इकलौती ट्रेन रीवा आनंद विहार, रीवा जबलपुर और रीवा रविवार स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

ट्रेनों के रद्द होने से रीवा रेलवे स्टेशन से जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा शेष पेज 6 पर

रेलवे स्टेशन पर परेशान हुए सैकड़ों यात्री

मैहर, सतना रेलवे स्टेशन में सुरक्षा बढ़ा दी गई

*नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद भी स्नानार्थियों का जोश कम नजर नहीं आ रहा है। प्रयागराज तक जाने वाले सभी रेल और सड़क मार्गों पर जाम के हालात हैं*



### इंदौर, कटनी और रीवा स्टेशन पर अलर्ट

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद मध्य प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशन हाई अलर्ट पर हैं। रेलवे स्टेशनों पर किसी भी तरह की भीड़ में अफरा तफरी न हो, इसके लिए रेलवे फुटओवर ब्रिज पर भी जीआरपी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रयागराज जाने के लिए चल रही सभी स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर विशेष तौर पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। कटनी जंक्शन से प्रतिदिन 1 लाख की भीड़ कटनी स्टेशन से होकर महाकुंभ पहुंच रही है। रविवार को कटनी स्टेशन का निरीक्षण करने जबलपुर कमांडेंट जावेद सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी पहुंचे। कमांडेंट जावेद शेष पेज 6 पर

#### इंदौर से ट्रेनें 12 घंटे तक लेट

महाकुंभ की वजह से इंदौर रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ है। रेलवे थाने के उप निरीक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि लगातार अनाउंसमेंट किए जा रहे हैं। कोई भी ट्रेन आने और जाने के समय हर कोच के आगे एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। महाकुंभ की ट्रेन छह से दस घंटे तक लेट चल रही हैं। इंदौर रेलवे स्टेशन पर एक महिला ट्रेन के नीचे शेष पेज 6 पर

#### सतना जंक्शन में उमड़ा यात्रियों का सैलाब

*सतना जंक्शन में शनिवार और रविवार की शाम कुंभ यात्रियों का सैलाब नजर आया। रीवा-आनंद विहार ट्रेन आने के समय प्लेटफॉर्म से ले कर पटरियों तक श्रद्धालुओं का हुजूम था। सतना जंक्शन में प्रयाग जाने वाले यात्रियों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि रेल प्रशासन को दोपहर बाद आनन-फानन में सतना-कटनी से 2 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलानी पड़ीं। शनिवार को रीवा से चलकर आनंद विहार की ओर जाने वाली नियमित यात्री गाड़ी रीवा-आनंद विहार सुपरफास्ट जहां रीवा से पैक होकर आई ,वहीं सतना स्टेशन से इस पर लगभग एक हजार यात्री प्रयाग के लिए सवार हुए। शेष रह गए यात्रियों के लिए सतना से छिवकी के लिए शाम साढ़े 6 बजे एक मेला स्पेशल भेजी गई। पूरे 22 कोच की इस गाड़ी में 5 हजार यात्री सवार हुए। लगभग 2 हजार यात्री फिर भी स्टेशन में ही रह गए। दमोह रेलवे स्टेशन पर अभी भी प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।*

### नई दिल्ली स्टेशन पर 'भगदड़' का मामला

# जांच कमेटी बनी, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश



- पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान
- रेल मंत्री वैष्णव ने शाह को दी रिपोर्ट
- भगदड़ में 18 यात्री मारे गए थे

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ हादसे की जांच के लिए रेलवे ने दो सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है।। रेलवे ने बताया कि समिति ने घटना की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। समिति में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) पंकज गंगवार शामिल हैं। जांच के हिस्से के रूप में समिति ने जांच में शेष पेज 6 पर

#### ट्रेनों में खिड़की से सामान लेकर घुसते रहे यात्री

नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर ट्रेन पकड़ने के लिए काफी लोग पहुंचे। फुटओवर ब्रिज पर यात्री टूटे पड़े रहे। यहां यात्री इमरजेंसी विंडो से खुद व अपने सामान को घुसाते रहे। पढ़ें पेज 10 भी

### प्रयागराज में भीषण जाम...

## सीमाओं पर वाहनों की लंबी कतार

**प्रयागराज।** रविवार को महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते प्रयागराज जनपद में प्रवेश करने वाले सभी सीमाओं पर भीषण जाम लग गया। वाहनों को जिले की सीमा पर रोक दिया गया। जिससे नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया। मेले को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, रविवार को जवाहर जीटी चौराहे से मेले की ओर से धड़ल्ले से वाहन प्रवेश कर रहे थे। त्रिवेणी मार्ग, काली रोड और नवल राय रोड पर दो पहिया वाहन चल रहे थे। भीड़ के चलते संगम रेलवे स्टेशन को 24 फरवरी तक बंद किया गया है।

### इलाहाबादिया-रैना पर भड़के बाबा बागेश्वर

## दोनों को 'माफ' की जगह अब साफ कर देना चाहिए



■ इनसे सनातन हिंदू धर्म को घाटा

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना विवाद में एंट्री हो गई है। उन्होंने इलाहाबादिया और समय रैना पर भड़कते हुए कहा है कि ऐसों को माफ नहीं, बल्कि साफ कर देना चाहिए। एक पॉडकास्ट में बागेश्वर बाबा ने कहा कि एक सनातनी होना शेष पेज 6 पर

### फिर चर्चा में आईएएस नियाज खान

## मुसलमानों से कहा-पहले हिंदुओं को भाई मानें फिर अरब को



■ कहा-इस्लाम तो अरब का धर्म

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस नियाज खान एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल, उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील की है। नियाज ने कहा कि पहले हिंदुओं को मानें भाई फिर अरब को । सभी लोग संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। भले ही धर्म अलग-अलग हो लहू तो शेष पेज 6 पर

### बर्दवान में बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

## पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है आरएसएस



■ हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बर्दवान में रविवार को स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। हिंदू समाज को एकजुट शेष पेज 6 पर

### जीआईएस में आ रहे हैं मोदी

## सिंघार का पीएम को 'पत्र' मिलने के लिए मांगा वक्त



■ भाजपा ने कहा-यह जीआईएस में व्यवधान डालना है

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने और प्रदेश की समस्याओं से उन्हें अवगत कराने के लिए पत्र लिखकर समय मांगा है। सिंघार ने पत्र में कहा कि 23 फरवरी या 24 फरवरी 2025 को भोपाल प्रवास के दौरान कांग्रेस विधायक दल का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शेष पेज 6 पर

### शिवपुरी में ओवरटेक के दौरान हादसा

## ट्रकों ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर ट्रॉली में दबे 2 भाइयों की मौत



■ ट्रॉली का टायर बदल रहे थे तभी पत्थरों में दबे

**शिवपुरी।** सुरवाया थाना क्षेत्र के एनएच-27 अमोला घाटी में रविवार सुबह दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब दो ट्रक ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। ट्रॉली में भरी पत्थर की फर्सी दोनों भाइयों पर गिर गई, जिससे मौके पर ही शेष पेज 6 पर

### आईपीएल 18: 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिन में कुल 74 मैच खेले जाएंगे

फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा

# कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

एजेंसी ⏭मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा।

वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। पढ़ें पेज 13 भी

22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे

फाइनल समेत प्लेऑफ के मुकाबले 20 से 25 मई तक होंगे



फाइल फोटो

#### कुल 12 डबल हेडर्स खेले जाएंगे

*आईपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर्स हैं। डबल हेडर वाले दिन पहला मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। आईपीएल की दस में से तीन टीमें दो-दो होम ग्राउंड्स पर मैच खेलेंगी। दिल्ली अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम और नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेंगे। राजस्थान अपने दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेंगे, जहां वह केकेआर और सीएसके की मेजबानी करेंगे। शेष घरेलू मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेंगे। वहीं, पंजाब अपने चार घरेलू मैच चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में खेलेगा, जबकि धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के खिलाफ तीन घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा।*



# 20 को काली पट्टी तो 25 से प्रदेशभर के डॉक्टर्स करेंगे कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के 15 हजार से अधिक सरकारी डॉक्टर्स ने काम बंद हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इससे पहले वह 20 फरवरी से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। यदि सरकार ने इस दौरान चिकित्सकों की मांगों का निराकरण नहीं किया तो 25 फरवरी से डॉक्टर्स हड़ताल पर चले जाएंगे। रविवार को चिकित्सक महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीय ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों के निराकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

**खास बातें**

- 25 से ठप हो सकती हैं प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं
- चिकित्सक महासंघ ने किया ऐलान
- कई वर्षों से मांगों के निराकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं, मगर प्रशासन नहीं सुन रहा है



अब हमने निर्णय लिया है कि एक प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाए। यह आंदोलन चरणबद्ध होगा। इसमें सबसे पहले 20 एवं 21 फरवरी को सभी सरकारी चिकित्सक अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। इसके बाद 22 फरवरी को आधे घंटे काम बंद हड़ताल की जाएगी, 24 फरवरी को सभी चिकित्सक सामूहिक अवकाश लेकर भूख हड़ताल करेंगे। यदि इतने पर भी सरकार ने हमारी नहीं सूनी तो हम 25 फरवरी से काम बंद हड़ताल शुरू कर देंगे।

**चिकित्सकों की प्रमुख मांगें**

- उच्च स्तरीय समिति का गठन:
- आईएएस की दखलंदाजी समाप्त हो:
- केबिनेट से पारित आदेशों पर अमल हो
- डीएसीपी लागू किया जाए:
- डीजी हेल्थ का पद सृजित किया जाए
- कार्य स्थल पर सुरक्षा बढ़ाई जाए

### सभी डॉक्टर शामिल होंगे

लंबित मांगों के निराकरण के लिए प्रदेश के सभी सरकारी चिकित्सकों ने मिलकर चिकित्सक महासंघ का गठन किया है। इस महासंघ में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अलावा गैस राहत विभाग, गृह एवं जेल विभाग, श्रम विभाग के डॉक्टर शामिल हैं।

**डॉ राकेश मालवीया,**
**मुख्य संयोजक, चिकित्सा महासंघ**

# भ्रूण हत्या भारत की संस्कृति के माथे पर कलंक: मुनिश्री प्रमाण सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमारी संस्कृति और संस्कार जीवन देना सिखाते हैं, भ्रूण हत्या हमारी संस्कृति के माथे पर सबसे बड़ा कलंक है, भ्रूण हत्या की सूतक जन्म जन्मांतर होती है। यह प्रवचन मुनि प्रमाण सागर महाराज ने टीटी नगर दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में अहिंसा और जीव दया कूट-कूट के भरी हुई है जब छोटे-छोटे जीव जंतु की रक्षा अहिंसा के रूप में हम करते हैं तो घर में पल रहे जीव की हत्या से बड़ा पाप तो कोई भी नहीं है। महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान अभय भैया अशोक सुमत के निर्देशन में हुए। मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया धर्म सभा में मंत्री विश्वाश सारंग, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**टीटी नगर दिगंबर जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित**

**सेमिनार से कौशल विकास को मिलेगा प्रोत्साहन**

# एनआईटीटीटीआर में इंडस्ट्री एकेडमिया कनेक्ट सेमिनार, विकास को मिलेगा बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।




राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर ने सीमेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सहयोग से इंडस्ट्री एकेडमिया कनेक्ट सेमिनार का आयोजन किया गया। संस्थान के डीन कार्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स, डॉ. पीके पुरोहित ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य एकेडमिक नॉलेज और इंडस्ट्री एप्लीकेशन के बीच गैप को कम करना था। इस सेमिनार से उद्योग और शैक्षिक संस्थानों के बीच नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्य अतिथि जीएन अग्रवाल, डायरेक्टर, स्किल डेवलपमेंट रहे। उन्होंने कहा कि उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार निटर भोपाल में सभी संसाधन उपलब्ध हैं। यह सहयोग उद्योग में टेक्नोलॉजी के विकास और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर पैदा करेगा।

### दोनों पक्षों के लिए होगा लाभकारी

एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि हम कनेक्ट, कोलैबोरेट एंड क्रिएट के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। एनआईटीटीटीआर भोपाल ने हमेशा शिक्षा और उद्योग के बीच पुल बनाने की दिशा में काम किया है। प्रभारी निदेशक, डॉ. आरके दीक्षित ने कहा कि इस सहयोग से संस्थान और इंडस्ट्रीज देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों पर, संयुक्त अनुसंधान तथा विभिन्न सहयोग मॉडल जैसे परामर्श, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर कार्य करेंगे, जो दोनों पक्षों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। समन्वयक डॉ. मनीष भार्गव ने सेमिनार की कार्यसूची का विवरण दिया। धन्यवाद ज्ञापन सह-समन्वयक डॉ. सीमा वर्मा द्वारा दिया गया।

## परीक्षा से पहले पेपर का बड़ा लिफाफा खुलने के आरोप को एमपी पीएससी ने नकारा

# एमपी पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025: जिले में 34 केंद्रों पर दो पालियों में 11,431 ने हल किया पेपर

**परीक्षार्थियों ने कहा-पहला पेपर मॉडरेट रहा, दूसरे पेपर में कुछ सवाल कठिन लगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। शहर सहित जिले भर में बनाए गए कुल 34 केंद्रों पर 11,431 परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया। प्रदेशभर में कुल करीब 1,18000 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। प्रदेश में सबसे अधिक इंदौर में 71 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इंदौर में कुल 25,700 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस बीच ग्वालियर में बनाए गए एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा से पहले ही पेपर का लिफाफा खुलने के आरोप लगे, लेकिन एमपीपीएससी के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रही, जबकि दूसरा सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक चला।




राजधानी के शासकीय सुभाष एक्सीलेंस स्कूल से परीक्षा देकर निकलते छात्र।

### परीक्षा की पारदर्शिता पर उठे सवाल

ग्वालियर के एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से पहले आरोप लगाया गया कि एमपीपीएससी की परीक्षा शुरू होने से पेपर का लिफाफा खुला था, इससे परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठाया गया। आरोप लगा कि जिस लिफाफे में पेपर रखे थे, उसका बड़ा लिफाफा पेपर शुरू होने से पहले ही खुला था। इस बीच एमपीपीएससी के इंदौर के ओएसडी डॉ. आर पंचभाई ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि बड़े लिफाके के अंदर एक और लिफाफा था, जिसमें पेपर सुरक्षित रखे गए थे। पेपर के समय ही दोनों लिफाफे खोले गए थे। इसलिए ऐसे आरोप गलत हैं।

### एक घंटे पहले पहुंचे परीक्षा केंद्र

रविवार सुबह 10 बजे से परीक्षा शुरू हुई। इसके लिए परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले ही सुबह 9 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही, जिसके तहत अभ्यर्थियों की गेट पर ही सघन जांच की गई। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों से मोबाइल फोन, की रिंग, गाड़ी की चाबी, गले की चेन, हाथों में बंधे कलावा, कंगन तक उतारने को कहा गया। ड्रेस कोड के तहत केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षार्थियों को केवल काले रंग के पेन के साथ परीक्षा हॉल में जाने दिया गया।

### दिसंबर में आ सकता है रिजल्ट

एमपीपीएससी इंदौर के ओएसडी डॉ. पंचभाई के अनुसार आयोग इस साल दिसंबर तक राज्य सेवा परीक्षा 2023, 2024 और 2025 के अंतिम चयन परिणाम घोषित करने की योजना बना रहा है। मुख्य परीक्षा जून में प्रस्तावित है और इंटरव्यू भी इसी साल कराए जाने की योजना है।

### शहर में प्रमुख केंद्रों पर कितने परीक्षार्थी हुए

- शास. उमावि, आनंद नगर, परीक्षा केंद्र पर 400 परीक्षार्थी
- श्रीएलएस मेमो हायर सेकेंडरी स्कूल, भानपुर में 500 परीक्षार्थी
- शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, बैरागढ़ में 400 परीक्षार्थी
- राजा भोज हायर सेकेंडरी स्कूल, 11 नंबर में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर 350 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### पहला पेपर मॉडरेट, दूसरे के कुछ सवाल थे कठिन



परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों के अनुसार पहले सत्र का पेपर मॉडरेट लेबल का रहा, जबकि दूसरे पेपर में कुछ सवाल कठिन रहे। हालांकि, पेपर सिलेबस के अंदर से ही पूछे गए थे, जिन्हें हल करना आसान रहा। पहला पेपर सामान्य ज्ञान का रहा, जिसमें इस बार थ्योरिटीकल सवाल अधिक पूछे गए। यानी अगर किसी स्थान के बारे में प्रश्न पूछा तो सही जवाब देने के लिए उस स्थान का पूरा विवरण भी पता होना चाहिए था। वहीं, दूसरे पेपर में कुछ सवाल कठिन रहे, लेकिन सिलेबस कवर किया गया था।

**अनिमेश सिंह, परीक्षार्थी, उमावि आनंद नगर परीक्षा केंद्र**

### सिलेबस अनुसार सवाल



पेपर मॉडरेट लेवल का था और इसमें एक सवाल समितियों से संबंधित पूछा गया, जो सिलेबस अनुसार ही था। पेपरटू द पॉइंट था और लैंदी भी रहा।

**सुनील कुमार लोनी,**
**सुभाष एक्सीलेंस स्कूल, परीक्षा केंद्र**

### मप्र के स्थानों के बारे में पूछा



पहले पेपर में मध्यप्रदेश के स्थानों के बारे में कई सवाल पूछे गए थे, जिनका पूर्ण विवरण भी बताना पड़ा, तभी सवाल का सही जवाब माना जाता।

**पिंटू जाटव, सुभाष एक्सीलेंस स्कूल, परीक्षा केंद्र**

# बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन में 15 लाख से अधिक नवसाक्षर शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रदेश में आयोजित बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता परीक्षा में रविवार को करीब 15 लाख लोग शामिल हुए। इस मूल्यांकन के लिए करीब 17 लाख लोगों ने पंजीयन कराए थे। इसमें 15 वर्ष की आयु से लेकर 60 वर्ष तक के नवसाक्षर शामिल हुए। जिन्होंने प्रदेश के करीब 16 हजार सरकारी स्कूलों में बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा दी। खास बात यह भी है कि परीक्षा की ऑनलाइन एंट्री भी की जा रही है। परिणाम जारी होने के साथ ही इन्हें बाकायदा साक्षरता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने के लिए उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिए उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

**लगभग 16 हजार सरकारी स्कूलों को बनाया गया था परीक्षा केंद्र**

# रामचरण महाराज की 305वीं जयंती पर जुटे रामस्नेही संप्रदाय समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक रामचरण महाराज की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। महाराज की 305वीं जयंती पर रविवार को विजयवर्गीय मांगलिक भवन नयापुरा लालघाटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह रामचरण महाराज की आरती से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया किया गया। इसमें गणेश वंदना और सरस्वती वंदना की विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान शाल-श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर बोर्ड एवं विश्वविद्यालय की अंतिम परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

# बढ़ता स्क्रीन टाइम, इंटरनेट से गलत सूचनाएं, आज बड़ी समस्या : डॉ. जैन

- बीएमएचआरसी की मनोचिकित्सक ने बदलती पैरेंटिंग चुनौतियों पर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज भोपाल।



'कोई भी माता-पिता या बच्चा आदर्श नहीं होते। पैरेंटिंग को बच्चे के स्वभाव, जीवन चरण और भावनात्मक-सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार ढालना जरूरी है,' यह कहना है बीएमएचआरसी की सहायक प्रोफेसर डॉ. ज्योत्स्ना जैन का। वह सियन इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि और विशेषज्ञ वक्ता के रूप में बोल रही थीं। उन्होंने आधुनिक पेरेंटिंग की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. जैन ने कहा कि बदलते पारिवारिक ढांचे, खेल के मैदानों की कमी, बढ़ता स्क्रीन टाइम, इंटरनेट से गलत सूचनाएं और समय से पहले किशोरावस्था आज की पीढ़ी के सामने बड़ी समस्याएं बन रही हैं। डॉ. जैन ने कहा कि जहां एक ओर आज के बच्चे माता-पिता के लिए अत्याधिक कीमती हैं, वहीं दूसरी ओर वे बढ़ते बुलिंग, साथियों के दबाव और डिजिटल दुनिया में बढ़ती निर्भरता के कारण सामाजिक रूप से अलग-थलग हो रहे हैं।

# इस्लामिक फाउंडेशन का जलसा 500 विद्यार्थियों को दिए पुरस्कार

उलेमा, राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**ढाई साल के बच्चे से लेकर 70 साल तक की बुजुर्ग ने दी प्रस्तुति**

शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले इस्लामिक आइडियल फाउंडेशन ने वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें जामिया इस्लामिया रेहानतुल हुदा का आधिकारिक उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरित किए गए। सम्मेलन में ढाई साल के नन्हे बच्चों से लेकर 70 साल की बुजुर्ग महिलाओं तक ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खासतौर पर नन्हे अहमद बिन फराज और मोहम्मद बिन दानिश की कुरान तिलावत ने सभा का दिल जीत लिया।




### हरिभूमि के वरिष्ठ पत्रकार वहीद खान सम्मानित



कार्यक्रम में देशभर से आए उलेमा ने अपनी बात रखी। इस मौके पर हरिभूमि के वरिष्ठ पत्रकार वहीद खान का सम्मान भी किया गया।

### शिक्षित बेटियां करेंगी समाज सुधार

फाउंडेशन के निरीक्षक मुफ्ती दानिश नदवी और डायरेक्टर सय्यदा महविश परवेज ने बताया कि यह संस्था धर्म और आधुनिकता के समावेश के साथ जो शैक्षिक और सुधारात्मक सेवाएं प्रदान कर रही है, वह अत्यंत प्रशंसनीय हैं। आलिमा रेहाना साहिबा ने कहा की महिलाओं की शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। अगर हम अपनी बेटियों को शिक्षित करेंगे, तो पूरा समाज सुधर जाएगा।

### तालीम डिग्री नहीं चरित्र निर्माण का जरिया

उलमा-ए-किराम ने अपने बयानों में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति का चरित्र निर्माण करता है और उसे दुनिया व आखिरत दोनों में सफलता की राह दिखाता है।

# एलोपैथी की तरह आयुर्वेदिक पेन मैनेजमेंट का मजबूत होना बेहद जरूरी: डॉ. पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

एलोपैथी की तर्ज पर आयुर्वेदिक पेन मैनेजमेंट को भी और अधिक मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षकों को एक मंच पर आना होगा। यह कहना है आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ राकेश पांडेय का। डॉ. पांडेय ने कहा कि वैसे तो शल्लाकी, जीरा, हल्दी, आजवायन, अदरक, निर्गुण्डी, विडंग, पिप्पली, श्वेतजीरा आदि का विभिन्न योगों में औषधीय उपयोग पेन मैनेजमेंट (दर्द निवारण) में किया ही जा रहा है परंतु अभी भी 100 फीसदी नहीं कह सकते कि आयुर्वेदिक दर्द निवारक अमुक औषधि लेने पर तुरंत कम समय में रिलीफ मिल ही जाएगा। दर्द निवारण पेन मैनेजमेंट पर आयुर्वेदिक रिसर्च भी जारी हैं परंतु आज आवश्यकता है मध्यप्रदेश समेत देशभर के मान्यता प्राप्त 532 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों के 19 हजार से ज्यादा चिकित्सा शिक्षक डॉक्टरों को एक मंच पर लाकर आयुर्वेदिक पेन मैनेजमेंट पर शोधीय कार्य करने की।

**चिकित्सा शिक्षकों को आना होगा एक मंच पर**

### रिसर्च से जोड़ें आयुर्वेद कॉलेजों को

डॉ. पांडेय ने केंद्रीय आयुष मंत्रालय से इस पर गंभीरता के साथ विचार कर रिसर्च में सीसीआरएएस, आईसीएमआर, एम्स, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ सभी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों को जोड़ें। ताकि कैंसर, डॉयबिटीज, हड्डियों से संबंधित रोगों, स्त्री-प्रसूति, बालरोगों के साथ सर्जरी के पश्चात पेन मैनेजमेंट पर आयुर्वेदिक औषधियां कारगर हो सकें।

# एमसीयू में कुलपति के चयन में यूजीसी के मानदंडों का पालन नहीं किया गया: डॉ.मिश्रा

विश्वविद्यालय के विजिटर, कुलाधिपति, भारत के उपराष्ट्रपति ओपी धनखड़ को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चंडीगढ़ के डॉ. आशुतोष मिश्रा ने माखनलाल चतुर्वेदी प्रत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति चयन प्रक्रिया को रद्द करने के लिए कई बार ज्ञापन दिया है। इसमें कहा गया है कि जिस विज्ञापन के माध्यम से जांच और संस्तुति की जा रही है, वह यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं है, इसलिए इसे नए सिरे से विज्ञापित किया जाना चाहिए। अपने कई पूर्व अभ्यावेदनों का हवाला देते हुए डॉ आशुतोष मिश्रा ने 13 फरवरी 2025 को दो अभ्यावेदन भी भेजे हैं, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के उपराष्ट्रपति, पीएमओ, यूजीसी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न अधिकारियों के समक्ष मामला उठाया है कि यूजीसी के मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए। क्योंकि विवि ने एनएएसी से मान्यता प्राप्त की है और इसे यूजीसी की 12वीं स्थिति प्राप्त है।

इसलिए कुलपति के मानदंडों का भी पालन किया होगा, न कि विवि के अधिनियम जो 1990 का था। उन्होंने कहा है कि विजिटर, चांसलर कार्यालय से किसी को भी सर्च कमेटी में नामित नहीं किया गया था। यदि 3 सदस्य जनरल काउंसिल जैसे विभिन्न निकायों में विवि से ही जुड़े हैं तो 2 सदस्य हैं, इसलिए उनकी तटस्थता से समझौता किया गया है। यहां ध्यान रहे कि डॉ. आशुतोष मिश्रा लंबे अरसे से एमसीयू को लेकर विभिन्न अनियमितताओं और धांधलियों को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करते रहे हैं। इन्हीं की शिकायत के बाद डॉ. संजय द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठों को कोर्ट तक जाना पड़ा था।

### एनएसयूआई की प्रतिक्रिया

इस मामले में एनएसयूआई के विवि प्रभारी तनय शर्मा ने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपनी बात रखी है, उन्होंने जो शिकायत की है, उनकी बात में यदि दम है तो जांच होना चाहिए, कहीं भी कोई अनियमिताएं हैं तो प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

**प्रजापति समाज के परिचय सम्मेलन में युवाओं ने दिया परिचय**

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन होने से रिश्ते तय करने में होती है आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वैवाहिक परिचय सम्मेलन होने से समाज को अपने भाई बहिनों के रिश्ते तय करने में आसानी होती हैं। आज के इस आधुनिक जीवन शैली और समय के अभाव के चलते हम हमारे युवक-युवतियों की ओर ध्यान नहीं दे पाते हैं। वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाने से युवक-युवतियों को जानने और पहचानने का मौका मिलता है।

यह बात आदर्श प्रजापति समाज के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुरदास प्रजापति ने रविवार को गांधी भवन में आयोजित 13वां विधवा, विदुर, दिव्यांग, तलाक शुदा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। ठाकुरदास प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज ने इस वर्ष निर्णय लिया है कि युवक युवती परिचय सम्मेलन साथ ही जो समाज में विधुवा, विदुर, दिव्यांग, तलाक शुदा, युवक युवती है उन्हें भी शामिल किया जाएगा ताकि उन्हें भी जीवन साथी मिल सकें। बाकी जिन्दगी वह खुशहाली जीवन जी सकें। सम्मेलन में प्रजापति समाज के जिन बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उनको अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



### युवतियां बोलीं-पत्नी की इज्जत करना वाला हो पति

सम्मेलन में विवाह पत्रिका का विमोचन कर 70 से अधिक युवक तथा युवतियों ने अपना-अपना परिचय दिया। सम्मेलन में तलाकशुदा, अधिक आयु वाले, विधवा-विधुर, दिव्यांग काफी संख्या में शामिल हुए। मंच पर परिचय देते हुए युवतियों ने कहा कि उन्हें ऐसा पति चाहिए जो उनको मान सम्मान के साथ उनकी भवनाओं को समझे।


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

अधिकारियों की छुट्टी कैंसिल, आरपीएफ बल तैनात, सीसीटीवी से स्टेशनों की हो रही निगरानी

# दिल्ली हादसे से सबक... भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर अलर्ट

**स्टेशनों पर सात से आठ घंटे इंतजार कर रहे यात्री, कई ट्रेनें लेट**

**महाकुंभ की भीड़: एसी-स्लीपर कोच बने जनरल, ट्रेन में लटककर कर रहे यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद भोपाल रेलवे मंडल भी सतर्क है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी छुट्टियों में भी स्टेशन पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। भोपाल, रानी कमलापति और संत हिरदाराम स्टेशन पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। स्टेशनों पर किसी भी तरह की अफरा-तफरी न हो, इसके लिए रेलवे फुटओवर ब्रिज पर भी आरपीएफ और जीआरपी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रयागराज जाने के लिए चल रही सभी स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर विशेष तौर पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। भोपाल मंडल से रोजाना 40 से अधिक कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जिससे यात्रियों की भारी भीड़ स्टेशनों पर उमड़ रही है। मंडल के हर स्टेशन से सीसीटीवी फुटेज, फोटो और वीडियो मंगवाकर निगरानी बढ़ा दी है। रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्टेशन पर भीड़ बढ़ते ही तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों से भी अपील की जा रही है कि वे अनावश्यक भीड़ न करें और स्टेशन पर प्रशासन का सहयोग करें, जिससे यात्रा सुगम और सुरक्षित बनी रहे।

हरिभूमि लाइव


भोपाल स्टेशन


भोपाल स्टेशन


रानी कमलापति स्टेशन

## प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का रूट परिवर्तित

- गाड़ी संख्या 15017 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस
- गाड़ी संख्या 11071 लोकमान्य तिलक-बलिया एक्सप्रेस
- गाड़ी संख्या 22129 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस
- गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस
- गाड़ी संख्या 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस
- गाड़ी संख्या 22130 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस

### स्टेशन स्टाफ को खास निर्देश

*स्टेशन स्टाफ को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्हें कहा गया है कि अगर कहीं भीड़ ज्यादा हो, तो तुरंत अधिकारियों को बताएं। स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से प्लेटफार्म तक पहुंचाने के लिए गाइडलाइन का पालन करने को कहा गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

**नहीं खोले गेट**

अपने परिवार के साथ प्रयागराज जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची, लेकिन इन ट्रेनों के गेट ही नहीं खुले, जिसके चलते ट्रेन में नहीं चढ़ सके। भीड़ ज्यादा होने के कारण हम जैसे कई अन्य यात्री रिजर्वेशन होने के बाद भी ट्रेन में नहीं बैठ पाए।

**श्याम मिश्रा, यात्री**

**ट्रेन आते ही हो जाती है अफरा-तफरी**

भीड़ ज्यादा और ट्रेन कम होने से अफरा तफरी बनी रहती है। ट्रेनों को बढ़ाया जाए, क्योंकि भीड़ ज्यादा होने से हम लोग टेन में ही नहीं चढ़ पाए। अब दूसरी ट्रेन के इंतजार में सात घंटे से स्टेशन पर हम सभी जमीन पर बैठे हुए हैं।

**मोहन यादव, यात्री**

### भोपाल स्टेशन: समय दोपहर तीन बजे

भोपाल रेलवे स्टेशन से प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ कम नही हो रही। रविवार को कुंभ यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई। ट्रेन आने के समय प्लेटफॉर्म से लेकर पटरियों तक श्रद्धालुओं का हुजूम था। ट्रेन आने बोगियों में घुसने के लिए यात्रियों को जमकर जद्दोजहद करनी पड़ी। परिवार साथ प्लेटफार्म में खड़े बच्चे स्टेशन का हाल देख सहमे हुए थे। जीआरपी और आरपीएफ पुलिस यात्रियों को सुविधाजनक तरीके से बोगी में ले जाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण भगदड़ के हालात बने हुए थे और स्थिति यह थी कि कई बोगियों के दरवाजे ही नहीं खुले और कुछ देर रुकने के बाद ट्रेन रवाना हो गई।

### समय शाम 5.30: रानी कमलापति स्टेशन

रानी कमलापति स्टेशन पर महाकुंभ में जाने वालों की भीड़ थमने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां से प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख की भीड़ इटारसी, रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर होते हुए प्रयागराज महाकुंभ पहुंच रही है। स्टेशन के अधिकारी हो या पुलिस व यात्री सब परेशान नजर आ रहे हैं। ट्रेन 10 से 12 घंटे लेट होने के कारण यात्री स्टेशन पर सो रहे है। रात 10 बजे रीवांचल ट्रेन के आने पर आरपीएफ व जीआरपी को भीड़ नियंत्रण करने के लिए खासी मशक्कत करना पड़ी। लगातार अनाउंसमेंट किए जा रहे हैं। कोई भी ट्रेन आने और जाने के समय हर कोच के आगे एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी है, ताकि लोग असुरक्षित तरीकों से ट्रेन के पास में न जाएं।

### टिकट जनरल का यात्रा एसी कोच में

भोपाल और रानी कमलापति स्टेशनों पर महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण ट्रेनों में अफरा-तफरी जैसा माहौल है। ज्यादातर यात्री जनरल या स्लीपर कोच का टिकट खरीदकर एसी कोच में यात्रा कर रहे हैं। हालात यह हैं कि एसी कोच जनरल डिब्बा बन गया है। कई यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के गेट पर लटक कर यात्रा कर रहे हैं। रेलवे ने भले ही स्पेशल ट्रेनें चलाई हों, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने में वह नाकाम रही है। स्टेशनों पर सुरक्षा के इंतजाम भी उतने पुख्ता नहीं दिख रहे हैं। यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### स्टेशनों पर पुख्ता इंतजाम

भोपाल, कमलापति और संत हिरदाराम स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आरपीएफ के जवान चौबीसों घंटे स्टेशनों पर पेट्रोलिंग, ट्रेनों में, मार्च पास्ट, बैग चेकिंग और विस्फोटक व ज्वलनशील पदार्थों की जांच कर रहे हैं। मंडल के 375 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशनों और ट्रेनों में भीड़ और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रानी कमलापति स्टेशन से प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

**सौरभ कटारिया**, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

ईडी कर रही भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर में सर्चिंग

## ईसीआईआर में दर्ज नामों के आधार पर आरोपियों की होगी गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सौरभ शर्मा केस में ईडी मुख्य रूप से मनी लॉड्रिंग की जांच कर रही ह। ईडी ने इस मामले में पीएमएलए के तहत जो इनफार्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट , ईसीआईआर दर्ज की गई है। उसमें सौरभ, चेतन और शरद के बयानों पर परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को सह आरोपी बनाया है जो भ्रष्टाचार की कमाई का खपाने का काम कर रहे थे। इसी सिलसिले में ईडी आरोपियों की तलाश में भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर सहित कई स्थानों पर सर्चिंग कर रही है।

रविवार को ईडी की एक टीम जबलपुर में रहने वाले सौरभ के साले रोहित तिवारी और ग्वालियर में एक कारोबारी की तलाश कर रही है। ईडी की ईसीआईआर में सौरभ की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या, सास लेखा तिवारी, साले रोहित तिवारी, रोहित की पत्नी अनुभा, शरद की मां कृष्णा, जीजा विनय आसवानी सहित दर्जन भर लोगों के नाम सह आरोपी के तौर पर जोड़े गए हैं। ईडी ने आरोपियों पर गिरफ्तारी का शिकंजा कस दिया है। मामले में ईडी ने आईटी और डीआरआई से भी मदद मांगी है।

### मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में आई तेजी

*ईसीआईआर में ईडी को मनी लॉड्रिंग की जांच में ज्यादा अधिकार मिले हुए हैं। इसमें बिना कोई नोटिस या पूर्व सूचना के ईडी आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है। इसके अलावा आरोपी को उसके द्वारा किए गए अपराध में दर्ज ईसीआईआर की कापी देना भी अनिवार्य नहीं है। सौरभ शर्मा केस में ईडी ने मनी लॉड्रिंग का खुलासा करने की तैयारी में है। छापे में मिली डायरी में दर्ज हाईप्रोफाइल नामों की तस्दीक भी हो चुकी है। इसमें उच्च स्तर के कई अफसर और नेता नप सकते हैं। इधर, ईसीआईआर में दर्ज नामों की भनक लगते ही सौरभ शर्मा के कई रिश्तेदार और करीबी अंडग्राउंड हो गए हैं।*

### आईटी और डीआरआई से भी मांगी मदद

*अभी तक सौरभ शर्मा और उसके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के 55 करोड़ की संपत्ति अटैच हो चुकी है। इधर, ईडी की टीम ने इनकट टैक्स और डीआईआई से भी इस मामले में संपर्क किया है। यह इस लिए क्योंकि इनोवा में मिले 11 करोड़ केश की जांच आयकर विभाग कर रहा है। वहीं उसमें मिले 50 किलो ग्राम सोने की जांच डीआरआई के हवाले है।*

### रिमांड पूरी, आज होंगे पेश

सोमवार को सौरभ सहित तीनों आरोपियों की 7 दिन की रिमांड पूरी हो जाएगी। इसलिए ईडी आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। वहीं रिमांड बढ़ाने का भी आवेदन दिया जा सकता है। सौरभ ने भ्रष्टाचार के खेल में जिन लोगों के नाम लिए है, ईडी उनको अरेस्ट कर आमने सामने पूछताछ करना चाहती है।

राजधानी में रात का तापमान लगातार बढ़ने से सर्द हवा का असर कम, दो दिन बाद हो सकती है गिरावट

## धूप की गर्मी: सुहाने मौसम में पिकनिक स्पॉट्स फुल, सिवनी में पारा 34 तो भोपाल में 31 डिग्री पर


स्थान: छोटा तालाब, समय: शाम 5 .45 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को भी रात के तापमान में बढ़त रही। वहीं, दिन के पारे में उतार चढ़ाव दर्ज किया गया। प्रदेशभर में मौसम साफ रहने से धूप खिली, जिससे औसत तापमान में बढ़त दर्ज की गई।

प्रदेश में सबसे गर्म सिवनी में दिन का पारा 34.2 और मंडला में 34 डिग्री तक पहुंच गया है। भोपाल में एक डिग्री की कमी के साथ अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक रहा, जो नॉर्मल से ढाई डिग्री अधिक है। रात का पारा 14.4 डिग्री रहने से रात में सर्द हवाओं का असर कम रहा। शहर में रविवार सुबह से धूप खिली, दोपहर बाद हवाएं मध्यम गति की रफ्तार पर रहने से मौसम सुहाना बना रहा। इससे शहर के पिकनिक स्पॉट्स पर भी आम दिनों की अपेक्षा अधिक रौनक रही।

### यहां अधिक रहे सैलानी

*रविवार को अवकाश और सुहाने मौसम का आनंद लेने के लिए सैलानियों ने शहर के अंदर और आसपास के पिकनिक स्पॉट्स का रुख किया। सबसे अधिक सैलानी बोट क्लब और चिड़ियाटोल पर रहे। इसके बाद वनविहार और सैरसपाटा से होकर गुजरने वाले सैलानियों ने यहां झील के किनारे मौसम का लुत्फ लिया। सैलानी राजेश शर्मा ने बताया कि संडे को सुबह से घूमने फिरने का प्रोग्राम परिवार ने बनाया था। इसके लिए हम वनविहार आए और सैरसपाटा भी देखा। बोट क्लब पर पहुंचे जयसिंह सूर्यवंशी और अशोक कुमार ने बताया कि यहां दोपहर बाद पहुंच और घूमने का आनंद ले रहे हैं। ढलते सूरज के साथ कई सैलानी यहां सेल्फी भी लेते दिखे, जबकि कई सैलानियों ने बोटिंग का आनंद भी लिया।*

## जबलपुर और उज्जैन में बनेगा चिड़ियाघर सह रेस्क्यू सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के उज्जैन एवं जबलपुर में अगले वित्त वर्ष में चिड़ियाघर बनाए जाएंगे। इसकी मंजूरी राज्य सरकार से मिल गई है।

जबलपुर वनमंडल के परिक्षेत्र जबलपुर में स्थित संग्राम सागर क्षेत्र में चिड़ियाघर सह रेस्क्यू सेंटर बनेगा, जबकि उज्जैन में महाकाल मंदिर से 10 किमी दूर वनक्षेत्र में करीब ढाई सौ हैक्टेयर में चिड़ियाघर बनाया जाएगा। जबलपुर में यह जू मदन महल पहाड़ी एरिया के 215 हैक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसमें 148 हैक्टेयर क्षेत्र वन विभाग का एवं 67 हैक्टेयर क्षेत्र जबलपुर स्मार्ट सिटी के आधिपत्य वाला है। इस चिड़ियाघर को बनाने में करीब सौ करोड़ रुपयों का व्यय आएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव घोषणा कर चुके हैं कि सभी संभागीय मुख्यालयों में रेस्क्यु सेंटर बनाए जाएंगे। इसी क्रम में प्रारंभिक चरण में जबलपुर और उज्जैन में चिड़ियाघर सह रेस्क्यू सेंटर का निर्माण प्रस्तावित है।

साल में दो बार की जाती है गणना, इसके बाद 29 अप्रैल से होगी

## आज से पूरे प्रदेश में की जाएगी गिद्धों की गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 पूरे प्रदेश में 17 फरवरी से प्रारंभ होगी जो दो चरणों में की जाएगी। गिद्दों के आंकलन की गणना वर्ष में दो बार की जाती है।

शीतकालीन गिद्ध गणना 17, 18 एवं 19 फरवरी को होगी और ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 29 अप्रैल को की जाएगी। शीतकालीन गिद्ध गणना सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगी। ऐसे स्थान जहां पर ऊंची चट्टान है, उन स्थानों पर अधिकतम 9 बजे तक गणना की जा सकती है। केवल बैठे हुए गिद्धों की गणना की जाएगी। गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 के लिए 11 मास्टर ट्रेनर की ओर से 16 वन वृत्त में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 27, 29 एवं 31 जनवरी को किया गया। प्रशिक्षण में 900 से अधिक वन अधिकारी-कर्मचारियों, गिद्ध विशेषज्ञों और पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया। प्रदेश में गिद्धों के संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के अनुश्रवण के लिए एवं गिद्ध गणना वर्ष 2024-25 की पद्धति पर विचार करने के लिए, तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक 20 जनवरी को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) की अध्यक्षता में की गई। गिद्ध की गणना के लिए प्रपत्र 1, 2, एवं 3 का उपयोग किया जाएगा और सम्पूर्ण जानकारी डिवीजन स्तर पर प्रपत्र-3 में कार्यालय दिवस में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) को एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल को ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।



**केवल बैठे हुए गिद्ध ही गिनेंगे**

प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को मिलेगी नई पहचान

## जीआईएस में ओडीओपी एक्स-पो से लोकल उत्पादों को मिलेगा ग्लोबल मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एक्स-पो माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच देने जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। एक्स-पो न केवल हमारे कारीगरों के कौशल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि उन्हें नए व्यावसायिक अवसर भी प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में आयोजित होने वाली 2 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 'एक जिला-एक उत्पाद' एक्स-पो प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें मप्र के विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय शिल्प, कृषि और खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

### ओडीओपी जोन- परंपरा और नवाचार का संगम


जीआईएस को लेकर पूरे शहर को सजाया जा रहा है। चित्र न्यू मार्केट के अपेक्स बैंक चौराहे का।

एक्स-पो में प्रदेश के 38 ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया है। लाइव काउंटर में बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को कारीगरों द्वारा लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रतिनिधि और अतिथि कारीगरों के मार्गदर्शन में खुद भी इन उत्पादों को बनाने का अनुभव ले सकेंगे। 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल जोन' मानव संग्रहालय में मिट्टी के बर्तन और धातु कला के लाइव काउंटर भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

### खाद्य और कृषि उत्पादों की झलक

*एक्स-पो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 32 ओडीओपी स्टॉल पर उनकी निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया जाएगा। यहां प्रतिनिधि इन्हें न केवल देख और समझ सकेंगे, बल्कि खरीद भी पाएंगे। साथ ही 16 लाइव काउंटरों पर मप्र की कला और शिल्प का प्रदर्शन होगा, जहां अतिथि स्वयं इस प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे।*

### कारीगरों के भविष्य को नई दिशा

*एक्स-पो कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगा। प्रत्येक काउंटर पर आने वाले आगंतुकों का डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे भविष्य में बी-टू-बी और बी-टू-सी नेटवर्किंग के माध्यम से कारीगरों को बाजार से जोड़ा जा सके। इस डेटा प्रबंधन की जिम्मेदारी भोपाल के प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्रों को दी गई है, जिससे उन्हें भी व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।*

### स्थानीय उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ओडीओपी एक्स-पो न केवल मध्यप्रदेश के शिल्प और उत्पादों को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा, बल्कि कारीगरों और निवेशकों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका भी निभाएगा।*

**देश के 152 नगरों में 18 फरवरी से होगी शुरुआत मप्र के 10 नगर शामिल**

# नक्शा कार्यक्रम शहरी भूमि रिकॉर्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में लाएगा क्रांति, मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री रायसेन से आज करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने डिजिटल इंडिया लैंड रिकाड्र्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत नक्शा (एनजीकेएलएसयूएच) कार्यक्रम शुरू किया है। उद्देश्य शहरी भूमि रिकॉर्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में क्रांति लाना है।

साथ ही शहरी भूमि रिकॉर्ड्स के लिए एक सटीक और व्यापक भू-स्थानिक डाटाबेस तैयार करना है। यह कार्यक्रम हवाई और जमीनी सर्वेक्षणों को उन्नत जीआईएस तकनीक के साथ जुड़कर भूमि प्रशासन को बेहतर बनाएगा। संपत्ति स्वामित्व रिकॉर्ड्स को आसान करेगा और शहरी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद करेगा। सटीक भू-स्थानिक डेटा से निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहतर होगी, भूमि उपयोग योजना अधिक प्रभावी बनेगी और संपत्ति से जुड़े लेन-देन आसानी से किए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ड्रोन की उड़ान के साथ 18 फरवरी को रायसेन जिले से नक्शा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रदेश में वाटरशेड यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। नक्शा कार्यक्रम को देश के 152 नगरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जा रहा है, जिसमें मप्र के 9 जिलों के 10 नगर (शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर (बाबई), विदिशा, सांची, उन्हेल) भी शामिल हैं।

**सटीक और व्यापक भू स्थानिक डाटाबेस तैयार करना भी है कार्यक्रम का उद्देश्य**

## उन्नत जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शहरी भूमि सर्वेक्षण को आधुनिक बनाया जाएगा

आयुक्त भू-अभिलेख अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि नक्शा कार्यक्रम, भूमि संसाधन विभाग केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल है। इसका प्रमुख उद्देश्य उन्नत जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी का उपयोग करके शहरी भूमि सर्वेक्षण को आधुनिक बनाना है। यह कार्यक्रम नगरीय भू -प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, कुशल और सटीक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नक्शा कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं

*नक्शा कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में शहरी क्षेत्रों के लिए भू-स्थानिक मैपिंग करना, आधुनिक भूमि सर्वेक्षण तकनीकों का प्रयोग करना है। इससे अदालती मामलों, कानूनी दस्तावेजीकरण और ऐतिहासिक भूमि डेटा विश्लेषण में सहायता मिलेगी। त्वरित और अधिक प्रभावी शहरी योजना में सटीक भूमि डेटा से बेहतर जोनिंग, बुनियादी ढांचे के विकास और शहरी विस्तार में न्यूनतम देरी होगी, परिवहन योजना आवासीय परियोजनाओं और सतत शहरी विकास में सहायता मिलेगी। आपदा प्रबंधन योजना को अधिक प्रभावी बनाएगा। प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और शहरी निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। साथ ही संपत्ति लेन-देन और ऋण प्राप्ति को सरल बनाएगा। नक्शा कार्यक्रम से पारदर्शिता और शासन में सुधार होगा, इसमें रियल टाइम, शुलभ डिजिटल प्रणाली धोखाधड़ी पर अंकुश लगाएगी। इसके साथ ही नक्शा कार्यक्रम के क्रियान्वयन से रियल स्टेट और बुनियादी ढांचा को बढ़ावा मिलेगा।*

## खबर संक्षेप



### बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की मंत्री ने की समीक्षा

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि शिक्षा की बेहतरी के लिए स्कूलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी वाटसअप ग्रुप तैयार करें, जिसमें प्रतिदिन की गतिविधियों का अपडेट और निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार की जाए। मंत्री सिंह रविवार को नरसिंहपुर में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भी मौजूद थे। मंत्री सिंह ने कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण का कैलेंडर बनाया जाए और उसके अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जिले में 87 परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा संचालित होंगी। जिले में इस वर्ष 27 हजार 342 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। मंत्री सिंह ने अधिकारियों को नकल रोकने की सख्त व्यवस्था के निर्देश दिए।

### ग्रापं में स्ट्रीट लाइट पेमेंट में चल रही अनियमिताएं

**औबेदुल्लागंज।** जनपद औबेदुल्लागंज में ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है, एक सरपंच ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि एक बड़े अधिकारी द्वारा चुने हुए ठेकेदार सब पंचायत में लाइट लगा रहा है, जिसकी कीमत लगभग 2000 है, परंतु बिल भुगतान 10000 किया जा रहा है। कुछ पंचायत में लाइट लगने के 15 दिन में ही खराब हो गई, जो आज तक नहीं सुधरी। राजकुमार ने बताया कि हमारे गांव में लाइट लगने के 7 दिन बाद खराब हो गई। 1 साल बाद भी भी नहीं सुधारी। जनपद के अधिकारी, ठेकेदार, सरपंच सचिव मिलकर अनियमितताएं कर रहे हैं, वहीं जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि मुझे शिकायतें मिली है। मैं जांच करवाती हूं। वहीं जनपद पंचायत सीईओ वृंदावन मीणा ने कहा कि मुझे भी शिकायत मिली है। मैं स्वयं जाकर देखता हूं।

### औबेदुल्लागंज नगर के नाम परिवर्तन की मांग

**औबेदुल्लागंज।** नगर का नाम परिवर्तन करने की मांग फिर जोर पकड़ रही है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष सचिन राजपूत ने वीडियो जारी कर नगर औबेदुल्लागंज का नाम सीताराम नगर करने की अपील की है। सीताराम नगर संघर्ष समिति के राहुल राजपूत ने बताया कि करणी सेना जिला अध्यक्ष ने एक लेटर लिख कर शासन प्रशासन से औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बीते माह सीताराम नगर संघर्ष समिति ने भाजपा जिला अध्यक्ष को नगर का नाम परिवर्तन करने के लिए निवेदन दिया था। जुलूस निकाल कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। कुछ लोगों का कहना है कि नगर का नाम हिरानिया किया जाए, क्योंकि नवाबों के शासन के पहले नगर को हिरानिया नाम से जानते थे। बीते महा नगर परिषद की बैठक में भी नगर का नाम परिवर्तन करने का मुद्दा उठा था। कुछ सूत्रों की माने तो जानकारी ये है कि औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन कर फाइल ऊपर गई है।

### खजूरी सड़क गल्ला मंडी के सामने टहलने निकले बुजुर्ग के साथ हादसा

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सत्तर साल के बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क गल्ला मंडी के सामने रविवार सुबह अज्ञात वाहन ने 70 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को सड़क सड़क से उठाकर अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार बैरागढ़ कलां निवासी 70 साल के घासीराम भार्गव प्रतिदिन की तरह रविवार सुबह घर से टहलने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। करीब 11 बजे उन्हें खजूरी सड़क इलाके में गल्ला मंडी के के सामने घायल अवस्था में देखा गया। वे सड़क पर पड़े हुए थे। उनके सिर में गंभीर चोट थी, जबकि दोनों पैर टूट गए थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद घासीराम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। घासीराम के पास मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान की। हालांकि आसपास के दुकान वालें भी घासीराम को पहचानते थे।




**घायल वृद्ध को अस्पताल में कराया था भर्ती**

### पिकअप वाहन की टक्कर से मौलाना की मौत

*बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल रोड जिओ पेट्रोल पंप के सामने शनिवार शाम करीब पौने 6 बजे पिकअप वाहन ने बाइक सवार मौलाना को टक्कर मार दी। हादसे में मौलाना को गंभीर चोट आई थी। उन्हें बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के समय करोंद निवासी मौलाना बैरसिया से रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी चालक पर कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मोहम्मद अली पिता अली मोहम्मद (30) मुल्ला कॉलोनी, करोंद में रहते थे।*

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित न्यू अशोका गार्डन में एक युवक रोहित कनोजिया पिता राजेंद्र कनोजिया (32) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह नशे का आदी था और एक महीने पहले नशा मुक्ति केंद्र से घर लौटा था। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रोहित लाउंड्री का काम करता था। परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात रोहित अपने कमरे में था। शनिवार सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे थे। इस दौरान पता चला कि उसने चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है।

### शादी नहीं हुई, युवक ने लगाई फांसी

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर झुग्गी में शनिवार सुबह एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। उसके पास पुलिस से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार प्रदीप गिरी पिता शिवजी गिरी (26) झुग्गी भीम नगर में रहता था और मेडिकल स्टोर पर काम करता था। करीब तीन महीने पहले उसका काम छूट गया था। वह बेरोजगार था। परिजन ने बताया कि बेरोजगारी के कारण वह तनाव में रहने लगा था। बेरोजगारी के कारण उसकी शादी तय नहीं हो रही थी। इस बात को लेकर वह चिंतित था।

### बाइक सवार की मौत

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित नेताजी कॉलोनी में शनिवार शाम सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक सवार घुस गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामफूल कटेरा पिता कन्हैयालाल कटेरा (45) मूलतः राजगढ़ में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शनिवार शाम वह नजीराबाद स्थित नेताजी कॉलोनी से गुजर रहा था। इस दौरान हादसे का शिकार हो गया।

# गला दबाकर की थी युवक की हत्या अज्ञात पर हत्या का प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

पुलिस को मृतक की पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सोनू गुप्ता (30) कृष्णा कॉलोनी गौतम नगर में रहता था और बर्तनों की पॉलिश का काम करता था। गत सोमवार को वह दुकान नहीं पहुंचा। दो दिन बाद भी वह दुकान नहीं पहुंचा तो मालिक ने कर्मचारियों के उसके घर भेजा। घर के गेट पर बाहर से ताला बंद मिला।

### घर का ताला तोड़ा

*संदेह होने पर कर्मचारियों ने ताला तोड़ा तो अंदर सोनू की लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट मिलने पर पता चला कि सोनू की गला दबाकर हत्या की गई है। हत्या के बाद हत्यारे ने बाहर से ताला लगा दिया था। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या किसी करीबी ने की है।*

# फ्लैट के लिए पति कर रहा था पैसों की मांग प्रताड़ित होकर लगाई थी पत्नी ने फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बैरागढ़ कलां में गत 31 जनवरी को फांसी लगाने वाली नवविवाहिता के पति के खिलाफ पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने जांच एसीपी बैरागढ़ को सौंपी थी।

जांच में यह बात सामने आई कि पति उसे शादी के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहा था। वह फ्लैट के लिए दस लाख रुपए की मांग कर रहा था। बैरागढ़ पुलिस के अनुसार करौदिंया गांव निवासी 24 वर्षीय वर्षा रजक की दिसंबर 2022 में बैरागढ़ कलां निवासी सुनील रजक उर्फ गब्बर से शादी हुई थी। गब्बर सिंह बर्तन की दुकान में काम करता है। दोनों की 1 साल की बेटी है। 31 जनवरी को वर्षा ने घर में छत पर फांसी लगा ली थी। घटना के समय पति काम पर गया था, जबकि घर पर सिर्फ वर्षा और उसकी ननद थी। वर्षा के परिजन ने अपने बयानों में बताया कि गब्बर दहेज में बोलेरो कार की मांग कर रहा था। बाद में वह फ्लैट के लिए पैसा मांगने लगे। इसके लिए वह वर्षा के साथ मारपीट करता था। वर्षा ने सुसाइड के तीन दिन पहले अपनी भाभी को कॉल कर बताया था कि पति गब्बर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने मायके ले जाने की गुहार लगाई थी। परिजन उसे लेने आने वाले थे, इससे पहले उसने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने गब्बर को गिरफ्तार कर लिया है।

# महिला से साढ़े तीन किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक महिला गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से साढ़े 3 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्तूरबा अस्पताल के पास एक महिला पीली-सफेद रंग की साड़ी पहने हुए है। उसके पास प्लास्टिक की थैले में गांजा है। वह ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने संदिग्ध महिला को अभिरक्षा में लिया। उसने अपना नाम बतासी उर्फ रेशम पत्नी सुरेश गौर (55) फ्रीगंज मंडी जिला सीहोर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास थैले से दो पैकेट मिले जिसमें गांजा रखा हुआ था।

### बढ़ते अपराधों पर लगाई जाएगी लगाम

# पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए चलाया जांच अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागज थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध व सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि करीब दो दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन के कागजात की जांच की गई। इस दौरान बिना नंबर प्लेट दो पहिया वाहनों चालकों को समझाईश देकर छोड़ गया। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया।

राम कथा महिला मंडल के तत्वावधान में पुरानी कन्य शाला स्टेशन रोड में हो रहा आयोजन

# सबके राम, सबमें राम भजन संध्या में गूंजा 'जय श्रीराम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

सबके राम, सबमें राम भजन संध्या का आयोजन राम कथा महिला मंडल के तत्वावधान में 9 दिनों तक पुरानी कन्य शाला स्टेशन रोड में हो रहा है। चौथे दिन भजन संध्या की प्रस्तुति दी गई। जिसमें 15 वर्षीय बिटिया आहना, 9 वर्षीय सुदीक्षा पाठक व 8 वर्षीय श्लोका पाठक ने अपने पिता कृष्णगोपाल पाठक के साथ प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कथा पंडालजय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, पूर्व महासंघ अध्यक्ष अशोक मित्तल, सुरजीत सिंह गिल, जेपी शर्मा, सुरजीत बिल्ले, विद्या अग्रवाल, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, विवेक मित्तल, राजकुमारी मित्तल, हेमलता चौरसिया, रानू मित्तल, आरती यादव, साहिब सिंह चौहान, मनोज चौरसिया, राजू भाई पटेल, राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी सहित सामाजिक संगठन, पार्षद व पत्रकारों ने पाठक परिवार को शुभकामनाएं दी।



### श्रीराम कथा में सुनाया विश्वामित्र प्रसंग



पुरानी कन्याशाला, बाल बिहार स्टेशन रोड पर महिला भजन मंडल की श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी (मानस सुमन) ने विश्वामित्र आगमन का वर्णन किया। कथा में शिक्षा का प्रदान किया गया। इस अवसर पर, श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया और भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को सुना। कथा के दौरान पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन के मूल्यों व आदर्शों के बारे में बताया। कथा वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा।

### कंपनी कर रही सुरक्षा की अनदेखी

# मकान निर्माण की मंजूरी नहीं, बिछा रहे पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में गेल गैस कंपनी गैस पाइपलाइन बिछा रही है, जो नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। कॉलोनियों के लोगों का कहना है कि जिन कॉलोनियों में नगर परिषद मकान निर्माण की परमिशन नहीं दे रही है, उन कॉलोनियों में पाइपलाइन बिछाने की परमिशन किस हिसाब से दी गई है। गेल गैस पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय नहीं कर रही है।

कई जगहों पर पाइपलाइन को असुरक्षित तरीके से बिछाया गया है, जिससे खतरा बढ़ गया है। कंपनी द्वारा रहवासी इलाकों में बिना सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर काम किया जा रहा है। गेल गैस कंपनी पर स्थानीय लोगों के साथ उचित संवाद नहीं करने और उनकी शिकायतों को अनसुना करने के भी आरोप हैं। कई जगहों पर लोगों ने कंपनी के नियम विरुद्ध काम की शिकायत की है।



### लोक निर्माण मंत्री ने इंदौर में की निर्माण कार्यों की समीक्षा

# सड़कों के निर्माण को समय-सीमा में पूरा करें, टाइम एक्सटेंशन नियमों को अधिकारी सख्त बनाए: सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि सड़कों के निर्माण को समय-सीमा में पूरा किया जाए। निर्माण कार्य में विलंब उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि टाइम एक्सटेंशन नियमों को अधिकारी सख्त बनाए। उन्होंने विलंब से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई और समय सीमा निर्धारित करने तथा टाइम एक्सटेंशन नियमों को सख्त बनाने के निर्देश दिए। सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों और अधिकारियों को कहा।

लोक निर्माण मंत्री सिंह रविवार को इंदौर में इंदौर संभाग की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि लोक निर्माण का अर्थ लोक कल्याण है और समाज में इंजीनियर एक महत्वपूर्ण घटक है। छोटा या बड़ा कोई भी इन्फ्रास्ट्रक्चर बगैर इंजीनियर की भूमिका के संभव नहीं है। इंजीनियर समाज की एक महत्वपूर्ण इकाई है।

### साइट पर जाकर फिजिकल मॉनिटरिंग करें



सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य में गुणवत्ता लाएं, कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इंजीनियर साइट पर जाकर फिजिकल मॉनिटरिंग करें और ठेकेदार भी अपने कार्य के पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लाएं। जो अधिकारी या ठेकेदार निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करेगा। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जो समय पर अच्छा कार्य करेगा ऐसे अधिकारियों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में देरी पर सख्त निर्देश

*मंत्री सिंह ने इंदौर-देवास रेल सेक्शन के एलसी-55 शहरी मार्ग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में देरी पर सख्त निर्देश दिए और रेलवे के साथ समन्वय कर इसे तय समय सीमा में पूरा करने को कहा। इसी प्रकार सांवेर रोड मुख्य जिला मार्ग पर मांगलिया रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को भी समय पर पूरा करने और तीन माह बाद इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए। इंदौर के क्रिस्टल आईटी पार्क चौराहे पर सिक्स लेन फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य निर्माण संबंधी निर्देश दिए गए।*

### उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

# बिहार की बेटी स्नेहा की मौत के विरोध में निकाला कैंडल मार्च




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिहार की बेटी स्नेहा सिंह कुशवाहा की संदिग्ध मौत के विरोध में मप्र प्रांतीय कुशवाहा समाज ने रविवार को कैंडल मार्च निकाला। समाज के प्रदेशाध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के लोग प्लेटिनम प्लाजा से लेकर रोशनपुरा चौराहे तक हाथों में तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए पैदल चले। मौत की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग की। कुशवाहा ने बताया कि बेटी स्नेहा सिंह कुशवाहा की वाराणसी में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उत्तर प्रदेश सरकार मामले को गंभीरता से ले और उच्च जांच करें।

# मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पथ संचलन पर फूल बरसाता हूं, लेकिन भाजपा में कभी नहीं जाऊंगा

### टिमरनी के कांग्रेस विधायक शाह ने कहा, पिता कांग्रेसी थे, मैं भी हमेशा रहूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मैंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पैटर्न पर अपना चुनाव लड़ा। संघ के पथ संचलन पर फूल भी बरसाता हूं, लेकिन मैं कभी भी भाजपा में नहीं जाऊंगा। यह कहना है टिमरनी से कांग्रेस के विधायक अभिजीत शाह का। हरिभूमि से खास बातचीत करते हुए शाह ने कहा कि टिमरनी क्षेत्र की जनता का विकास कैसे करना है, उनके मस्तिष्क में सब बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार विधायक जरूर बना हूं, लेकिन जनता के मुद्दों को जानता हूं और उनके निराकरण को भी। मेरे पहले के विधायकों के कार्यकाल के काम और मेरे 16 महीने के कार्यकाल में हुए काम का फर्क जनता को साफ दिखाई दे रहा है। बरसों से बंद कृषि उपज मंडी मेरे कार्यकाल में प्रारंभ हो पाई है। पिछले बजट सत्र में 32 कटौती प्रस्ताव उनके द्वारा लगाए गए, जिसमें हरदा जिले की मांगों का उल्लेख है। मैंने विधानसभा में रातामाटी-बिटिया की सड़क संबंधी याचिका भी लगाई है। विधायक निधि से पानी के टैंकर ग्रांप में दिए जाते हैं, लेकिन मैं मिनी फायर ब्रिगेड दे रहा हूं। गर्मी में आगजनी की घटनाएं बहुत होती हैं, जहां शहरों से फायर ब्रिगेड आने में समय लगता है। इसलिए हमने गांव का सुरक्षा कवच नाम देकर जुगाड़ से पानी के टैंकर को मिनी फायर ब्रिगेड बनाया है। उन्होंने कहा कि रोलगांव का पुल नया बनेगा। वैकल्पिक रास्ता पहले 3 पाइप का बना था, जबकि वर्तमान वाला कैसा है, यह जनता जानती है।

**राजनीतिक विचारधारा**

### मैं पार्टी गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं करता

अभिजीत शाह से जब सवाल किया गया कि कांग्रेस की विचारधारा और संघ के विचारधारा अलग-अलग हैं फिर आप संघ के कार्यक्रमों में क्यों शामिल होते हैं? तो उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग होती है, जो लोग मुझे जानते हैं उन्हें पता है कि मैं 2008 से 13 के बीच में संघ की शाखाओं में जाता था और मैंने प्रथम और प्राथमिक वर्ग भी किए हैं। मैंने संघ के पैटर्न पर ही चुनाव लड़ा और जब मैंने कांग्रेस ज्वॉइन की और चुनाव हारा, तब भी संघ के पथ संचलन में फूल बरसाता हूं। जयस के कार्यक्रमों में भी मैं शामिल होता हूं। चुनाव के दौरान कांग्रेस-भाजपा होता है। चुनाव जीतने के बाद मैं अब जनता का प्रतिनिधि हूं। जीतने के बाद दलगत आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। सवाल किया कि पार्टी गाइड लाइन से बाहर तो नहीं जा रहे तो उन्होंने कहा कि पार्टी गाइडलाइन से मैं कभी बाहर नहीं गया हूं, क्योंकि कांग्रेस में आजादी है और कांग्रेस कभी भेदभाव नहीं करती। उनसे जब सवाल किया कि संघ के सहारे भाजपा में जाने की तैयारी तो नहीं? तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें दो बार टिकट दिया है। एक बार मेरी हार हुई और एक बार विजयी होकर विधायक बना हूं।

### बड़े काका से होती हैं पारिवारिक बातें

एक सवाल पर शाह ने कहा कि उनके पिताजी कांग्रेसी थे इसलिए वह हमेशा कांग्रेस में रहेंगे। भाजपा में कभी नहीं जाएंगे। एक सवाल किया कि बड़े काका मंत्री हैं क्या उनसे कभी कोई ऑफर भाजपा में शामिल होने का मिला तो उन्होंने कहा कि पिताजी के नहीं होने के बाद बड़े काका विजय शाह पिता समान है। हम राजनीतिक नहीं पारिवारिक बात करते हैं।

हरिभूमि चर्चा

# मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही, भाजपा में जाने की खबरें राजनीतिक विरोधी और मीडिया ने फैलाईं

### हरदा के कांग्रेस विधायक डॉ. दोगने ने कहा, मेरा फोकस सिर्फ हरदा के विकास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं। मुझे पार्टी ने 3 बार विधानसभा का टिकट दिया और मैं दो बार विधायक बना हूं। भाजपा में जाने की बात पूरी तरह से गलत हैं। ऐसी फर्जी अफवाह मेरे राजनीतिक विरोधी और मीडिया ने फैलाई है। मेरा फोकस सिर्फ और सिर्फ हरदा जिले के विकास पर है। जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जनता ने मुझे जिस मकसद से चुना है, उसे पूरा करने के लिए मैं प्रयासरत हूं। यह बातें हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ. आरके दोगने ने हरिभूमि से खास बातचीत करते हुए कही।



एक सवाल के जवाब में डॉ. दोगने ने कहा कि इस बार का उनका अभी तक का कार्यकाल बेहद संतोषजनक रहा है। जिले में 316 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण बीते दिनों मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने किया है। खिरकिया, भिरंगी और मसनगांव के रेलवे ओवर ब्रिज उनके कार्यकाल में बनना प्रारंभ हुए। हरदा में लॉ कॉलेज की भूमि आवंटन, आदर्श कॉलेज का नए भवन में जाना, केन्द्रीय विद्यालय का भवन निर्माण, हंडिया घाट निर्माण, सहित सड़कों का निर्माण और मरम्मत उनके कार्यकाल में शुरू हुआ।

भविष्य की योजनाओं के सवाल पर विधायक डॉ. दोगने का कहना है कि हरदा जिले में विकास की अपार संभावनाएं है। यहां पर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया जा सकता है। औद्योगिक इकाइयां यहां पर स्थापित नहीं है। कृषि प्रधान जिला होने के बाद भी यहां पर कृषि आधारित उद्योग स्थापित नहीं है और पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए मेरा मकसद है कि इन क्षेत्रों में प्रमुखता से काम कराए जाएं। खेती किसानी में सिंचाई सुविधा के लिए गंजाल मोरंड डैम जल्द शुरू करने का प्रयास होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने सत्ता में रहने के बाद भी न तो कोई उद्योग स्थापित करवाया और न ही रोजगार के साधन उपलब्ध कराए।

डॉ. दोगने से जब सवाल किया कि कांग्रेस का एक धड़ा (गुट) आप से नाराज है तो उनका कहना था कि कांग्रेस का कोई नेता या कार्यकर्ता असंतुष्ट नहीं है। मैं सबके लिए, सभी के साथ मिलकर, जनता के हित का काम करता हूं। कांग्रेस का परिवार बहुत बड़ा है। कुछ लोगों से मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हम लोगों में मनभेद नहीं है।

### कांग्रेस पार्टी में मान सम्मान बहुत मिला

आरएसएस के कार्यक्रम में जाने के सवाल पर डॉ. दोगने ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधि हूं और चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि सभी का होता है। मैं संघ के किसी कार्यक्रम में कभी नहीं गया। जिन आयोजनों में गया, वह जनता से जुड़े और जनहित के थे। उनमें मुझे ससम्मान आमंत्रित किया था। छिपानेर का कार्यक्रम शासकीय आयोजन था। मुख्यमंत्री ने वहां 316 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। जिनकी शिलालेख पर मेरा नाम प्रोटोकॉल के अनुसार उल्लेखित भी है। भाजपा में जाने की अफवाह मेरे राजनीतिक विरोधी और मीडिया द्वारा फैलाई जा रही है। मैं कांग्रेस पार्टी का सच्चा सिपाही हूं, पार्टी ने तीन बार टिकट दिया और जनता ने दो बार विधायक बनाया। कांग्रेस पार्टी में मान-सम्मान बहुत मिल रहा है। संगठन में जिम्मेदारी भी समय-समय पर मिलती रहती हैं। वर्तमान में मैं जबलपुर जैसे बड़े जिले का प्रभारी हूं। भाजपा में जाने का तो कोई सवाल ही नहीं होता।

## मुख्यमंत्री ने किया लोधा समाज के सामाजिक भवन का भूमिपूजन

# लोधा समाज ने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से दिया प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण अर्थात ज्ञान पर ध्यान के परिणाम स्वरूप सभी समाज, समर्थ और सक्षम हो रहे हैं और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की ध्वजा सर्वत्र लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को लोधा समाज के सामाजिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर ही देश में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। लोधा समाज की ओर से प्रदेश की राजधानी में बनाया जा रहा सामाजिक भवन, मांगलिक कार्यक्रमों की आयोजन स्थली बनने के साथ ही समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण आदि प्राप्त करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा कहा कि राज्य सरकार सामाजिक गतिविधयों के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी समाज हो रहे हैं समर्थ और सक्षम

भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की

प्रकाशित स्मारिका और किसान की गाथा वार्षिक डायरी का विमोचन किया



### आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की जमीन संबंधी सभी कार्य घर बैठे हों, इस उद्देश्य से साइबर तहसील की व्यवस्था आरंभ की गई है। किसानों को बड़े बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के लिए सोलर पंप सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। दूध पर बोनस देने की व्यवस्था भी की जा रही है।*

### किसान की गाथा वार्षिक डायरी का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और समाज के आराध्य लोधेश्वर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवन के भूमिपूजन पर प्रकाशित स्मारिका और किसान की गाथा वार्षिक डायरी का विमोचन किया। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का सिवनी मालवा के विधायक तथा अखिल भारतीय लोधा समाज के अध्यक्ष प्रेम शंकर वर्मा ने शॉल-श्रीफल भेंट कर अभिवादन कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

### क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया गया। अब 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रही है। प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस वैश्विक आयोजन का शुभारंभ करेंगे। देश ही नहीं विदेश के औद्योगिक समूह भी प्रदेश में उपलब्ध पर्याप्त भूमि-जल-ऊर्जा की उपलब्धता के कारण मप्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मप्र देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को राज्य सभा सदस्य माया नारोलिया और विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

### समाज की सांस्कृतिक प्रगति का माध्यम बनेगा भवन

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि लोधा-समाज की ओर से बनाया जा रहा भवन, समाज की सांस्कृतिक प्रगति का माध्यम बनेगा। भवन में मांगलिक कार्यों के आयोजन के साथ ही पढ़ाई, नौकरी एवं इंटरव्यू आदि के लिए भोपाल आने वाले युवाओं को आवास सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आसपास के गांव एवं नगरों से भोपाल आने वाले लोगों को भी इस भवन का लाभ मिल सकेगा।




# गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का काम करेगा केंद्रीय बजटः तावड़े

### देश को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए योग्य बनाएगा बजट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा है कि केंद्रीय बजट सतत विकास गोल (एसडीजी) के मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें विश्व स्तर पर भारत को आगे ले जाने के लिए गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का प्रयास किया गया है।

तावड़े रविवार को ग्वालियर में केंद्रीय बजट पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच लक्ष्य सामने रखकर यह बजट बनाया गया है। इसमें 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रम शक्ति को और अधिक स्किल्ड बनाना, देश को फूड बॉस्केट के रूप में विकसित करने और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे पांच लक्ष्यों को ध्यान में रखा गया है। इन सभी पांचों लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ हर वर्ग-समाज के कल्याण, विकास व आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर बजट में हर क्षेत्र के लिए प्रावधान किए गए हैं।

### महिलाओं, अजा व अजजा वर्ग के लोगों को ऋण



विनोद ने कहा कि उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए निवेश व कारोबार की सीमा को ढाई प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। लघु, सूक्ष्य, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के तहत स्टार्टअप व छोटे उद्योगों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार दस हजार करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। देश में पहली बार एमएसएमई क्षेत्र में 5 लाख महिलाओं और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को रोजगार स्थापित करने दो करोड़ तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। यह प्रावधान महिलाओं, अजा और अजजा वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से और सशक्त बनाने का कार्य करेगा। जल जीवन मिशन के जरिए देश के 80 प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाने का कार्य पूरा हो चुका है, 20 प्रतिशत कार्य शेष है। इस कार्य को पूरा करने के लिए जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाया गया है।

**मध्यम वर्ग पर ध्यान**

### टैक्स में छूट और केसीसी ऋण की सीमा बढ़ाने से लाभ

तावड़े ने कहा कि टैक्स स्लैब में दी गई छूट से मध्यम वर्ग को बहुत फायदा मिलेगा। टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 12 लाख से अधिक करने के साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी छूट मिली है। केंद्रीय बजट में वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर या किराए पर टीडीएस के लिए निर्धारित वार्षिक सीमा दो लाख 40 हजार के बढ़ाकर छह लाख किया गया है। इस प्रावधान से देश के करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को फायदा होगा। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की शुरूआत की गई है। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसान क्रडिट कार्ड (केसीसी) किसानों के लिए वरदान बन रहा है। इस बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने का निर्णय लिया गया है।

**एमबीबीएस की 2 हजार सीटें बढ़ाने से लाभ**

*भाजपा महासचिव तावड़े ने कहा कि मध्यप्रदेश में मेडिकल शिक्षा की 75 हजार नई सीटें बढ़ने का फायदा प्रदेश को मिलेगा। एमपी में 12 नए मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ दो हजार मेडिकल सीटें बढ़ेंगी। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ों परियोजना के लिए मप्र को 2400 करोड़ मिले हैं। तुअर, उड़द और मसूर उत्पादन के लिए विशेष योजना में मध्यप्रदेश को ज्यादा से ज्यादा पैसा मिलेगा। साथ ही नाफेड और एनसीसीएफ पूरी फसल की खरीदी करेंगे। दलहन उत्पादन में मप्र का 23 प्रतिशत योगदान है। एमएसएमई में कर्ज की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ करने का प्रदेश के चार लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों को फायदा होगा।*

## सियासतनामा



### संगठन के मामले में कांग्रेस की गति 'कछुए' जैसी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पार्टी को मजबूत करने के लिए परिश्रम कर रहे हैं। विजयपुर विधानसभा सीट के उप चुनाव में कांग्रेस जीती और बुदनी में हार का अंतर बहुत कम रहा। उनका कमजोर पक्ष यह है कि वे न संगठन मजबूत कर पा रहे, न उन्हें संगठन का साथ मिल पा रहा है। संगठन के काम की गति कछुए जैसी है। पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन विलंब से हुआ। पदाधिकारियों को दायित्व सौंप दिए गए लेकिन अब तक प्रदेश मुख्यालय में सभी के बैठने की व्यवस्था नहीं की जा सकी। जो बैठकर काम करना चाहते हैं, उनके लिए जगह नहीं है और जिन्हें कक्षों में कभी बैठना नहीं है, उनके नाम की पट्टिकाएं लगा रखी गई हैं।

### नरोत्तम को चर्चा में आगे कर गए सिंधिया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर किसकी ताजपोशी होगी, कोई नहीं जानता। पिछले कुछ समय से कहा जा रहा है कि हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। इस बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल आए और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा के घर मिलने पहुंच गए। वे उनके साथ लगभग आधे घंटे तक रहे। इस मुलाकात को प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके बाद से नरोत्तम दौड़ में आगे बताए जाने लगे। पहले महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में उनका उपयोग किया गया, इसके बाद दिल्ली चुनाव में एक माह तक रह कर उन्होंने भाजपा के लिए प्रचार की कमान संभाली।

### पूर्व परिवहन मंत्रियों के हाथों तो नहीं खेल रहे ये नेता?

विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने परिवहन मामले में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को घेरा था। अब नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने उप नेता के साथ खड़े होने की बजाए दूसरे पूर्व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पर गंभीर आरोप लगा दिए। भूपेंद्र और गोविंद दोनों सागर जिले से हैं। दोनों परिवहन मंत्री रहे हैं। भूपेंद्र पुराने भाजपाई हैं जबकि गोविंद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं। हेमंत के आरोप के जवाब में भूपेंद्र ने यह भी कहा था कि मुझे मालूम है कि आप कहां से संचालित हैं। इशारा गोविंद की ओर था।

### अपनी ही सरकार को कर दिया असहज दर्शन ने

नर्मदापुरम के भाजपा सांसद चौधरी दर्शन सिंह इस समय चर्चा में हैं। उन्होंने नर्मदा में रेत के अवैध उत्खनन का मामला लोकसभा में उठाकर अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। शिवराज ने नर्मदा लोक और नर्मदा पथ बनाने की घोषणा की थी, लेकिन इस दिशा में ज्यादा काम नहीं हुआ। इधर, चौधरी ने लोकसभा में मामला उठाया और उधर कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई। कांग्रेस का कहना है कि अब भाजपा सांसद ही अवैध उत्खनन की बात कह रहे हैं और 20 साल से ज्यादा समय से भाजपा की ही सरकारें हैं।

### क्या इसे बदले की कार्रवाई माना जाए?

मामला वर्ष 2004 का है और ईओडब्ल्यू ने पूरे 21 साल बाद प्रकरण दर्ज किया। बात हो रही है विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, उनकी पत्नी , भाई और बहू के खिलाफ दर्ज एफआईआर की। कार्रवाई पर संदेह की सुई इसलिए भी घूम रही है क्योंकि हाल ही में हेमंत कटारे ने सौरभ शर्मा के कारण उजागर परिवहन घोटाले को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए थे। हेमंत का कहना है कि जब का यह मामला है तब वे स्टूडेंट थे। उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। इसके विपरीत सत्तापक्ष का कहना है कि जांच एजेंसी पर कोई दबाव नहीं है। हालांकि, हेमंत के खिलाफ यह पहला मामला नहीं है। पहले से वे कुछ गंभीर मामले में आरोपी रह चुके हैं।

\- दिनेश निगम 'त्यागी'

# सीएम ने भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव की सपत्नीक की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार सुबह उज्जैन स्थित भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव के सपत्निक दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री अंगारेश्वर का दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक भी किया। पूजन, जलाभिषेक कर मुख्यमंत्री ने कहा कि 84 महादेव में से एक यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है।

पुजारी मनीष उपाध्याय, रोहित गुरु ने मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गो-सेवा की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि रवि सोलंकी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, अभय यादव, शाहिद अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



# शराब...35 एकल समूहों की ठेका प्रक्रिया आज से

**भोपाल।** जिले की सभी 87 कंपोजिट शराब दुकानों के 35 एकल समूहों की ठेका प्रक्रिया सोमवार से शुरू की जाएगी। इससे पहले आबकारी अधिकारियों ने रविवार को शराब ठेकेदारों को आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के नए प्रावधानों के बारे में बताया। इसके लिए बैठक हुई, जिसमें सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा सहित आबकारी अधिकारी व शराब ठेकेदार मौजूद थे। बैठक में जिले के अधिकारियों और लाइसेंसियों को आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के नए प्रावधानों को बिंदुवार बताया गया।

## वन्य जीव पर्यटन अभियान की होगी शुरुआत

चंबल नदी में घड़ियालों को भी छोड़ेंगे सीएम

# मुख्यमंत्री मुरैना में आज करेंगे पूर्व पीएम स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मुरैना प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुरैना में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य जाएंगे, जहां घड़ियालों को चंबल नदी में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव करह धाम आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार 17 फरवरी से वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम देने चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों और वन्य-प्राणियों से मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनी है।



### राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य के नाम से

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है। पर्यटकों में यह चंबल बोट सफारी के नाम से प्रसिद्ध है। यह तीन राज्यों मप्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रयासों से एक प्रमुख संरक्षण परियोजना है। मप्र में वर्ष 1978 में इसे वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले छत कछुए और लुप्तप्राय गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित करना है।*

**विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। करीब चार दशक पहले घड़ियाल की गणना का कार्य शुरू हुआ, जिससे घड़ियाल के इतनी बड़ी संख्या में चंबल में होने की जानकारियां सामने आईं।*

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 22/व.ले.लि./2024-25 भोपाल, दिनांक 11.02.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि |
| 1. | 2025_PWDRB_402166_1 | नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अन्तर्गत मरम्मत उपसंभाग क्रमांक-3, के इंदिरा मार्केट से एन एच-12, कुल लम्बाई 1.16 कि.मी. मार्गो पर व्हाईट टापिंग का कार्य। | प्रथम आंत्रण | 234.00 | 234000.00 |
| | | योग :- | | 234.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 28.02.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग ला.नि.वि.
भोपाल (म.प्र.)

जी - 23094/24 स्वच्छता ही सेवा



# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2. लोक निर्माण विभाग, भोपाल.

क्रमांक. 575 / व.ले.लि./सी.2/2024 भोपाल, दिनांक. 03.02.2025

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण हेतु जारी एस.ओ.आर. जो कि दिनांक 01.01.2024 से लागू किया गया है की दर अनुसूची (तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधनों सहित) पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र में दशार्ये गये कार्यालय में निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा ।

| स. क्र. | एन.आई. टी.नं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि (रू.) | 1) ठेके की अनु. राशि (रू.) 2) अमानत राशि (रू.) | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1) निविदा प्राप्ति का दिनांक 2) कार्यालय | 1) निविदा खोलने का दिनांक 2) कार्यालय | 1) कार्य पूर्ण करने की अवधि 2) आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 573/व. ले.लि. दिनांक 03.02. 2025 | सतपुड़ा भवन स्थित उच्च शिक्षा विभाग में एल्यूमिनियम पार्टीशन का कार्य | 2000.00 | 1) 9 .95 लाख 2) 19,900/- | 24.02.25 को सायं 5.00 बजे तक | 1.)25.02.25 को सायं 3.00 बजे तक 2.) कार्या. कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्र.-2. लोक निर्माण विभाग, भोपाल | 1) 25.02.25 को सायं 3.30 बजे 2) कार्या. कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्र. -2. लो.नि.वि. भोपाल | 1) 30 दिन वषार्काल सहित 2) प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 574/व. ले.लि. दिनांक 03.02. 2025 | सतपुड़ा भवन स्थित उच्च शिक्षा विभाग में प्रवेश द्वारा का उन्नयनीकरण कार्य | 2000.00 | 1) 8.32 लाख 2) 16,640/- | - तदैव - | - तदैव - | - तदैव - | 1) 30 दिन वषार्काल सहित 2) प्रथम आमंत्रण |

टीप :
1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2. लोक निर्माण विभाग, भोपाल कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है।
2 . निविदा की वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी।
3. यदि निविदा प्राप्त होने / खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी ।
4. निविदा प्रपत्र क्रय के लिये निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है. यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जावेगा ।
(I) लोक निर्माण विभाग में वैद्य पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर आफ एटार्नी की प्रति ।
(ii) आयकर चुकता प्रमाण पत्र की प्रति ।
(iii) जी.एस.टी.एन. पंजीयन प्रमाण पत्र।

कार्यपालन यंत्री,
राजधानी संभाग क्रमांक-2.
लोक निर्माण विभाग,
ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल
दूरभाष 0755 2465467

जी- 23131/24 स्वच्छता ही सेवा


पाकिस्तान की नापाक हरकत

# नियंत्रण रेखा पार से फिर की फायरिंग भारतीय सेना ने दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा के पार से भारतीय चौकी पर गोलीबारी की। भारतीय सेना की ओर से कहा गया कि कोई भी सुरक्षाबल हताहत नहीं हुआ है और हमने गोलीबारी को करारा जवाब दिया है। यह घटना जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में सुबह करीब 11 बजे हुई। सेना के अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह करीब 11 बजे, पाकिस्तानी



सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में एलओसी के पार भारतीय चौकी पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले में करीब 18 राउंड छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में भारतीय सेना ने 60 राउंड फायरिंग की। कुछ समय तक मुठभेड़ चली, जिसके बाद भारतीय सेना ने संवेदनशील सीमा क्षेत्र में चौकसी कड़ी कर दी। यह गोलीबारी नक्करकोट स्थित पाकिस्तानी फॉरवर्ड डिफेंसिव लोकेशन (एफडीएल) से शुरू हुई, जिसका संचालन रावलकोट स्थित दो पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर ब्रिगेड के अंतर्गत 24 एके बटालियन करती है। अभी स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाक सेना का हाथ है या फिर आतंकवादी घुसपैठ का।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र
### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा. सूचना क्रमांक 36 37 / 2024-25/एस.ए.स/लो.स्वा.यां.वि/राजगढ़ दि. 14.02.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ जिले के विकास खण्ड खिलचीपुर एवं जीरापुर में हेण्डपंप संधारण का कार्य की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा क्र . | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू.लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36/24-25 दिनांक 13.02.2025 | 2025 PHED 402439_packl | खिलचीपुर | राजगढ़ जिले के विकास खंड खिलचीपुर के विभिन्न ग्रामो / बसाहटों में स्थापित समस्त हेण्ड पम्पों के संधारण कार्य 6-6 मजदूर,, 2 नग महिन्द्रा बोलेरो पिकअप / टाटा पिकअप पी.ओ.एल. सहित । | 27.53 लााख | 55060.00 | 5000.00 | 12 माह | |
| 37/24-25 दिनांक 13.02.2025 | 2025 PHED 402440_packl | जीरापुर | राजगढ़ जिले के विकास खंड जीरापुर के विभिन्न ग्रामो / बसाहटों में स्थापित समस्त हेण्ड पम्पों के संधारण कार्य 6-6 मजदूर,, 2 नग महिन्द्रा बोलेरो पिकअप / टाटा पिकअप पी.ओ.एल. सहित । | 24.08 लााख | 48160.00 | 5000.00 | 12 माह | |

ऑन लाईन निविदा क्रय कॅरने की अंतिम तिथि 03.03.2025
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि 05.03.2025

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

जी - 23132/24 स्वच्छता ही सेवा


# मोदी-ट्रंप का कार्टून छपने के बाद वेबसाइट ब्लॉक, भाजपा ने की कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख तमिल मीडिया ग्रुप विकटन ने आरोप लगाया है कि उसकी डिजिटल मैगजीन में एक कार्टून छपने के बाद उसकी वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया गया है। विकटन की इस डिजिटल मैगजीन का नाम विकटन प्लस है। विकटन ने कहा है कि वह स्वतंत्र पत्रकारिता करने के लिए प्रतिबद्ध है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मजबूती से समर्थन करता है। इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने वेबसाइट ब्लॉक होने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की है जबकि भाजपा ने इस मीडिया हाउस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। केंद्र सरकार ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

विकटन की डिजिटल मैगजीन विकटन प्लस में छपे कार्टून में दिखाया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ-पैर में जंजीरें बंधी हुई हैं और वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने बैठे हैं। ट्रंप उन्हें देखकर हंस रहे हैं।

## पेज एक का शेष...

### आज से लागू होगा...

एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जारी किए हैं, जिसका लक्ष्य टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करना, विवादों को कम करना और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है। नए नियमों के तहत, अगर गाड़ी के टोल पार करने से पहले फास्टैग 60 मिनट से अधिक समय तक निष्क्रिय रहता है और टोल पार करने के 10 मिनट बाद तक निष्क्रिय रहता है, तो लेनदेन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

### 'स्टार्ट योर बिजनेस...

तहत प्रदान की जा रही हैं। साथ ही नए व्यवसायों को तीन वर्षों तक विभिन्न प्रकार की रियायतें दी जा रही हैं, जिससे उद्यमी सशक्त रूप से स्थापित हो सकें। इस योजना की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 (जीआईएस) में धूम रहने वाली है। 'इन्वेस्ट एमपी' पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को सभी आवश्यक अनुमोदनों की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरी करने में सहायता मिलती है। इससे प्रदेश में घरेलू और वैश्विक कंपनियों का विश्वास बढ़ा है।

### रीवा-प्रयागराज मार्ग...

और वो इधर-उधर भटकते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से मैहर, सतना रेलवे स्टेशन में सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं। रविवार को मप्र-यूपी बॉर्डर पर चाकघाट क्षेत्र में करीब 15 किमी लंबा जाम लगा। 3 ट्रेनें रद्द हो जाने की वजह से श्रद्धालुओं को घंटों तक स्टेशन के बाहर और रेलवे ओवरब्रिज पर कड़ी धूप में बैठना पड़ा। डीआईजी साकेत पांडे का कहना है कि वीकेंड की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या एक बार फिर बढ़ गई है। रविवार दोपहर लगभग 5 हजार गाड़ियां रीवा पहुंचीं। श्रद्धालु घंटों से जाम खुलने का इंतजार करते रहे। कर्नाटक से प्रयागराज जा रहे यात्री कीरपा कारदाने ने बताया कि हम 1500 किलोमीटर की यात्रा तय करके यहां रीवा पहुंचे हैं। रीवा शहर में एंट्री नहीं हो पाई।

### इंदौर, कटनी और...

ने बताया कि हमने स्टेशनों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है, जो पहले 28 आरपीएफ के जवान थे, उन्हें बढ़ा दिया है। इसके साथ स्टेशनों में जीआरपी के साथ अन्य रेल कर्मियों को मिलकर करीब 100 से अधिक लोग 24 घंटे में अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी में जुटे हुए हैं।

### इंदौर से ट्रेनें 12 ...

आ गई। परिजन के साथ कुंभ में जाने के लिए निकली यह महिला जल्दबाजी में गलत ट्रेन में चढ़ गई और उतरते समय ट्रेन के नीचे आ गई।

### जांच कमेटी बनी...

सहायता के लिए रेलवे स्टेशन से सभी वीडियो फुटेज सुरक्षित करने का आदेश दिया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और यात्रियों को विशेष ट्रेन से भेज दिया गया है। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही अब सामान्य है। रेलवे ने इस हादसे के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख हुए गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रूपए की सहायता राशि दी जाएगी। मामूली रूप से घायल को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया। शाह ने उनको यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

### दोनों को 'माफ' ...

और एक बनने का नाटक करना, दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है। बाबा बनना सरल है, लेकिन बाबा हो जाना कठिन है। आप बागेश्वर बाबा पर कमेंट कर सकते हो, लेकिन बागेश्वर बाबा बन पाना बहुत कठिन है। कुछ लोग ऐसे हैं इस देश में जो सनातनी है नहीं, लेकिन धारा प्रवाह में नंबर बंटोरने की कोशिश करते हैं। आपसे ऐसी गलती हो, जिससे सनातन हिंदू धर्म को घाटा हो, तो माफ की जगह साफ कर देना चाहिए। कोई ऐसी गलती हुई हो तो इतने तरीके से जवाब मिलना चाहिए कि भविष्य में कोई गलती करने से पहले लोग दस बार सोचें।

### मुसलमानों से कहा...

एक है। जो मुस्लिम अरब लोगों को आदर्श मानते हैं वो पुनर्विचार करें। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा- इस्लाम तो अरब का धर्म है। यहां तो सभी हिंदू थे। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे। नियाज खान 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह राज्य सेवा में प्रशासनिक अधिकारी थे। वे मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। नियाज खान 7 नॉवेल लिख चुके हैं। उनके द्वारा लिखी एक नोवेल पर आश्रम वेब सीरिज भी बनी है, जिसका क्रेडिट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्माता के खिलाफ कोर्ट में केस भी दायर किया था।

### पूरे हिंदू समाज...

क्यों करना है? क्योंकि इस देश के लिए जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है। भारत की एक प्रकृति है और जिन लोगों ने सोचा कि वे उस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं। हम राजाओं को नहीं, बल्कि उन राजाओं को याद करते हैं जो 14 साल तक जंगल में रहे। जब तक यह प्रकृति है, तब तक भारत है। हिंदू समाज और भारतवर्ष एक ही है। संघ प्रमुख ने कहा कि किसी देश का भाग्य बदलने के लिए समाज को आगे आना होगा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान डॉ. हेडगेवार ने महसूस किया कि बाहर से कुछ लोग आए और हमें गुलाम बना दिया। हमने इसे बार-बार देखा है। भारत अंग्रेजों ने नहीं बनाया। भारत सदियों से मौजूद है।

### सिंघार का पीएम को...

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और मध्यप्रदेश की समस्याओं के संबंध में मिलना चाहता है। हालांकि, अभी तक पीएमओ की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। इस मामले पर मध्यप्रदेश भाजपा प्रवक्ता हितेष वाजपेयी ने सिंघार पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा कि मध्यप्रदेश की तरक्की आपको रास नहीं आ रही या फिर निवेश और विकास से जलन हो रही है? ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में व्यवधान डालकर प्रधानमंत्री का समय व्यर्थ करना, प्रदेश की खुशियों पर ब्रेक लगाने की नाकाम कोशिश है।

### ट्रकों ने ट्रैक्टर को...

उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे से पहले दोनों भाई ट्रैक्टर का टायर बदल रहे थे। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन के अधिकारियों की समझाइश पर 2 घंटे बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया। मोहनगढ़ के दो सगे भाई मस्तराम गुर्जर (25) और सेवाराम गुर्जर (24) अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्थर की फर्सी भरकर करैरा जा रहे थे। इसी दौरान अमोला घाटी में ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर हो गया। दोनों भाई सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर टायर का पंक्चर ठीक कर रहे थे। इसी बीच शिवपुरी से झांसी की ओर जा रहे दो ट्रक एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे, तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर से ट्रॉली पलट गई और उसके नीचे दबने से दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान एक बाइक भी ट्रॉली के नीचे दब गई थी। गनीमत रही कि बाइक सवार सुरक्षित बच गए। वहीं, हादसे में एक ट्रक का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे फौरन अस्पताल भेजा गया है।


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**

पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

Hindustan पेन्सिल पेन के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी करके 85000 - 95000 कमाने की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में उपलब्ध. आपको नौकरी चाहिए तो कॉल करे. WhatsApp 6397479854. B-15 to 18-02-2025

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.) Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5781



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5780 का हल



## सूडोकु नवताल - 5791

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5790 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### प्रोस्टार्म इंफो को मिली सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी

**नई दिल्ली।** देशव्यापी पावर सॉल्यूशन प्रोडक्ट कंपनी प्रोस्टार्म इंफो सिस्टम्स लिमिटेड ने घोषणा की, कि उसे बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपना आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) लाने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस आईपीओ में 10 फेस वैल्यू के 1,60,00,000 इक्विटी शेयरों का ताज़ा इश्यू शामिल है और इसे बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किया जाएगा। च्वॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड इस निर्गम की रजिस्ट्रार है।

### पैसालो की आय 5,773 मिलियन रु. हुई

**नई दिल्ली।** पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए शानदार आय की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एसेट अंडर मैनेजमेंट 12.31 फीसदी बढ़कर 47,488 मिलियन रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 20254 की तीसरी तिमाही में 42,280 मिलियन रुपये था। कंपनी ने अपने पहले विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बॉन्ड जारी करने में सफलता हासिल की, जिसकी राशि 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 4,230 मिलियन रुपए) है।

### इनोवेटिवव्यू ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** आटोमेटिक सहायक सुरक्षा और निगरानी सॉल्यूशन प्रदान करने वाली टेक्नोलॉजी संचालित कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 5 रुपए) की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 20,000.00 मिलियन रुपए,2000 करोड़ रुपए तक की कुल ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की बिरला से पार्टनरशिप

**नई दिल्ली।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सेल्यूलोसिक फाइबर्स डीविशन , बिरला सेल्यूलोज ने घोषणा की है कि एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप कंपनियों - आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड और टीएसीसी लिमिटेड के साथ जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट किया है । ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सेल्यूलोसिक फाइबर्स डिवीजन , बिरला सेल्यूलोज ने एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की मुख्य कंपनियों- आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड और टीएसीसी लिमिटेड के साथ 14 फ़रवरी, 2025 को एक खास समझौता किया है ।

### मनाक्शिया को 208 करोड़ की आय हुई

**मुंबई।** मनाक्शिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक प्रमुख कोटेड मेटल उत्पादों का निर्माता और निर्यातक है। प्री-पेंटेड गैल्वनाइज्ड स्टील और प्लेन गैल्वनाइज्ड स्टील, दोनों कोइल और शीट रूपों में विशेषज्ञता रखने वाली इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के तिमाही और नौवे महीने के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। तिमाही वित्तीय परिणाम में कंपनी की कुल आय 207.83 करोड़ रुपए, वार्षिक वृद्धि 7.05 फीसदी , एबिटडा 17.25 करोड़, वार्षिक वृद्धि 22.25फीसदी , एबिटडा मार्जिन 8.30 फीसदी, वार्षिक वृद्धि 103 बेसिस प्वाइंट रही।

### बाणगंगा पेपर की आय 2,079 लाख रु.हुई

**नासिक।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने वित्तवर्ष 2025 की तिमाही और नौवे महीने के परिणामों की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आयः 2,079.15 लाख रुपए , ईबीआईटीडीए 168.59 लाख रुपए, ईबीआईटीडीए मार्जिन 8.11फीसदी और शुद्ध लाभ 76.09 लाख रुपए रही। कंपनी का शुद्ध लाभ मार्जिनः 3.66 फीसदी रहा।

---

### मंडी में बिक रहा छोटा संतरा 20 तो बड़ा 40 रु. किलो

# शाजापुर और शुजालपुर से संतरे की हो रही बंपर आवक करोंद फल मंडी में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गर्मी के शुरू होने में अभी समय शेष है, लेकिन फल मंडी में संतरे और अंगूर जैसे मौसमी फलों की बंपर आवक शुरू हो गई है। शहर के थोक फल मंडी के व्यवसायियों के अनुसार जिले में अभी 6 से 8 पिकअप संतरे की रोज आवक हो रही है।

मीडियम संतरा 15 से 20 रुपए प्रति किलो और अच्छी क्वालिटी का संतरा 30 से 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। वहीं थोक मंडी में अंगूर के दाम न्यूनतम 500 रुपए और अधिकतम 800 रुपए पेटी बोली जा रही है। फल व्यवसायी कमल शेजवार के अनुसार आने वाले दिनों में शाजापुर, शुलाजपुर के साथ-साथ अन्य जगहों से भी संतरे की आवक शुरू हो जाएगी, फिर भाव में कुछ कमी आ सकती है।



**शाजापुर का संतरा राजधानी सहित देशभर की बड़ी मंडियों में बिकता है हाथों-हाथ**

*शेजवार बताते हैं कि यह फसल मार्च तक पककर तैयार हो जाती है, लेकिन मौसम परिवर्तन की चपेट में आने से फसल पर विपरीत असर पड़ा। जानकारी के अनुसार शाजापुर व आगर जिले में लगभग 50 हजार हेक्टेयर में संतरा पैदा होता है। यहां के संतरे ने अपने रंग व स्वाद के चलते अपनी अलग पहचान बनाई है। शाजापुर का संतरा राजधानी सहित देश की बड़ी मंडियों में हाथोंहाथ बिकता है। संतरे को मई व जून के आधे माह तक यानी गर्मी तक आवश्यकता होती है। मंडी परिसर स्थित फल मंडी में गर्मी शुरू होने से पहले ही रसदार फलों की आवक शुरू हो गई है। महाराष्ट्र के संतरे की अभी मंडी में आवक नहीं हो रही है। मौसम में अभी भी सुबह और रात के समय ठंड का माहौल बना हुआ है।*

---

**एजुकेशन-हेल्थकेयर के क्षेत्र में गवर्नर प्रशस्ति पत्र मिला**

# नीता अंबानी को मैसाचुएट्स की गवर्नर ने दिया सम्मान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी को अमेरिका के मैसाचुएट्स की गवर्नर मौरा हीली ने प्रतिष्ठित गवर्नर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है।

इस प्रशस्ति पत्र में नीता अंबानी को एक विजनरी लीडर, कंपेशनेट फिलैंथरोपिस्ट और ट्रू ग्लोबल चेंजमेकर के रूप में मान्यता दी गई है। नीता अंबानी को यह प्रशस्ति पत्र एजुकेशन, हेल्थकेयर, स्पोर्ट्स, आर्ट्स, कल्चर और विमन एंपावरमेंट के क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मेटिव काम करने के लिए उनके लाइफलॉन्ग डेडिकेशन के सम्मान में दिया गया है। अंबानी ने भारत और अन्य स्थानों पर लाखों लोगों के



जीवन को प्रभावित किया है। बोस्टन में इस मौके पर नीता अंबानी हस्तनिर्मित शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनी थीं। हाल ही में नीता अंबानी को इंडिया बिजनेस लीडर अवॉर्ड्स के 20वें एडिशन में 'आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन टू ब्रांड इंडिया' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

---

### खाद्य तेल की कीमतें एक साल में 39 फीसदी तक बढ़ीं

# खुदरा महंगाई दर फिर हो सकती है बेपटरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाने वाले तेल की कीमतें एक बार फिर तेजी से बढ़ रही हैं। एक साल में इनके दाम 39 फीसदी तक बढ़ गए हैं। अगर यही रुझान रहा तो पिछले तीन महीने से तेजी से घट रही खुदरा महंगाई दर फिर बेपटरी हो सकती है। इससे विकास को बढ़ावा देने और रेपो दर में कटौती की आरबीआई की योजना को भी झटका लग सकता है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मूंगफली तेल के दाम 14 फरवरी, 2024 को 190 रुपए लीटर थे, जो अब 192 रुपएलीटर के पार पहुंच गया है।

सरसो तेल का दाम इसी दौरान 136 से 169 रुपए लीटर हो गया है। यानी 24 फीसदी की बढ़त हुई है। वनस्पति तेल का भाव 21 प्रतिशत तेजी के साथ 151 रुपए लीटर हो गया है, जो एक साल पहले 125 रुपए लीटर बिक रहा था। आंकड़े बताते हैं कि सोयातेल भी 19 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 122 से बढ़कर 145 रुपए लीटर



पर पहुंच गया है। सूरजमुखी तेल 27 फीसदी महंगा हुआ है। इसका दाम 123 से बढ़कर 156 रुपए लीटर पर पहुंच गया है। सबसे अधिक 39 फीसदी की तेजी पाम तेल में आई है। एक साल पहले इसकी कीमत 99 रुपए लीटर थी, लेकिन अब यह 137 रुपये के पार हो गया है।

**पाम तेल का असर रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर**

पाम तेल महंगा होने से रोजाना उपयोग वाली वस्तुओं पर पड़ता है। एफएमसीजी कंपनियां अपने उत्पादों जैसे साबुन, शैंपू आदि को बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पाम तेल का उपयोग करती हैं। ऐसे में इसकी तेजी से इन वस्तुओं की महंगाई दर बढ़ जाती है। हाल में एफएमसीजी कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतों में अच्छी खासी बढ़त भी की है।

---

### लंबित मांगों को लेकर बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

# सभी बैंकों के 10 लाख बैंककर्मी रहेंगे 24 मार्च से दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, लंबित मुद्दों का समाधान, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करना, यूएफबीयू की अन्य मांगों का समाधान आदि को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस द्वारा 24 और 25 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया है। जिसके चलते देशभर की सभी बैंकों के 10 लाख से अधिक बैंक कर्मचारी और अधिकारियों दो दिनों तक हड़ताल पर रहेंगे।

इसी तारतम्य में फोरम की स्थानीय भोपाल इकाई के आह्वान पर राजधानी भोपाल के सैकड़ों बैंक कर्मचारी और अधिकारियों यूको बैंक जोनल ऑफिस अरेरा हिल्स भोपाल के सामने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन और सभा आयोजित की। सभा को फोरम में शामिल बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, सुबीन सिन्हा, प्रवीण मेघानी, दीपक रत्न शर्मा, दिनेश झा, संदीप चौबे, हरीश अग्रवाल, संजय कुदेशिया, आशीष तिवारी, वीएस नेगी, सुनील सिंह, जेपी झवर, निर्भय सिंह ठाकुर आदि ने संबोधित किया।




#### अधिकारी निदेशकों के पदों को शीघ्र भरा जाए

*बैंकों में कामगार और अधिकारी निदेशको के पदों को शीघ्र भरा जाए। आयकर से छूट के साथ 25 लाख रुपए तक की सीमा बढ़ाने के लिए ग्रेच्युटी अधिनियम में संशोधन किया जावे। रियायती शर्तों पर दिए जाने वाले लाभों पर आयकर की वसूली बैंक कर्मियों से की जा रही है जो कि अनुचित है। इस आयकर का भार प्रबंधन को उठाना चाहिए। अनुचित श्रम प्रथाओं को तुरंत विराम दिया जावे। पेंशन अपडेशन तथा पेंशन योजना में सुधार होना चाहिए।*

#### बैंकिंग उद्योग में लाखों पद रिक्त पड़े

वक्ताओं ने बताया कि बैंकों में लगातार व्यवसाय एवं लाभप्रदता में वृद्धि हो रही है उस अनुपात में भर्ती ना होने के कारण बैंकिंग उद्योग में लाखों पद रिक्त पड़े हैं। इस कारण एक ओर बैंक कर्मियों के ऊपर अतिरिक्त काम का बोझ पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर ग्राहक सेवा के ऊपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है अतः सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्तियां की जावें। पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन किया जावे। नियमित कार्यों की आउटसोर्सिंग बंद की जावे। लंबित अवशिष्ट मुद्दों का निराकरण न होने से बैंक कर्मियों में आक्रोश है। इनका समाधान किया जावे। दुव्यवहार और हमलों के खिलाफ बैंक कर्मियों को सुरक्षा प्रदान की जावे। सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जावे।

---

# बाजारों से डेढ़ महीने में 1 लाख करोड़ रु. निकाल चुके विदेशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारी बिकवाली जारी है। 2025 की शुरुआत से ही विदेशी निवेशक आक्रामक रूप से भारतीय बाजारों से पूंजी निकाल रहे हैं, और अब यह आंकड़ा 1 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने वर्ष 2025 के पहले डेढ़ महीने में 99,299 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले हैं। जनवरी में भारी बिकवाली के बाद फरवरी में भी विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से दूरी बनाए रखी। फरवरी 10 से 14 के बीच ही एफपीआई ने 13,930.48 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। इस तरह, फरवरी में अब तक कुल 21,272 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली हो चुकी है। जनवरी में विदेशी निवेशकों ने 78,027 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार से निकाले थे। बीते साल दिसंबर में विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों में रुझान सकारात्मक था उन्होंने 15,446 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था।


---

### मौजूदा कानून से कर सकते हैं मिलान

# आयकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड हुआ आयकर विधेयक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकरदाता अब आयकर अधिनियम, 1961 की धाराओं का मिलान आयकर विधेयक, 2025 के संबंधित खंडों से कर सकते हैं। आयकर विभाग ने आयकर कानून 1961 की नए आयकर विधेयक की धाराओं के साथ मैपिंग कर दी है और आयकरदाता आयकर विभाग के पोर्टल पर जाकर इनका मिलान कर सकते हैं। सरलीकृत आयकर विधेयक 2025 को बीती 13 फरवरी को ही लोकसभा में पेश किया गया था। विधेयक के पारित होने के बाद आयकर विधेयक 2025, 64 साल पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। दरअसल समय के साथ आयकर कानून में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही थी। आयकर विधेयक 2025 में 2.6 लाख शब्द हैं, जबकि आयकर कानून में शब्दों की संख्या 5.12 लाख है। नए विधेयक में 536 धाराएं हैं, जबकि मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराएं हैं।




नए विधेयक में 23 अध्याय हैं, जबकि मौजूदा कानून में 47 अध्याय हैं। विधेयक में 57 सारणी हैं जबकि मौजूदा आयकर कानून में 18 सारणियां हैं। नए विधेयक में आयकरदाताओं को कर की गणना करने में आसानी होगी। मौजूदा कानून की तुलना में नए विधेयक में 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। आयकर विभाग ने बताया कि करदाता ड्रॉप डाउन मेनू से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा का चयन कर सकता है और उसके अनुसार, आयकर विधेयक में संबंधित खंड दिखाई देंगे। इसके अलावा, करदाताओं की सुविधा के लिए सारणीबद्ध प्रारूप में अनुभागवार मैपिंग की गई है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं और सूत्रों के उपयोग से इसे पाठकों के लिए आसान बनाया गया है। टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन संबंधित प्रावधानों के लिए तालिकाएं प्रदान की गई हैं। विधेयक में 1 अप्रैल से शुरू होने वाली 12 महीने की अवधि के रूप में 'कर वर्ष' की नई अवधारणा पेश की गई है। यह आकलन और पिछले वर्ष की वर्तमान अवधारणा की जगह लेगा। वर्तमान में, पिछले वर्षयानी अप्रैल 2024 से मार्च 2025 में अर्जित आय का आकलन आकलन वर्ष 2025-26 में किया जाएगा। विधेयक 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। विधेयक को अभी लोकसभा की एक प्रवर समिति द्वारा जांचा जाएगा और संसद द्वारा मंजूरी दी जाएगी।

---

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ब्रिक्स यूथ काउंसिल 2025 का आयोजन

**भोपाल।** डिपार्टमेंट ऑफ यूथ अफेयर्स, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, भारत सरकार, नॉलेज पार्टनर जीसीटीसी और मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में ब्रिक्स यूथ काउंसिल 2025 आंत्रप्रेन्योरशिप प्री कंसल्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिजिटल इन्नोवेशन एंड आंत्रप्रेन्योरशिपः एम्पॉवरिंग इंडियाज यूथ फॉर ए रेजिलिंस फ्यूचर थीम पर



आधारित इस आयोजन में युवाओं ने स्टार्टअप्स की बारीकियों को जाना साथ ही साथ उद्यमिता, नवाचार और नीति विकास के फॉर्मूले भी सीखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भारत सरकार के पूर्व विदेश सचिव शशांक, दिल्ली यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पारोमिता दत्ता, मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी और डायरेक्टर दिशा तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि विश्वास सारंग ने कहा कि भोपाल के युवाओं का जोश यहां के पहाड़ों जैसा ऊंचा और झीलों जैसा गहरा है। युवा देश की पूंजी है और देश की पूंजी का जोश देश के निर्माण में लगेगा तभी हम शक्तिशाली और वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व विदेश सचिव श्री शशांक जी ने कहा कि ब्रिक्स काउंसिल के नॉलेज पार्टनर जीसीटीसी को देश भर के विश्वविद्यालयों में प्रभावशाली चर्चाओं और योग्य रणनीतियों को बढ़ावा देने के लिए आठ विश्वविद्यालयों में पूर्व परामर्श कराने का जिम्मा सौंपा गया है, जिसमें से एक मानसरोवर विश्वविद्यालय है। मानसरोवर ग्रुप के प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी ने कहा कि स्टार्टअप का यह मंच विद्यार्थियों के लिए है, जहां वह स्वयं उद्योग जगत के नीति निर्माताओं, निवेशकों से स्टार्टअप की चुनौतियों और अवसरों के बारे में सीख रहे हैं। इससे पहले प्रथम सत्र में उद्योग संघ, मंडीदीप के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि वो सभी आइडिया कामियाब हैं जो आपकी जिंदगी को आसान बनाने में आपकी मदद करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छे आइडिया की पहचान है कि वो कम मेहनत, कम समय, कम पैसे में जिंदगी को आसान बनाने और स्टेटस बढ़ाने वाला हो। द्वितीय सत्र में हैडवे लाइफ साइंस के मैनेजिंग डायरेक्टर मुदित शेजवार, डब्लूथ्री एआई के फाउंडर योगेश खाखरे, एडिमाइज के फाउंडर आर्यन त्रिपाठी, वी360 एआई के फाउंडर अर्नव गुप्ता, टीएसीसी के अंकुल खैतान, ध्वनि एंटरटेनमेंट के फाउंडर आशीष मिश्रा ने मॉडरेटर फाउंडर जिफलिफ करन कुररेजा से बिल्डिंग फ्यूचर रेडि स्टार्टअप्स इन्नोवेशन एंड टक्नोलॉजी एंड मार्केट ग्रोथ विषय पर पेनलिस्ट के साथ चर्चा की।

### आरकेडीएफ ग्रुप 31 साल का हुआ, जुबिन नौटियाल के सुर से मिले हजारों सुर



**भोपाल।** आरकेडीएफ ग्रुप ने हजारों युवाओं के लिए शाम प्रसिद्ध प्ले बैंक सिंगर जुबिन नौटियाल के साथ खास बना दिया। ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर सुनील कपूर के जन्मदिन और आरकेडीएफ ग्रुप के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह म्यूजिकल नाईट लंबे समय तक युवाओं के दिलों में याद बनकर धड़कती रहेगी। आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी गांधीनगर के कैंपस में आयोजित इस बर्थडे और स्थापना दिवस सेलीब्रेशन में चेयरमैन डॉ.सुनील कपूर, डॉ. साधना कपूर, सिद्धार्थ कपूर, रुचि कपूर, श्रुति कपूर को हजारों लोग बधाई और शुभकामनाएं देकर इस खूबसूरत और सुरीली शाम के सहभागी बने। समारोह की शुरुआत में डॉक्टर कपूर ने पिता को पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया और फिर तमाम परिजनों और परिजनों की उपस्थिति में अपना जन्मदिन मनाया। जुबिन के मंच पर आने से पहले ग्रुप की एस आर के यूनिवर्सिटी, सत्य साईं यूनिवर्सिटी सीहोर, भाभा यूनिवर्सिटी, आरकेडी एफ यूनिवर्सिटी, एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी इंदौर, आर के डी एफ यूनिवर्सिटी रांची, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, सत्य साईं ऑटोमोबाइल्स, फिट ब्लिस जिम बाई श्रुति कपूर सत्य साईं नागरिक सहकारी बैंक, स्वराज एसएमबीसी न्यूज चैनल, सिद्धार्थ एक्सीलेंस अकादमी, न्यूज 360 हैदराबाद रेडियो पॉपकॉर्न आदि ग्रुप की संस्थाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए ग्रुप की उन्नति में सहायक अधिकारियों कर्मचारियों को चेयरमैन अवार्ड और एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके बाद जैसे ही जुबिन नौटियाल ने मंच सम्हाला तो उनके सुरों के दीवाने हजारों लोगों का जोश देखते ही बनता था। उनके हर गीत हर बोल हर सुर से सामने खड़े हजारों युवा सुर मिलाते और झूमते रहे।

### एमजी मोटर ने 12.5 लाख रु. से कम कीमत में एस्टर 2025 को किया लांच

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अपनी श्रेणी में भारत की सबसे उन्नत एसयूवी - एमजी एस्टर का एमवाई 2025 एडिशन लांच किया, जिसमें शाइन और सेलेक्ट वेरिएंट के लिए नए फीचर्स पेश किए गए हैं। एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा है, जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी शानदार हो जाता है।



इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12.5 लाख रुपए से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया है, जो सुरक्षा और आराम को और बढ़ाते हैं। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी है, जो स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सेवी प्रो वेरिएंट में उपलब्ध होगी, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपए होगी। एमजी एस्टर एमवाई 25 के वेरिएंट में कई रोमांचक फीचर्स दिए गए हैं-फ्रंट रो में वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले, और अतिरिक्त सुरक्षा और सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, साथ ही एक समग्र ड्राइविंग अनुभव के लिए अपग्रेडेड आई-स्मार्ट 2.0 के साथ एडवांस्ड यूजर इंटरफेस। एमजी एस्टर 2025 को आई-स्मार्ट 2.0 और 80+ कनेक्टेड फीचर्स से लैस किया गया है, जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। इसके खास फीचर्स में जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम शामिल है, जो मौसम अपडेट, क्रिकेट अपडेट, कैलकुलेटर, घड़ी, दिन,तारीख की जानकारी, राशिफल, डिक्शनरी, समाचार और जनरल नॉलेज जैसी कमांड्स को सपोर्ट करता है। डिजिटल की कार्यक्षमता के साथ एंटी-थेफ्ट फीचर, बगैर नेटवर्क के भी सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

### स्फेरा सॉल्यूशंस ने किया व्यापक फील्ड अध्ययन प्रस्तुत

**मुंबई।** स्फेरा सॉल्यूशंस ने भारत के कैस्टर क्षेत्र में 10 हजार किसानों के व्यापक फील्ड अध्ययन का सारांश प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय औसत की तुलना में, जो किसान सक्सेज सस्टेनेबल फार्मिंग कोड के तहत शिक्षित और प्रमाणित किए गए थे, उन्होंने सभी प्रमुख एलसीएप्रभाव श्रेणियों में लगभग 30 फीसदी का सुधार दिखाया। स्फेरा सॉल्यूशंस ने 2022-2023 के फील्ड मूल्यांकन के मात्रात्मक परिणाम प्रस्तुत किए, जिसमें प्रमाणित और गैर-प्रमाणित किसानों की तुलना की गई थी।

### बिमटेक ने पीएचडी समकक्ष फेलो प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नोएडा।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने 2025 सत्र के लिए पीएचडी इक्विवेलेंट फैलो प्रोग्राम में आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस इमर्सिव स्टडी प्रोग्राम में सीट सुरक्षित करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2025 है।यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन, एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। इसका उद्देश्य शोध से जुड़ी शिक्षा देकर स्कॉलर्स को अकादमिक क्षेत्र, उद्योग या परामर्श में बेहतर करियर बनाने के लिए तैयार करना है। बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रबीना राजीब ने कहाकि हमारा संस्थान एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहा है, जो शोध करने के इच्छुक छात्रों को प्रबंधन क्षेत्र में योगदान देने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा ।

### मैरिंगो सिम्स ने किया जटिल बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल ने 18 वर्षीय लड़की पर एक अत्यंत जटिल बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया, जो दो गंभीर रक्त विकारों-बीटा-थैलेसीमिया मेजर और रिफ्रैक्टरी एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया से पीड़ित थी। यह एक दुर्लभ मामला था क्योंकि दोनों बीमारियों के लिए अलग-अलग उपचार की आवश्यकता थी, फिर भी अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने 100 फीसदी सफल परिणाम प्राप्त किया, जिससे दुनिया भर के मरीजों के लिए एक नई उम्मीद जगी। बोन मैरो ट्रांसप्लांट करना एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया थी।

**निविदा आमंत्रण सूचना**
कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर, सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, जनजातीय कार्य विभाग, (म.प्र)
सीहोर - इंदौर बाईपास रोड, RTO ऑफस के सामने, क्रिसेंट चौराहा, सीहोर (म.प्र.) - 466001
9616088184 sehoreksp@gmail.com
www.kspsehore.ac.in
निम्नलिखित वस्तुओं/सेवाओं की खरीद के लिए प्रतिष्ठित/पंजीकृत अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से ई- निविदा आमंत्रित की जाती हैं
a) ड्राई राशन & प्रसाधन सामग्री b) स्टेशनरी सामग्री
c) स्कूल यूनिफार्म और फुटवियर d) भोजन बनाने हेतु कांट्रेक्टर
उपरोक्त निविदाएं स्कूल की वेबसाइट www.kspsehore.ac.in तथा https://MPtenders.gov in/nicgep/app पर 17 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक उपलब्ध हैं ।
प्रिंसिपल

**कार्यालय राजीव मिश्रा एडवोकेट (नोटरी) गंज बजरिया, सीहोर (म.प्र.)**
::- आम सूचना -::
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सांवरिया सेठ एण्ड कम्पनी कार्यालय तृतीय तल ए न्यू 27 मल्टी लेवल पार्किंग के पास बैरागढ़ भोपाल भागीदारगण अनिल कुमार आसवानी आ. रमेश कुमार आसवानी हीरालाल इसरानी आ. धर्मदास इसरानी, सुरेश अजवानी आ. लालचंद अजवानी, नरेश तोतलानी आ. साधूराम तोतलानी सभी भागीदारों से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि स्थित ग्राम फंदा कला तहसील हुजूर जिला भोपाल खसरा क्र0 407/1/1/1 रकबा 0.3810 हे०, खसरा 391 रकबा 0.6400 हे०, खसरा 392 रकबा 0.2430, खसरा क्रं0 393 रकबा 0.2180 हे०, खसरा क्रं0 400 रकबा 0.6800, खसरा 401/1/1/1 रकबा 2.3010 हे0, खसरा क्रं0 405/1 रकबा 0. 7720 हे०, खसरा क्रं0 405/2/2 रकबा 0.3850 हे0, खसरा क्रं0 406/1/5 रकबा 0.2100 हे०, खसरा क्रं0 406/1/4 रकबा 0.4330 हे0, खसरा क्रं० 407/1/1/6/2 रकबा 0.5990 हे० कुल किता 11 रकबा 6.857 हे० है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं इस प्रकार हैं, पूर्व शासकीय गोहा, पश्चिम में मोहित दावानी, उत्तर में राम मंशानी एवं दक्षिण में इन्दौर भोपाल मार्ग को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का तय कर आपसी सहमती से टोकन राशि अदा कर दी है। उक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था का कोई बकाया देय शेष हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी व्यक्ति का हक हित हिस्सा या अधिकार हो या उक्त विक्रय संव्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर देवें। बाद मियाद मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विधिवत विक्रय पत्र संपादित करा लेगा। तथा उसके बाद कोई भी आपत्ति विवाद या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नहीं होगा।
भवदीय ( राजीव मिश्रा) एडवोकेट
मिश्रा निवास, गंज बजरिया, सीहोर (म.प्र.)
मो.नं.- 9993659833

## चिंतन

# वस्त्र क्षेत्र की उन्नति के लिए नई नीति और निवेश जरूरी

कृषि के बाद टेक्सटाइल सेक्टर सबसे अधिक रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। चीन के बाद भारत दूसरा टेक्सटाइल उत्पादक देश है, लेकिन हाल के वर्षों में इस लेबर ओरिएंटेड उद्योग को बांग्लादेश, फिलिपींस जैसे छोटे देशों से वैश्विक बाजार में चुनौती मिली है। 'भारत टेक्स' जैसे आयोजन भारतीय टेक्सटाइल उद्योग क्षेत्र के अवलोकन का अवसर देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स के आयोजन से भारतीय कपड़ा उद्योग को वैश्विक निर्माण, तकनीक से लेकर बाजार तक के बारे में विस्तार का अवसर मिलता है। इसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा टेक्सटाइटल और अपैरल्स निर्यातक है। हमारा टेक्सटाइटल निर्यात 3 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। इसे 2030 तक 9 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की मैन्यूफैक्चरिंग में टेक्सटाइल सेक्टर 11 फीसदी का योगदान दे रहा है। सरकार ने वर्ष 2015 में कपड़ा उद्योग के प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु 'संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना' को मंजूरी दी थी। एकीकृत वस्त्र पार्क योजना कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है। वस्त्र क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए समर्थ योजना की शुरुआत की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र संवर्द्धन योजना शुरू की गई है। पावरलूम टेक्सटाइल में नए अनुसंधान और विकास, नए बाज़ार, ब्रांडिंग, सब्सिडी और श्रमिकों हेतु पावर-टेक्स इंडिया योजना है। रेशम समग्र योजना व जूट आईकेयर योजना हैं। तकनीकी वस्त्रों के निर्माण का बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन शुरू किया गया है। हाल में भारत ने मेक इन इंडिया, ब्रांड इंडिया, खादी ब्रांड आदि की पहल की है। आम बजट 2025-26 में कपास की लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इनसे टेक्सटाइल क्षेत्र को मदद मिलेगी, हालांकि भारतीय टेक्सटाइटल सेक्टर कई समस्याओं से भी जूझ रहा है। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में असंगठित क्षेत्र तथा छोटे एवं मध्यम उद्योगों का प्रभुत्व देखने को मिलता है। तकनीकी अपग्रेडेशन की रफ्तार बहुत धीमी है। जीएसटी भारतीय वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजार में महंगा व अप्रतिस्पर्द्धी बनाता है। भारत में परिधान इकाइयों का औसत आकार 100 मशीनों का है, जो बांग्लादेश की तुलना में बहुत कम है, जहां प्रति कारखाना औसतन कम-से-कम 500 मशीनें हैं। टेक्सटाइल सेक्टर को कर्ज मिलने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि यह रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। इन चुनौतियों के चलते विदेशी निवेशक वस्त्र उद्योग में निवेश करने के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसलिए इस क्षेत्र में एफडीआई की कमी है। इसके अलावा तकनीकी वस्त्र निर्माण में हम 5वें स्थान पर होते हुए भी बहुत पीछे हैं। ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा आदि सहित विभिन्न उद्योगों में प्रयोग होने वाले तकनीकी वस्त्र के निर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत को वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास हेतु मिशन मोड में एक व्यापक खाका तैयार करने की आवश्यकता है। सरकार को सेबी, इरडा, ट्राई आदि की तरह कपड़ा क्षेत्र के लिए भी एक नियामक बनाना चाहिए और उद्योग को नीतिगत बाधाओं से मुक्त करना चाहिए।



## रेवड़ी कल्चर
प्रमोद भार्गव

# 'फ्रीबिज' पर सुप्रीम चिंता जायज

**देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं नि:शुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है, क्योंकि इससे ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।**

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपये तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रही हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम भूमिका रही है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने की राह पर



चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोषणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरूर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाए तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं। इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है।प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है।

जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है! 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## डार्क कॉमेडी
प्रो. मनीषा शर्मा



# 'न्यू नॉर्मल' के नाम पर सहज होना चिंता का सबब

मशहूर यूट्यूबर और पॉडकास्टर, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रणबीर इलाहाबादिया को अपने विवादित टिप्पणी के लिए लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उनका समय रैना के शो में कहा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में प्रतिभागियों से उपस्थित जज सवाल-जवाब करते हैं जो कॉमेडी पर बेस्ड होता है। इस शो में रणबीर ने पेरेंट्स रिलेशन पर विवादित सवाल पूछा था। इस प्रश्न के बाद लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। निलेश मिश्रा गीतकार ने कहा कि इन लोगों में जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस विवाद के बाद से रणबीर गायब हो गए। पर कल उन्होंने एक पोस्ट द्वारा इस प्रश्न के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अनादरपूर्ण थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर कुछ भी कह कर या माफी मांग कर बच निकलना वर्तमान में लोगों का प्रिय शगल हो गया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र के साइबर विभाग ने संज्ञान लेकर इंडिया गॉट लेटेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन जारी कर रणवीर और समय रैना को कोर्ट में पेश होने को कहा है। शिवसेना के सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी संसद की आईटी कमेटी से शिकायत कर इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। बता दें कि इस शो में ज्यादातर बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इसमें रणबीर ने पेरेंट्स के निजी अंतरंग संबंधों पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। इस पर विवाद शुरू हो गया और अनेक जगहों पर लोगों ने इस पर एफआईआर दर्ज कराई। रणवीर का यह विवादित एपिसोड बताता है कि वर्तमान में कॉमेडी के नाम पर जो पेश किया जा रहा है वह किसी भी तरह से हमारी संस्कृति और नैतिकता के अनुरूप नहीं है। माता-पिता के अंतरंग संबंधों के बारे में इस तरह के भद्दी टिप्पणी करना कॉमेडी नहीं है। डार्क ह्यूमर के नाम पर जो कुछ कहा जा रहा है वह कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति और युवा पीढ़ी को भ्रष्ट कर रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद हमारे समाज में जिस तरह से खुलापन आया है, वह चौंकाने वाला है। शो में भी बैठे युवा जज जिस तरह हंस रहे थे, वह बता रहा था कि इस पीढ़ी के लिए शालीनता, संस्कार के मायने कुछ नहीं बचे। मैंने कुछ युवाओं से बात की, उन्होंने इसे सामान्य कहा कि उस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा है। ये शो हम सभी का पसंदीदा है, हमें स्ट्रेस फ्री करता है। दो-चार ने ही स्वीकारा कि ये ज्यादा हो गया। तो देख लीजिए कि न्यू नॉर्मल के नाम पर युवा पीढ़ी किस प्रकार इन्हें सपोर्ट कर रही है। जो भी रील इन प्लेटफार्म पर डाली जाती है या जो वीडियो होते हैं उसमें ज्यादातर अश्लील सामग्री ही होती है। यह बनाने वाले की न कोई पहचान होती है न ही उनसे इस तरह की नैतिकता की बात की जाती है। क्योंकि रणबीर को पीएम मोदी ने 2024 में क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया था और वे इनफ्लुएंसर हैं तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना था। इनफ्लुएंसर का अर्थ होता है प्रेरणा देने वाला। अब आप ही देखें कि युवा पीढ़ी क्या और कैसे प्रेरित हो रही है। कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता, भद्दी गालियां और कूल दिखने का जो चलन चल रहा है, वह युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत घातक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, आपत्तिजनक सामग्री, नस्लवादी टिप्पणी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में विवाद से ही चीजें बिक रही हैं। सोशल मीडिया पर जब भी इस तरह का कोई वीडियो वायरल होता है उसको लाखों व्यूज मिलते हैं और इन व्यूज से इन यूट्यूबर्स को मुनाफा मिलता है। ऐसे में इस तरह की हल्की, अश्लील सामग्री या इस तरह के कंटेंट की भरमार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जिम्मेदारी भी बहुत आवश्यक है। अब लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की इस आजादी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर कुछ भी डाल रहे हैं। जब भी कुछ विवाद होता है तो यही कहा जाता है कि अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इस प्रकरण में इस बात को साबित कर दिया है कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ माफी देकर या एक बार गलती हो गई कह छोड़ देने से, या कॉमेडी के नाम पर कुछ भी अभद्र कह आप बच नहीं सकते। हमें सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को नियमों के दायरे में लेने के लिए बात करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की कॉमेडी के नाम पर अमर्यादित टिप्पणियां करने का लोग साहस न करें, जो देश की सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के अनुरूप न हो।

(लेखिका आईजीएनटी विवि अमरकंटक में शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थी गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत और अमरीका की यारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका के दौरे से वापस आ गए। दोनों देश दुनिया की बड़ी ताकतें हैं। इन पर दुनिया की निगाहें टिकी रहती हैं और उम्मीद होती है कि दोनों की दोस्ती नया रंग लाएगी, जो सारी दुनिया के लिए लाभदायक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शायद ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा विदेश यात्राएं की होंगी। इस बात में कोई दोराय भी नहीं है कि मोदी ने विदेशों में भारत की नई पहचान बनाई है। आज दुनिया की सबसे बड़ी दो मुख्य समस्याएं हैं आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए अमरीका, भारत के साथ खड़ा नहीं दिखता। आतंकवाद के प्रति उसने दोगली नीति अपनाई है। दूसरे, कुछ समय पहले ट्रंप ने पेरिस समझौते से भागने की कोशिश की।

*- संजय गुप्ता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र के लिए हिंदी अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा



संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी इस वैश्विक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को अपने परिसर में 'बहुभाषावाद और विदेशों में हिंदी का प्रचार' थीम पर आधारित विश्व हिंदी दिवस मनाया। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत का समाज बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक ताने-बाने से बना है। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुई थीं। 'मिशन' द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ठाकुर ने बताया कि हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी महत्ता को स्वीकार किए जाने से यह एक वैश्विक भाषा बनेगी। संयुक्त राष्ट्र में 'ग्लोबल कम्युनिकेशंस' की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि हिंदी 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और यह संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने बताया कि हिंदी को अब संयुक्त राष्ट्र की अनौपचारिक भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है।

## ऑफ बीट

# क्या अवसाद रोधी दवाएं छोड़ना ज्यादा मुश्किल



एसएसआरआई दवाओं को छोड़ना वाकई मुश्किल हो सकता है। इनके सेवन से कुछ लोग "एसएसआरआई का सेवन रोकने के सिंड्रोम" से पीड़ित हो जाते हैं। इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में चक्कर आने, जी मिचलाने, सिरदर्द और थकान समेत फ्लू-जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ज्यादातर मामलों में, लक्षण हल्के होते हैं और कुछ समय में खत्म हो जाते हैं। अवसाद रोधी दवाओं से छुटकारा पाने का प्रयास कर रहे लोग, जो इस प्रकार के लक्षण अनुभव करते हैं, कभी-कभी यह मान लेते हैं कि उनका अवसाद पुन: लौट आया है, और वे पुन: अवसाद रोधी गोलियों का सेवन शुरू कर देते हैं। लोग अवसाद की वापसी और एसएसआरआई का सेवन रोकने के बीच अंतर नहीं कर पाते। इसके कारण लोग अवसाद रोधी दवा लेना जारी रख सकते हैं, भले ही उन्हें इसकी आवश्यकता न हो। अवसाद रोधी दवाओं में 'पैरोक्सेटीन' और 'फ्लूवोक्सामाइन' शामिल हैं, जो लगभग सात प्रतिशत लोगों में दवाएं न छोड़ने के सिंड्रोम का कारण बनती हैं। लंबे समय तक चलने वालीं अवसाद रोधी दवाओं 'सेर्ट्रालाइन' और 'फ्लूओक्सेटीन' की वजह से केवल दो प्रतिशत लोग सिंड्रोम से पीड़ित होते हैं।

## ट्रेंड

### संघर्ष जारी रहेगा



कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### श्रद्धालुओं की मौत दुःखद



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ड्रोन से युद्ध में क्रांति



ड्रोन ने युद्ध के मैदान में अभूतपूर्व तरीके से युद्धाभ्यास और संचार के लिए बैटरी, मोटर और प्रकाशिकी के संयोजन से युद्ध में क्रांति ला दी है। ड्रोन केवल तकनीक नहीं हैं, ये मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा उत्पादित निचले स्तर के नवाचार हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### शवों को ससम्मान पहुंचाएं



दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का इंतज़ाम और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# चंदेरी टेंट सिटी में बिताएं अपने खास पल, लें एडवेंचर का भरपूर आनंद

चंदेरी से लौटकर जसप्रीत सिंह

प्राकृतिक वातावरण और पहाड़ों के बीच बनी चंदेरी में टेंट सिटी बेहद खूबसूरत होने के साथ ही सुविधाजनक भी बनाई गई है। प्रदेश के अशोकनगर जिले के चंदेरी में कटी घाटी के पास मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाई गई टेंट सिटी ईको रिट्रीट में पर्यटकों के ठहरने के लिए बेहतरीन टेंट बनाए गए हैं। टेंट सिटी में बुंदेलखंड के पारंपरिक भोजन के साथ ही उत्तर भारत और पंजाब के भोजन की भी व्यवस्था है। इसके साथ ही यहां आने वाले पर्यटक एडवेंचर का भी लाभ उठा रहे हैं, जिनमें रस्साकसी, साइकिलिंग आदि शामिल हैं। चंदेरी की टेंट सिटी में शाम के समय म्यूज़िक कॉन्सर्ट का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नामी-गिरामी बैंड अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

बुंदेलखंडी परंपरा के साथ उत्तर भारत के व्यंजनों का लें स्वाद

साड़ियां भी ऐसी कि फट जाएंगी पर डिजाइन बरकरार रहेगा



## राजा-रानी महल में हुई फिल्मों की शूटिंग

चंदेरी के किले, महल और यहां की गालियां पर्यटकों के साथ-साथ फिल्म निर्माताओं की भी पहली पसंद हैं। बीते समय से मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग हुई है, जिसमें चंदेरी में भी काफी फिल्मों की शूटिंग हुई है। इनमें राजा रानी महल में स्त्री, स्त्री 2, कलंक, जैसी हिट फिल्मों के दृश्य फिल्माए गए हैं।

## लेज़र शो के माध्यम से जान सकते हैं चंदेरी का इतिहास

चंदेरी के किले में पर्यटकों के लिए खास लेजर लाइट एंड साउंड शो का भी भव्य आयोजन किया जाता है। किले की दीवार पर लेजर शो और साउंड के माध्यम से चंदेरी के इतिहास के बारे संक्षिप्त झांकी प्रस्तुत की जाती है, जिसमें खूनी दरवाजा, कटी घाटी और कोशक महल की विस्तार से जानकारी दी जाती है। इस शो में रोजाना सैकड़ों पर्यटक शामिल होते हैं और तन्मयता के साथ यहां के इतिहास से परिचित होते हैं।



## चंदेरी की साड़ी की विश्व में अपनी अलग पहचान



विश्व में चंदेरी की साड़ी की अपनी एक अलग पहचान है। चंदेरी के प्राणपुर में बन रही साड़ियां जिसे बुनकर काफी मेहनत से बनाते हैं। इन साड़ियों को बनाने वाले बुनकर रजित कोली ने बताया कि साड़ी बनाना हमारा पुश्तैनी काम है, जिसे हमारे दादा, पापा भी बनाते आए हैं और मुझे साड़ी बनाते हुए 14 साल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मेरे साथ मेरे भाई सौरभ भी यही कार्य करते हैं। रजित ने बताया कि हम इस कार्य को श्री श्याम हैंडलूम चंदेरी साड़ी के नाम से करते हैं। चंदेरी की साड़ी की खास बात यह होती है कि वह हैंडमेड होती है। इसके अलावा चंदेरी की साड़ी में जो डिज़ाइन होते हैं, वह हम बुनकर हाथों से तैयार करते हैं। डिज़ाइन के साथ ही साड़ी का रंग इतना पक्का होता है कि अगर आप लोकल साड़ी और चंदेरी की साड़ी की परख करना चाहें तो लोकल का धागा निकल जाएगा और डिजाइन खत्म हो जाएगा पर डिज़ाइन नहीं खत्म होगा।

देवी अहिल्या की पुण्यगाथा 300 जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर हुआ नाट्य मंचन

# आदर्श मातृत्व की अभूतपूर्व प्रेरणा है देवी आहिल्या बाई होलकर: पूजा देशमुख







हरिभूमि न्यूज भोपाल

रवीन्द्र भवन के हंसध्वनी सभागार में रविवार को राष्ट्रसमर्था-देवी अहिल्या की पुण्यगाथा 300 जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर नाट्य मंचन की प्रस्तुती हुई। विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृशाली जोशी द्वारा लिखित एवं सुबोध सुर्जीकर द्वारा निर्देशित नाट्य मंचन में नागपुर के 35 कलाकारों की प्रस्तुती हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री पूजा देशमुख, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडे, विधायक रीति पाठक, अहिल्या उत्सव समिति-भोपाल अध्यक्ष दीपक वर्मा सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूजा देशमुख ने अहिल्या देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आज के मातृत्व को सक्षम करने कहा। उन्होंने कहा कि देवी आहिल्या बाई होलकर आदर्श मातृत्व की प्रेरणा हैं। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रीति उपाध्याय ने की। जागृति किरार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनुश्री अरोनकर ने किया।

इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत संयोजिका प्रांजली तर्हालकर भी उपस्थिति थीं। नाट्य की शुरुवात मांडवी अरोनकर के समूह द्वारा गणेशा वंदना से होती हैं। संपूर्ण नाट्य में अहिल्या देवी की राष्ट्रसमर्था, पुण्यश्लोका, लोकमाता, मालवा की महारानी, कुशल प्रशासक, वीरांगना, राष्ट्रधर्म रक्षक, त्याग की मूर्ति का परिचय दिया गया।

शहीद भवन में 'जीवन के रंग' के तहत आम जीवन से जुड़ी दो कहानियों का मंचन

## स्त्री संघर्ष और पुरुष मानसिकता को उजागर करती नाट्य प्रस्तुतियां





कोशिश नाट्य संस्था द्वारा रविवार को शहीद भवन में 'जीवन के रंग' के तहत आम जीवन से जुड़ी दो कहानियों का मंचन किया गया। इसमें पहली प्रस्तुति प्रसिद्ध व्यंग्य लेखक हरिशंकर परसाई की कहानी 'एक लड़की पांच दीवाने' की रही, जिसकी प्रस्तुति वरिष्ठ रंगकर्मी सरोज शर्मा के निर्देशन में दी गई। अगली कड़ी में अशोक बुलानी के निर्देशन में 'मंजिलें और भी हैं' की प्रस्तुति हुई।

### पुरुषों की मानसिकता को उजागर करता नाटक

एक लड़की पांच दीवाने नाटक प्रस्तुति में मंच पर 13 आर्टिस्ट्स ने परफॉर्मेंस दी। इस कॉमेडी नाटक के जरिए पुरुषों की मानसिकता को उजागर करने का प्रयास किया गया। नाटक में दिखाया कि वर्तमान समय में हर स्तर का पुरुष चाहे वह बेरोजगार युवक हो या हलवाई, चायवाला हो या पार्सल वाला या प्रौढ़ शादीशुदा पति ही क्यों न हो। सभी कम उम्र की मध्यम वर्गीय लड़की को देखकर उसे पाने का तरीका खोजने लगते हैं। वहीं, लड़की भी उन दीवानों की हरकतें देखने लगती है और वह उनके उद्देश्य को भी अच्छी तरह से समझ जाती है।

### 'मंजिलें और भी हैं' में दिखाया स्त्री संघर्ष

वहीं, दूसरी प्रस्तुति अशोक बुलानी के निर्देशन में नाटक 'मंजिलें और भी हैं' की दी गई। डॉ. अनीता चौहान द्वारा लिखित इस नाटक में एक लड़की के जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा को पेश किया गया, जिसमें मंच पर 5 आर्टिस्ट्स ने अभिनय प्रस्तुति दी। नाटक में दिखाया कि एक लड़की आशा और जुनून के साथ लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बड़ी-बड़ी परेशानियों का सामना करती है। वह हताश भी होती है, लेकिन टूटती नहीं है।

# इलाहाबादिया पर एफआईआर के साथ साथ होना चाहिए कड़ी कार्रवाई

*भोपाल आए स्टैंडअप कॉमेडियन और एक्टर सुनील पाल से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि चर्चा




हरिभूमि न्यूज भोपाल

रणवीर इलाहाबादिया पर न सिर्फ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए बल्कि उसकी कड़ी से कड़ी सजा भी मिलनी चाहिए। उसके माफी मांगने से काम नहीं चलेगा क्योंकि एक तरह से यह समाज में आतंकवाद फैलाने का काम किया जा रहा है। हमारे युवा नादानी में इनका प्रोग्राम देखने जाते हैं हालांकि उनको भी समझने की जरूरत है कि यह लोग उनको गलत बातें सिखा रहे हैं और उनका भविष्य खराब कर रहे हैं।यह कहना है स्टैंडअप कॉमेडियन और एक्टर सुनील पाल का। वह भोपाल में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि से खास बातचीत में इंडियाज गॉट लेटेंट' शो को लेकर देश भर में हो रहे बवाल पर बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी।

### *अपूर्व मखीजा महिलाओं का नाम बदनाम कर रही*

इंडियाज गॉट लेटेंट में फीमेल स्टैंडअप कॉमेडियन अपूर्वा मखीजा के अपशब्दों के इस्तेमाल को सुनील पाल ने बेहद गलत बताया। उन्होंने कहा कि अपूर्व मखीजा महिलाओं का नाम बदनाम कर रही है। उसे तो सब महिलाओं को मिलकर सबक सिखाना चाहिए। महिलाओं को मिलकर ही उसे मारना चाहिए। सिर्फ अपूर्वा ही नहीं बल्कि ऐसी जितनी भी महिलाएं हैं जो नंगापन और फूहड़ता फैला रही हैं,लोगों के रिव्यूज के लिए और फेम पाने के लिए,उन सबको चाहिए कि वह किसी तरह का शॉर्टकट ना ढूंढे बल्कि मेहनत करके आगे बढ़े। मेरा अनुरोध है अपूर्वा जैसी हर फीमेल स्टैंडअप कॉमेडियन से कि प्लीज महिलाओं का अपमान ना करें वरना देश की महिलाएं एक दिन उनको पागल खाने में भर्ती कराकर जरूर सजा देंगी।

### केबीसी पर भी दर्ज हो एफआईआर

वहीं केबीसी में समय रैना और तन्मय भट्ट को बुलाए जाने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति उठाते हुए कहा कि केबीसी एक पारिवारिक शो है जिसे लोग पूरे परिवार के साथ मिलकर एक साथ देखते हैं। ऐसे में समय रैना और तन्मय भट्ट जैसे लोगों को बुलाकर समाज को एक तरह का गलत संदेश दे रहे हैं। केबीसी में इनको प्रमोट किया गया इसलिए केबीसी पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए हालांकि बच्चन साहब शायद इसके लिए कसूरवार ना हो क्योंकि यह काम केबीसी की क्रिएटिव टीम करती है इसलिए उन पर भी कैस होना चाहिए।

### सहानुभूति के लिए कर रहा ड्रामे

रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा जारी इस बयान पर कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सुनील पाल का कहना है कि यह सब ड्रामा है। दरअसल यह विक्टिम कार्ड खेलकर लोगों की सहानुभूति लेने की कोशिश की जा रही है। क्या इलाहबदिया को पहले नहीं पता था कि जिस तरह की बात वो बोल रहे हैं उससे लोगों का गुस्सा फूट सकता है। अब वोअपनी सुरक्षा को लेकर दुहाई दे रहे हैं।

भारत में आयोजित 43वीं वर्षगांठ समारोह में हुआ ऋतु गीतों और बहुभाषी रचना पाठ का आयोजन




# बसंत गीतों के बाद हुई शब्द रचना की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज भोपाल

कला और संस्कृति के उत्सव पर केंद्रित भारत भवन के 43वें वर्षगांठ समारोह में दो सभाएं सम्पन्न हुई। शुरुआत ऋतुओं पर केंद्रित प्रस्तुति से हुई जिसमें तृप्ति नागर एवं साथी कलाकारों ने वसंत गीतों की प्रस्तुति दी। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक वसंत गीतों की प्रस्तुति से सांगीतिक सुमधुर शाम खूबसूरत बना दिया।

**आई रे आई रे वसंत ऋतु आई रे...:** प्रस्तुति का आगाज तृप्ति ने गीत आई रे आई रे वसंत ऋतु आई रे, सबके मन को लुभाए रे... सुनाया। बांसुरी, हारमोनियम की धुन और तबले की थाप के साथ गीतों के शब्दों का बेहतर तालमेल दिखा। प्रस्तुति के अगले क्रम में कलाकार तृप्ति ने आई वसंत ऋतु जिया ढोले... सुनाया। इस गीत के माध्यम से गायिका ने खेतों में आने वाले सरसों के फूलों का खूबसूरत वर्णन किया।

### रचनाकारों ने बुना शब्दों का तानाबाना

कार्यक्रम में रविवार को बहुभाषी कविता एवं कहानी पाठ हुआ। इसमें भोपाल सहित विभिन्न शहरों से आए रचनाकारों ने रचना पाठ किया। इस दौरान सुमन सिंह ने सदमा शीर्षक से कहानी सुनाई। यह कहानी एक मजदूर के जीवन के संघर्ष को लेखक ने अपने शब्दों के माध्यम से प्रदर्शित किया। वहीं राज्य शिखर सम्मान से सम्मानित डॉ. उर्मिला शिरीष ने खिड़की शीर्षक से कहानी का पाठ किया।

### पहली बार हुआ संस्कृत कहानी पाठ

इसके बाद डॉ ऋषिराज जानी ने संस्कृत कहानी मातृ हत्या कहानी का पाठ किया। इस कविता के माध्यम से उन्होंने ऐसे बेटे की कहानी को बताया जो अपनी मां की मृत्यु के बाद बारहवें तिथि पर श्राद्ध का कार्य कर रहा होता है। इस बीच उसे मां और उसके बीच हुए संवादों को अपनी स्मृति में लाता है। इसमें पुत्र को आत्मग्लानि होती है कि मां की मृत्यु उसकी वजह से हुई है। इसके बाद इंद्र शेखर तत्पुरुष का कविता पाठ हुआ।

प्रयाग शुक्ल और वसीम बरेलवी की कविताओं को दी आवाज़

# धूप और हरियाली के बीच गुनगुनाईं कविता और ग़ज़लें

## छतनारा की 67वी पोएट्स वॉक में जुड़े शहर के कवि

हरिभूमि न्यूज भोपाल

छतनारा समूह द्वारा रविवार सुबह 67वीं पोएट्स वॉक का आयोजन किया गया। इस दौरान पसंदीदा कवियों और रचना प्रक्रिया पर बातचीत चलती रही। फिर प्रकृति की गोद में बैठ कर कविता-शायरी का सिलसिला शुरू हुआ। कवि निशान्त उपाध्याय कार्यक्रम में होस्ट की भूमिका में थे। उन्होनें सभी का औपचारिक स्वागत करते हुए पोएट्स वॉक की परिकल्पना से सभी को अवगत कराया। फिर शायर अभय शुक्ला की एक ग़ज़ल पढ़ पोएट्स वॉक की औपचारिक शुरूआत की।



### यह गजल रही खास

*क्या क्या सितम नहीं किए हैं ज़िंदगी के साथ,*
*और इंतिहा तो ये कि किया सब खुशी के साथ,*
*हम को तो एक शख्स से करनी थी आशिक़ी,*
*पर हम ने दिल लगा लिया है आशिकी के साथ,*
*जिस का रहा मैं उम्र भर, उसका ना हो सका,*
*ऐसा मजाक हो न किसी आदमी के साथ ।*

- अभय शुक्ला

*दाग़ को दाग़ मत लहू कहिए*
*हम ही क़ातिल हैं चार सु कहिए*
*दिल की बातें सुकून से सुनकर*
*अपने दिल की भी जुस्तजू*
*कहिए, हाल भी सुनिए, दिल की*
*धड़कन का अपनी हालत भी कू*
*ब कू कहिए।*

*- अनुराग भरत*

प्रभात साहित्य परिषद में 'अब हम क्या करें' पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

# कर लिया बदनाम खुद को और अब हम क्या करें...

हरिभूमि न्यूज भोपाल




प्रभात साहित्य परिषद ने रविवार को हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में 'अब हम क्या करें' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, गीतकार राजेंद्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य, साहित्यकार हीरालाल पारस एवं विद्या श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य तथा डॉ.अनीता तिवारी के संचालन में किया गया। आरंभ में डॉ. नीता खरे ने सरस्वती वन्दना का वाचन किया। इसके बाद दिनेश शेष ने पढ़ा, कर लिया बदनाम खुद को और अब हम क्या करें। प्यार करना छोड़ दें या प्यार को रुसवा करें। वहीं रमेश नन्द ने सुनाया मयकशी से हैं नशे में चूर, अब हम क्या करें। हो गया है रोज का दस्तूर, अब हम क्या करें। वही राजेंद्र जैन रमण (विदिशा) ने पढ़ा वो मधुर मुस्कान भूले मन तरंगे जो भरे, चाह कर भूलें न तुमको बोल अब हम क्या करें। वहीं गोसिया खान सबीन ने रब को जो मंजूर था सो हो गया, जाने वाली चीज का गम क्या करें। वहीं महेश प्रसाद सिंह ने पढ़ा, हर तरफ गहरा गई है खौफ की परछाई, आबोहवा में झुलस गई अमराई, अब हम क्या करें। वहीं प्रदीप कश्यप ने पढ़ा हम खोज उनकी कर नहीं पाए कभी, कुछ आस्तीं में सांप जो पलते रहे। वहीं डॉ. विमल शर्मा ने पढ़ा, दिल किसी पर आ गया तो अब हम क्या करें। कोई इस पर छा गया तो अब हम क्या करें। उमेश तिवारी 'आरोही, ने पढ़ा समझे न समझाने से अब हम क्या करें। सुनता नहीं सुनाने से अब हम क्या करें। वहीं ताहा अल हुसैनी ने पढ़ा, हम अपने हौसलों को खुद बुलंद इतना करें, मसाइल सोच में पड़ जाए अब हम क्या करें।

भोपाल नगर ही नहीं, साहित्य की भी नगरी, यहां साहित्य सुगंध की तरह बहता है

# अरुणाभ की कविताएं प्रकृति में ईश्वर को पाती हैं और ईश्वर में ईश्वर को खोज लेती हैं: श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज भोपाल

रविवार को झीलों की नगरी के पलाश रेसीडेंसी होटल के विमर्श सभागार में अंतर्राष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन व हेमंत स्मृति पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ। अलंकरण सत्र में अंतर्राष्ट्रीय विश्वमैत्री मंच के राष्ट्रीय सम्मेलन के अध्यक्ष कैलाश चंद पंत ने सभी पुरस्कार विजेताओं को आशीर्वाद प्रदान किया। अंतर्राष्ट्रीय विश्वमैत्री मंच की संस्थापक अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने संस्था की गतिविधियों और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि-अरुणाभ सौरभ की कविताएं प्रकृति में ईश्वर पाती हैं, ईश्वर में ईश्वर को खोज लेती हैं। मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने हेमन्त का जिक्र करते हुए कहा कि-हम बसंत में हेमन्त का स्मरण कर रहे हैं। बसंत के बाद ही हेमन्त आता है।

## साहित्य हमें आदमी से इंसान बनना सिखाता है: डॉ. विजय बहादुर

### हम सोचें कि हमारे जमाने के लोग ही हमें क्यों नहीं पढ़ रहे हैं



विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ.विकास दवे (निदेशक मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी) ने कहा कि- जब हम समाज की संवेदना को अपनी संवेदना से एक रूप करते हैं तब साहित्य सृजन होता है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. राजेश श्रीवास्तव ने एक कविता पढ़कर सुनाई। सत्र की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा, लेखक होना बहुत आसान भी है और बहुत कठिन भी। जो लोग समाज की चुनौतियों को समझते हैं, उनके लिए बहुत कठिन है। लेखक होने के लिए जरूरी है कि हम सोचें कि हमारे जमाने के लोग ही हमें क्यों नहीं पढ़ रहे हैं। साहित्य हमें आदमी से इंसान बनना सिखाता है। मनुष्य होकर जीने की कला सिखाता है। द्वितीय सत्र गद्य सत्र की अध्यक्षता इंडिया नेटबुक्स के डॉ. संजीव कुमार ने की। मुख्य अतिथि गोकुल सोनी, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र गट्टानी, वरिष्ठ कवि एवं अध्यक्ष मप्र लेखक संघ मंचासीन थे।

संभावना गतिविधि में ढिमरियाई नृत्य और मांगणियार गायन की हुई प्रस्तुति

# दमा दम मस्त कलंदर... ने दर्शकों के बीच बांधा समां

हरिभूमि न्यूज भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत रविवार को ढिमरियाई नृत्य और मांगणियार गायन की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में शैलेंद्रसिंह सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा बुन्देलखण्ड की ढीमर जाति का पारम्परिक नृत्य-गीत ढिमरियाई की प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य में मुख्य नर्तक हाथ में रेकड़ी वाद्य की सन्निधि से पारम्परिक गीतों की नृत्य के साथ प्रस्तुति देते हैं।

### केसरिया बालम.....



वहीं गतिविधि में साहिल जिनावद एवं साथी, जयपुर द्वारा मांगणियार गायन की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने केसरिया बालम...,झिरमिर बरसे...,जलालो बिलालो..., निम्बुड़ा निम्बुड़ा..., होलिया में उड़े रे गुलाल..., दमा दम मस्त कलंदर..., जैसे कई गीतों की प्रस्तुति दी गई।



# 10 मिनट की देरी के कारण 18 जिंदगियां हो गईं 'तबाह' असामान्य रूप से ढोए शव, लोगों की निकलती रही 'आह'

## शनिवार की रात दिल्ली में खुशियों पर लगा ग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/प्रयागराज

**दिल्ली स्टेशन पर भगदड़**

शनिवार की रात करीब 9.30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले लोगों की भारी भीड़ थी साथ ही अन्य यात्री भी थे। दो ट्रेनों के लेट होने के चलते भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना महज 10 मिनट में घटी और प्रशासन की लापरवाही और यात्रियों में दुविधा के चलते इतना बड़ा हादसा हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो स्टेशन पर रात 8 बजे से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई थी। एक चश्मदीद ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से चल रही थीं। ये दोनों ट्रेनें भी प्रयागराज जा रही थीं। इनके यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 12-13 और 14 पर मौजूद थे। प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 से रात 10.10 बजे निकलने वाली थी। इसी दौरान प्रयागराज के लिए रात 9.50 बजे एक विशेष ट्रेन का अनाउंसमेंट हुआ, जो प्लेटफॉर्म 16 से जाने वाली थी। प्रयागराज एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस में जो यात्री सवार नहीं हो पाए थे, वे भी विशेष ट्रेन का एलान होते ही प्लेटफॉर्म नंबर 16 की तरफ भागे।

प्रयागराज जाने के लिए लोगों ने जीवन को दांव पर लगा दिया

इतनी बढ़ती भीड़ के सामने शासन-प्रशासन की लापरवाही भी दिखी



कुलियों ने कहा

### सामान ढोने वाले ठेले से ढोए शव, 44 वर्षों में नहीं देखी कभी ऐसी भीड़


प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए। स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए।

### महाकुंभ स्नान का जुनून, 248 किमी नाव चला पहुंचे प्रयागराज



महाकुंभ समापन की ओर है, लेकिन लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। इसके चलते सड़कों पर काफी ज्यादा जाम है। कई जगह तो लोग घंटों तक जाम में फंस जा रहे हैं। वहीं, ट्रेनों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। इन सारी बातों से परेशान होकर कुछ दोस्तों ने नाव से जाने का प्लान बनाया। यह दोस्त 248 किमी तक नाव चलाकर प्रयागराज पहुंचे और संगम पर जाकर स्नान किया। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### अयोध्या धाम और कैंट स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के आगमन व निकास के लिए अलग-अलग एंट्री व एग्जिट गेट बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए जीआरपी व सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं ने भी आरपीएफ और जीआरपी के जवानों की तारीफ की है और कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं। महाकुंभ में स्नान कर भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।

### गडकरी, प्रधान आनंदीबेन ने लगाई डुबकी



महाकुंभ में रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान, योगेंद्र उपाध्याय और दयाशंकर सिंह ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। संगम में पत्नी के साथ स्नान करने के बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मीडिया से कहा कि गंगा में स्नान और दर्शन पूजन बहुत अच्छे से हुआ। नागपुर से हजारों की संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। हमें लगता है कि गंगा मां का आशीर्वाद सबको मिलेगा।

### कुंभ को बताया फालतू

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इस भगदड़ का दोषी मोदी सरकार को बताया है। लालू प्रसाद ने महाकुंभ को फालतू बताते हुए कहा कि इसका कोई मतलब नहीं है। सरकार की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि रेलवे के द्वारा सुरक्षा में बरती गई लापरवाही और रेलवे के द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं किए जाने के कारण ही इस तरह की घटनाएं हुई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पद से हट जाना चाहिए।



### नीतीश आश्रितों को 2-2 लाख देंगे

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है। इस घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्देश दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



### आईएएस अफसरों की तैनाती 27 तक बढ़ाई


महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के बाद भी स्नान के लिए लोगों का रेला लगातार आ रहा है। माघ के प्रमुख स्नानों जैसी भीड़ अब हर दिन नजर आ रही है। ऐसे में मेला प्रशासन लगातार नए-नए प्लान पर काम कर रहा है। अलग अलग जिलों से मेला क्षेत्र में संबद्ध किए गए अफसरों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। ज्यादातर अफसरों को 15 फरवरी तक के लिए यहां भेजा गया था। अब यह अफसर 27 फरवरी तक यहां तैनात रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### नागपुर में फैक्ट्री में धमाके से 2 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को एक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके से आस-पास का इलाका दहल गया। विस्फोटक निर्माण यूनिट में ये विस्फोट हुआ था। वहीं फैक्ट्री में हुए इस धमाके की वजह से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी दी।



### आकाश को अल्टीमेटम? मायावती आश्वस्त नहीं

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने 2023 में भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाया था। माना जा रहा था आकाश बसपा में उत्तराधिकारी होंगे, लेकिन अब मायावती ने जता दिया है कि वह आकाश को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। उन्होंने 5 पोस्ट किए। उन्होंने उत्तराधिकारी को लेकर ऐलान के साथ दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।



### मोदी 24 को जारी करेंगे 19वीं किसान निधि

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर का दौरा करेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए की वित्तीय सहायता 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। पीएम बड़े कार्यक्रम में 20,000 करोड़ की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे।



### इंडियाज गॉट लेटेंट के बाद सिन्हा का शो रद्द

**मुंबई।** इन दिनों इंडियाज गॉट लेटेंट शो को लेकर काफी विवाद चल रहा है। शो में दी गई टिप्पणी के कारण रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर स्टैंड अब कॉमेडियन अनुभव सिन्हा बस्सी के काम पर भी पड़ा है। उनका लखनऊ का शो अब रद्द हो गया है।



## दिल्ली में भाजपा सरकार के गठन की कवायद हुई तेज

# फिलहाल आज होने वाली बैठक टली, अब 19 को होगा फैसला व 20 को शपथ ग्रहण

### निर्वाचित विधायकों से ही चुना जाएगा दिल्ली का मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के नए सीएम का नाम तय करने के लिए सोमवार को बुलाई गई विधायक दल की बैठक टल गई है। जानकारी के मुताबिक अब 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी और 20 को नए सीएम का शपथ समारोह होगा। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है। भाजपा 71 फीसदी स्ट्राइक रेट के साथ 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की है। ऐसे में शपथ ग्रहण समारोह एक ग्रैंड इवेंट की तरह हो सकता है। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग आ सकते हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पूरी कैबिनेट समेत पार्टी के बड़े नेता शामिल होंगे। साथ ही भाजपा और एनडीए शासित 21 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी आएंगे।

विकास और वादों पर भी की जा रही चर्चा



ऐतिहासिक होगा यह समारोह

**पार्टी नेताओं की बैठक और सियासी रणनीति**

### दिल्ली के विकास में आएगी तेजी

भाजपा की नई सरकार बनने के बाद दिल्ली की सियासत में नया मोड़ आएगा। पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि पार्टी के वादे पूरे किए जाएं और दिल्ली में विकास की गति तेज हो। यहां की राजनीतिक स्थिति में बदलाव की संभावना है, जो आगामी चुनावों में भाजपा के लिए मजबूती का संकेत हो सकता है। दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना होने जा रहा है, जो न केवल दिल्ली की सियासत को प्रभावित करेगा, बल्कि पूरे देश की राजनीति पर भी असर डालेगा।

### नड्डा कर चुके विधायकों से बातचीत

विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई राउंड की बैठकों में व्यक्तिगत तौर पर नवनिर्वाचित विधायकों से बातचीत की है। इन बैठकों में विधायकों के विचार और प्राथमिकताएं जानी गई हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टी के आगामी नेतृत्व और मंत्रिमंडल गठन में उनकी राय को ध्यान में रखा जाए। लिहाजा उनकी प्रधानमंत्री के साथ बैठक में यह तय होगा कि कौन सा विधायक मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त है और किसे मंत्री या स्पीकर के रूप में नियुक्त किया जाए?



यमुना की सफाई का काम हो गया शुरू

### लगाई गईं मशीनें, एलजी ने शेयर किया वीडियो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना की सफाई प्रमुख मुद्दा रही। भाजपा ने यमुना की सफाई के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी का जमकर घेराव किया था। अब दिल्ली चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद यमुना नदी की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने इस बारे में जानकारी दी है। कार्यालय की ओर से कहा गया कि यमुना नदी की सफाई पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, जिसमें ट्रैश स्किमर, वीड हार्वेस्टर और एक ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट के साथ नदी में सफाई अभियान शुरू



**चार चरणों में पूरा होगा काम**

1. सबसे पहले, यमुना नदी की धारा में कचरा और गाद को हटाया जाएगा।
2. नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा।
3. मौजूदा एसटीपी पर उनकी क्षमता और आउटपुट के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी।
4. एक समयबद्ध योजना करीब400 एमजीडी सीवर के उपचार की कमी को पूरा करने का काम जल्द होगा।

### अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

लगभग 3 वर्षों में नदी की सफाई का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी जिसमें डीजेबी, आई एंड एफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति भी उच्चतम स्तर पर निगरानी करेगी (डीपीसीसी) को शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालों में अनुपचारित अपशिष्टों के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

मध्यस्थों ने नहीं दिया ध्यान

# द्विपक्षीय निवेश संधियों में हितों की अनदेखी न करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तमंत्री सीतारमण ने बीआईटी पर दिया जोर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखने तथा विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे अमीर निवेशकों को विकासशील देशों का शोषण करने से रोका जा सके। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निवेश संधि मध्यस्थता पर पहले पीजी सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि मध्यस्थों ने अकसर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में कानून की अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, राज्यों को पुरस्कार स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं।

**नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए**



वित्त मंत्री ने कहा कि निवेश संधि को न केवल राष्ट्रों को बेहतर विनियामक शक्तियां प्रदान करनी चाहिए, बल्कि मध्यस्थता में विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि निवेश संधियों में नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए।

### मुद्दे संप्रभुता के लिए अहम

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से संबंधित मुद्दे संप्रभुता के लिए विशिष्ट हैं। इस कारण से बीआईटी पर एफटीए समझौते के भाग के रूप में बातचीत करने के बजाय अकेले ही बातचीत की जानी चाहिए। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत, यूके, सऊदी अरब, कतर और यूरोपीय यूनियन (ईयू) बीआईटी के लिए बातचीत कर रहे हैं। बजट 2025-26 में केंद्रीय वित्त मंत्री ने बीआईटी के मौजूदा मॉडल को दोबारा से बनाने की घोषणा की थी। इससे अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

# कोर्ट ने हितेश-धर्मेश को 21 तक पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭ मुंबई

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में कोर्ट ने हितेश मेहता और धर्मेश पोन को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया है कि धर्मेश ने इस मामले में गबन किए गए 122 करोड़ में से 70 करोड़ रुपए लिए थे। आर्थिक अपराध शाखा के अनुसार मुख्य आरोपी जनरल मैनेजर हितेश से धर्मेश को मई और दिसंबर 2024 में 1.75 करोड़ और जनवरी 2025 में 50 लाख रुपए मिले थे। इस मामले में पुलिस ने हितेश को लंबी पूछताछ के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया था। ईओडब्ल्यू के अनुसार बैंक घोटाले मामले में आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुणभाई फरार हैं। दोनों की तलाश की जा रही है।



महाराष्ट्र की सियासत में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

# शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता कई बार सीएम से मिले

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों काफी कुछ घटित हो रहा है, जिससे राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। एक तरफ महा विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा एनसीपी एसपी के प्रमुख शरद पवार पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के बाद से साथी पार्टी शिवसेना यूबीटी के निशाने पर हैं। दूसरी तरफ शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर रहे हैं। राज्य के दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे हैं। करीब 3 महीने पहले हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के बाद से दोनों ही गठबंधनों महायुति और महा विकास अघाड़ी में इन दिनों मतभेद दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह स्थानीय निकाय चुनाव माने जा रहे हैं। दरअसल बीते साल लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और ठाणे में निकाय चुनाव होने हैं और इन्हें छोटा विधानसभा चुनाव ही कहा जा रहा है।

**जानकारों ने कहा- दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे**

महायुति और महा विकास अघाड़ी में मतभेद बढ़े



### आदित्य 2 तो उद्धव ने 1 बार फडणवीस से की मुलाकात

शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेताओं ने बीते करीब ढाई महीने में तीन बार सीएम फडणवीस से मुलाकात की है। आदित्य ठाकरे दो बार और उद्धव ठाकरे एक बार सीएम फडणवीस से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि पहले शिवसेना यूबीटी ने ही सीएम फडणवीस पर उनकी पार्टी तोड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।

उधर, विज 'अन्याय' पर भड़के

### तो मैं विदेश चला जाऊं क्या?

**अंबाला।** नगर परिषद के चुनाव में पार्षदों के टिकट बंटवारे को लेकर मची कलह तेज होती जा रही है। मंत्री अनिल विज 15 समर्थकों को टिकट न मिलने से भड़के हुए हैं। उनके समर्थकों ने कह दिया है कि यदि लोकल यूनिट की बात को खारिज कर हाईकमान के लेवल से ही सब तय हो रहा है तो फिर हमारी जरूरत ही क्या है? 32 नामों का ऐलान हुआ है, जिनमें से 15 लोग तो ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश स्थानीय स्तर पर किसी भी नेता ने नहीं की थी। इस पर अनिल विज भड़क गए हैं और उनका कहना है कि क्या मैं विदेश चला जाऊं? जब कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है।





**द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और मजबूत होगा**

रक्षा मंत्रालय (सेना) के आईएचक्यू के अतिरिक्त जनसंपर्क महानिदेशालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया, सेना प्रमुख (सीओएएस) की 14 से 17 अक्टूबर, 2024 तक जापान की सफल यात्रा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, अभ्यास 'धर्म गार्जियन 2025' भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

# शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर करेंगे अभ्यास

## भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 से माउंट फूजी में शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर अभ्यास करेंगे। भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (संरक्षक)' का छठा संस्करण 25 फरवरी से 9 मार्च तक जापान के माउंट फूजी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। अभ्यास का मकसद संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है।



### जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था अभ्यास

इससे पहले 11 फरवरी को भारत और मिस्र के विशेष बलों ने राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'साइक्लोन -3' अभ्यास शुरू किया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। अधिकारी ने कहा कि अभ्यास 'साइक्लोन' भारत और मिस्र में बारी-बारी से आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था।

### संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना

'साइक्लोन 3' में भारतीय दल में 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व दो विशेष बल बटालियनों के सैनिक कर रहे हैं। मिस्र के दल में भी 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व मिस्र के विशेष बलों के विशेष बल समूह और टास्क फोर्स के सैनिक कर रहे हैं। अभ्यास साइक्लोन का उद्देश्य अंतर-संचालन, संयुक्तता और विशेष संचालन रणनीति के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाकर दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना है।

## खबर संक्षेप

### शांतिः पश्चिम एशिया का दौरा करेंगे मार्को

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो रविवार से पश्चिम एशिया के दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। इस दौरे पर मार्को



रूबियो गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों सुझाव दिया था कि गाजा पट्टी का नियंत्रण अमेरिका को दिया जाना चाहिए और अमेरिका वहां पुनर्निर्माण कराएगा। साथ ही ट्रंप ने अरब देशों से गाजा से विस्थापित लोगों को अपने यहां बसाने की मांग की है। इसराइली पीएम नेतन्याहू ने ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत किया था,अरब देशों ने इसे खारिज किया।

### मान्यता मिलने से हिंदी वैश्विक भाषा बन जाएगी

**नई दिल्ली।** दुनिया में 60 करोड़ लोगों की ओर से बोली जाने वाली हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र के लिए



अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने यहां अपने परिसर में 'बहुभाषिकता और विदेशों में हिंदी का प्रचार' विषय पर विश्व हिंदी दिवस मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का सामाजिक ताना-बाना बहुभाषीय और बहुसांस्कृतिक है।

### पाक दुर्घटनाओं में 16 की मौत, 45 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 16 लोगों की मौत हो



गयी और 45 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली दुर्घटना सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के निकट हुई। इस हादसे में एक वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। काजी अहमद के थाना प्रभारी (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने कहा कि वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में धर्म स्थल लाल शाहबाज कलंदर की ओर जा रही थी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोले जेलेंस्की

# संघर्ष को सुलझाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ कर रहे हैं बड़े काम



एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उन्होंने यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ मिलकर संघर्ष सुलझाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने की उम्मीद जग गई है। जेलेंस्की ने बताया कि दुनिया अब अमेरिका को उस शक्ति के रूप में देख रही है जिसके पास न केवल युद्ध को समाप्त करने की क्षमता है, बल्कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, हमने प्रेसिडेंट ट्रंप की टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है और हम देख रहे हैं कि सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जेलेंस्की ने बताया कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से पहले उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की, साथ ही उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री रुबियो के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक की। इसके अलावा, जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि जल्द ही जनरल कीथ केलॉग (यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत) यूक्रेन का दौरा करेंगे ताकि स्थिति का और अधिक आकलन किया जा सके। वह चाहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे मजबूत समाधानों पर चर्चा की जाए, जो वास्तव में शांति स्थापित करने वाले हो सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी टीमें हमारे देशों के बीच एक विशेष समझौते पर काम कर रही हैं।

### अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा समझौता

*एक ऐसा समझौता जो निश्चित रूप से अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस समझौते को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, जैसा कि पहले से सहमति व्यक्त की गई थी। इससे पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए जेलेंस्की ने यह आशा भी व्यक्त की कि राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन की मदद करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि वास्तव में राष्ट्रपति ट्रंप हमारी मदद करेंगे, क्योंकि मैं उन पर पूरी तरह से भरोसा करता हूं।हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि जेलेंस्की ने यूरोप के लिए गारंटीकृत अमेरिकी समर्थन के खत्म होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, पुराने दिन खत्म हो गए हैं। जब अमेरिका ने यूरोप का समर्थन सिर्फ इसलिए किया क्योंकि उसने हमेशा किया है।*

## जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री से की मुलाकात

# एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने वाले कई मामलों पर जयशंकर ने की लंबी चर्चा

### भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा मार्ग,कई देशों को होगा फायदा

### इजराइल और भारत के बीच और अधिक मजबूत होंगे रिश्ते,व्यापारिक लाभ होंगे

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी में अपने इजराइली समकक्ष गिदोन सार से मुलाकात की और पश्चिम एशिया की स्थिति और एशिया, यूरोप और अमेरिका को इजराइल के माध्यम से जोड़ने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के इतर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। इजराइल के विदेश मंत्री कार्यालय ने कहा कि सार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। इजराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने पर चर्चा की।

### अमेरिका और भारत मिलकर करेंगे काम



वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और भारत इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा, जो हमारे भागीदारों को बंदरगाहों, रेलवे और समुद्र के नीचे केबलों से जोड़ेगा। जयशंकर और सार ने हाउती और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की।

#### भारत में हुए जी20 में बनी थी बात

पश्चिम एशिया के जरिए भारत को यूरोप तक जोड़ने के लिए एक परियोजना मौजूद है। इस परियोजना की घोषणा नयी दिल्ली में 2023 जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह पश्चिम एशिया, इजरायल की सूरत बदल देगी तथा पूरे विश्व को प्रभावित करेगी।

**सफल मुलाकात**

### जयशंकर ने एक्स पर जाहिर की खुशी

*दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि एमएससी2025 के मौके पर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोनसार से मिलकर बहुत खुशी हुई। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया गया। इजराइली विदेश मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। बयान में कहा गया कि उन्होंने (सार ने) इजराइल से होकर एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के ट्रंप के दृष्टिकोण पर चर्चा की।*

### नेतन्याहू ने बताई थी सबसे बड़ी सहयोग परियोजना

*इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह मध्य पूर्व, इजरायल की सूरत बदल देगी और पूरे विश्व को प्रभावित करेगी। इजराइल के बयान में कहा गया कि जयशंकर और सार ने हूथियों और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की। हाल ही में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान हुतियों ने रणनीतिक बाब-अल-मन्देब क्षेत्र में जहाजों पर बार-बार हमले किए हैं, उनका दावा है कि वे इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं।*



# ट्रंप ने बांग्लादेश को दे दिया बड़ा झटका 29 मिलियन डॉलर की मदद रोक दी गई

### हाल ही में पीएम मोदी ने की थी अमेरिका यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के 48 घंटे के भीतर अमेरिका ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने कई विदेशी परियोजनाओं को रद्द करने का फैसला किया है। इनमें से एक परियोजना बांग्लादेश की भी है। अमेरिका की सरकार बांग्लादेश को 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धनराशि देने वाली थी, ताकि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत बनाया जा सके। मगर



अब एलन मस्क के विभाग ने फंडिंग को रद कर दिया है। अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर पूरी सूची जारी की गई। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश को दी जाने वाली 29 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रोक दिया गया है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बांग्लादेश के मुद्दे पर चर्चा की थी। ट्रंप ने बांग्लादेश में अमेरिकी सरकार के शामिल होने से इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि बांग्लादेश को पीएम मोदी पर छोड़ दिया है। अमेरिका राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के तहत बांग्लादेश में राजनीतिक दलो में क्षमता का निर्माण, पर्टियों के बीच संबंधों को मजबूत करने और हिंसा को कम करने की फंडिंग करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाता था।

## करीब दो लाख लोग होंगे प्रभावित

# ट्रंप सरकार में वीडियो कॉल के जरिए निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन में संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, जिसने पूरे अमेरिका में हलचल मचा दी है। बीते कुछ दिनों में ही हजारों संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई कर्मचारियों को तो माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। सरकार के इस फैसले से प्रोबेशनरी कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं और करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। छंटनी का नया दौर शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें अमेरिकी सरकार के



आंतरिक विभाग से करीब 2300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, वे सार्वजनिक भूमि, राष्ट्रीय उद्यान और तेल-गैस के पट्टों के प्रबंधन से जुड़े थे। इस छंटनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि ट्रंप सरकार कर्मचारियों को अपने बचाव का मौका भी नहीं दे रही है और लोगों को वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है।

## एक दिन पहले भेजे गए थे 116 भारतीय

# 112 भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिका का तीसरा विमान



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय प्रवासियों के तीसरे जत्थे को लेकर अमेरिकी विमान रविवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इस विमान में लगभग 112 अवैध अप्रवासी भारतीय सवार हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या हरियाणा से है। सूत्रों के अनुसार, 112 अवैध अप्रवासी भारतीयों में से 44 हरियाणा, 33 गुजरात, 31 पंजाब , दो उत्तर प्रदेश से तथा एक-एक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से हैं।

यह उड़ान अमेरिकी सैन्य विमान द्वारा 116 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमृतसर में उतरने के एक दिन बाद आई है। सी-17 विमान शनिवार रात करीब 11.35 बजे अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था।

### प्रवासियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया

इमिग्रेशन, वेरिफिकेशन और पृष्ठभूमि जांच सहित सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निर्वासितों को उनके घर जाने की अनुमति दी गई। अवैध भारतीय प्रवासियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है। इनमें पंजाब से संबंध रखने वाले लोगों को जांच के बाद रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस की गाड़ियों में उनके घर पहुंचाया गया। हरियाणा सरकार ने भी राज्य से निर्वासित लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था की थी।

### पहले बैच में104 भारतीय को किया गया था डिपोर्ट

5 फरवरी को, 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। विदेश गए अवैध भारतीय अप्रवासियों के दूसरे जत्थे के परिवार के सदस्य सदमे में थे, उनमें से कई ने दावा किया कि उन्होंने अपने खेत और मवेशी गिरवी रखकर पैसे जुटाए थे, ताकि उन्हें बेहतर भविष्य के लिए विदेश भेजा जा सके।

## दुनिया से बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए हो रहा बड़ा प्रयास

# भारत-अमेरिका के बीच समुद्र में 50 हजार किमी की अंडरसी केबल बिछाएगा मेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉटसएप की प्रवर्तक कंपनी मेटा ने 50 हजार किमी की लंबाई के अंडर सी केबल प्रोजेक्ट 'वाटरवर्थ' का ऐलान किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से दोनों देशों के बीच हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक नया दौर शुरू होगा और इससे भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा।



मेटा ने बताया कि नया प्रोजेक्ट वाटर बर्थ अमेरिका, भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका और अन्य महत्वपूर्ण रीजन में इंडस्ट्री-लीडिंग कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा और यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। कंपनी ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट वाटर बर्थ से इन इलाकों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ेगा, डिजिटल पहुंच बढ़ेगी और टेक्नोलॉजी विकास के नए अवसर खुलेंगे।

भारत के डिजिटल ईकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा

प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है

दुनिया का सबसे लंबा समुद्री केबल प्रोजेक्ट होगा

7,000 मीटर तक की गहराई में केबल बिछेगी






### मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट है काफी अहम

*मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है, क्योंकि कंपनी के सभी प्लेटफॉर्म पर भारत में यूजर्स की संख्या 100 करोड़ से भी ऊपर है। भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट भी तेजी से गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। ऐसे में मेटा इन सभी को अपने यूजर्स के रूप में देखती है और इससे कंपनी के लिए कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मेटा ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि कंपनी अपनी तरह की पहली रूटिंग का उपयोग कर रही है, जिसके तहत समुद्र में 7,000 मीटर तक की गहराई पर पानी में केबल बिछाई जाएगी। इसके अलावा जहाज के लंगरों और अन्य खतरों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, जैसे कि तट के पास उथले पानी में दफन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।*

### डिजिटल हाईवे की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी होगी

प्रोजेक्ट वाटर वर्थ एक मल्टी-बिलियन डॉलर प्रोजेक्ट है। इससे डिजिटल हाईवे की विश्वसनीयता और पैमानों में बढ़ोतरी होगी। यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। मेटा के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि भारत में डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर, यह निवेश आर्थिक विकास, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समावेशन के प्रति मेटा की प्रतिबद्धता को दिखाता है और यह भारत के संपन्न डिजिटल परिदृश्य और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को भी बढ़ावा देता है। अंडरसी केबल प्रोजेक्ट दुनिया के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की रीढ़ की हड्डी है। दुनिया का 95 प्रतिशत डेटा ट्रैफिक इन्हीं केबलों से होकर गुजरता है।





# जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर में साथ नजर आए थे। दर्शकों ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म को खूब पसंद किया था। भारत में ये फिल्म हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को 17 साल पूरे हो गए हैं। अब ऋतिक और ऐश्वर्या की फिल्म को लेकर ऑस्कर ने खास ऐलान किया है। ऑस्कर अवॉर्ड के आयोजक 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। आशुतोष गोविरकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म जोधा अकबर की मार्च में स्पेशल स्क्रीनिंग होगी।

लाइफ Style



# कृति
## कबीर के साथ बसाने वाली हैं घर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ उनकी रिलेशनशिप की खबरें अक्सर आती हैं। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है। काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बेंगलुरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जर्सी पहन दर्शकों को दिया सरप्राइज

**मुंबई।** 'परफेक्ट' और 'शेप ऑफ यू' जैसे हिट गानों के फेमस सिंगर एड शीरन ने 15 फरवरी, शनिवार को गुरुग्राम में लाइव परफॉर्मेंस दी। ये उनके 'द मैथमैटिक्स टूर' का आखिरी कॉन्सर्ट था, जिसका समापन ग्रैंड तरीके से हुआ। इस कॉन्सर्ट के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के आखिरी में एड शीरन ने टीम इंडिया की जर्सी भी पहनी और दर्शकों को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहने देख फैंस खुशी से झूम उठे।



# कान्ये वेस्ट और बियांका नहीं ले रहे तलाक...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और बयिांका सेंसोरी की तलाक की खबरें झूठी निकली हैं। कपल की टीम ने बयान जारी करते ही इन अफवाहों का खंडन किया है। साथ ही बताया है कि कपल इस वक्त लॉस एंजिल्स में है। 'बीते कुछ समय में यह पांचवीं या छठी बार है, जब मीडिया में गलत तरीके से इस तरह की अफवाह उड़ी है। बता दें कि इससे पहले 'डेली लाइफ' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि ग्रैमी इवेंट में हुई फजीहत के बाद रैपर और उनकी पत्नी ने अलग होने का फैसला किया है। इसमें रैपर के करीबी दोस्तत के हवाले से कहा गया है कि इस तलाक के लिए बियांका ने 5 मिलियन डॉलर की एलिमनी मांगी है।



# तीन हिंदी फिल्में साइन कर चुकीं हैं मावरा

**मुंबई।** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। मावरा की फिल्म को पहली रिलीज पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि, अब इस फिल्म को फैंस बहुत सराह रहे हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मावरा ने 'सनम तेरी कसम' फिल्म शूट करने के बाद तीन अन्य हिंदी फिल्में भी साइन की थीं। मावरा ने बताया कि इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अलग-अलग कारणों से उन्हें इन फिल्मों से पीछे हटना पड़ा था। अभिनेत्री ने इस बारे में खुलकर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने के बाद वह फिल्म जिन लोगों के हिस्से आती है, फिल्म पर उन्हीं का हक होता है। अभिनेत्री ने 'सनम तेरी कसम 2' फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर भी बात की।



# हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते आए नजर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर आयुष्मान खुराना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें 'मां तुझे सलाम' गीत गाते हुए और उस पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। दरअसल, अभिनेता ने वडोदरा में 'महिला प्रीमियर लीग 2025' की ओपनिंग नाइट पर एक यादगार प्रस्तुति दी। इस दौरान अभिनेता ने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रदर्शन किया। सामने आए वीडियो में आयुष्मान खुराना हाथ में तिरंगा लेकर मैदान में दौड़ते हुए और एआर रहमान के गाने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रस्तुति देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आएं। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी शानदार प्रस्तुति को भारत की भावना और महिला शक्ति को समर्पित किया। अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'थामा' पर काम कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल शर्मा ने भी किया था माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट

**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया के माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान ने उन्हें मुश्किलों में डाल दिया है। एक तरफ सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध हो रहा है। दूसरी ओर वह कानूनी पचड़े में फंसते भी नजर आ रहे हैं। रणवीर और समय रैना के शो को बंद करने की भी अपील की जा रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मामले में दो पक्ष सामने आ रहे हैं। एक वह जो रणवीर और समय का विरोध कर रहे हैं और दूसरे वह जिनका कहना है कि सिर्फ इन्हें ही क्यों टार्गेट किया जा रहा है और भी कई ऐसे शो हैं, जो इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। इस बीच नेटिजन्स के एक वर्ग ने कपिल शर्मा का एक पुराना वीडियो खोज निकाला है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक संकेत दिया था। रणवीर के आपत्तिजनक बयान मामले के बाद सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा के शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट किया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने टिप्पणी की कि कैसे यह जोक नेशनल टीवी पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने कपिल के जोक को रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी में समानताएं बताई हैं। कुछ लोगों ने इस साफ तौर पर अश्लील भी कहा है। स्टैंड अप कॉमेडियन और 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट और निर्माता समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए हैं। विवाद होने के बाद समय ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

## लड़ो-झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की जज अर्चना पूरन सिंह फिल्म इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो हमेशा ही चर्चा में रहती हैं।अर्चना और



परमीत सेठी की जोड़ी को इंडस्ट्री में 'परफेक्ट कपल' के तौर पर देखा जाता है। दोनों की शादी को 33 साल हो चुके हैं, लेकिन इसी बीच अर्चना ने खुलासा किया उनके और परमीत के बीच काफी लड़ाई होती है। शादी के सवाल पर अर्चना जोर देकर कहती हैं कि कोई भी शादी बिना उतार-चढ़ाव के नहीं होती। उन्होंने कहा, 'जो लोग सोचते हैं कि पति-पत्नी लड़ते नहीं हैं और उनके बीच केवल प्यार होता है, ऐसा नहीं है। हम बहुत लड़ते हैं। तू-तू, मैं-मैं होती है, लेकिन प्यार जो है, वो तू-तू, मैं-मैं को ठीक कर देती है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। लोग कहते हैं अर्चना परमीत तुम एक परफेक्ट कपल हो, लेकिन कुछ भी परफेक्ट नहीं होता। हमें अपनी शादी में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। और, इतने सालों से हमारी शादी कायम है, इसका मतलब है कि हमने कुछ सही किया है। लड़ो झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ।'

# अमिताभ को सामने देखते ही अक्षय ने छू लिए पैर...

**मुंबई।** महाराष्ट्र ठाणे में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फिनाले एक शानदार और सितारों से सजा आयोजन रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार अक्षय कुमार और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर इन सितारों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में अक्षय और अमिताभ बच्चन के बीच खास रिश्ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन को सामने देखते ही अक्षय कुमार उनके पैर छूने लगते हैं। बाद में दोनों एक- दूसरे को गले लगाते हैं और बातचीत करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को खूब प्यार मिल रहा है। एक्टर की तारीफ हो रही है।



अक्षय और अमिताभ वक्त, एक रिश्ता जैसी फिल्मों में पिता-बेटे के किरदार में नजर आए थे। अमिताभ बच्चन को वीआईपी स्टैंड में सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जहां वह मजी मुंबई टीम को सपोर्ट कर रहे थे।

# बेड पर लेटकर किया डायरेक्शन, बंद हुई शूटिंग तो हीरो ने किया बजट का जुगाड़

*__नई दिल्ली।__ सुपरस्टार आमिर खान की 'लगान' इंडियन सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसका डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी। आमिर खान की 'लगान' के लिए अपूर्व लखिया ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान का किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि स्लिप डिस्क की समस्या की वजह से आशुतोष गोवारिकर ने बेड पर लेटकर 'लगान' का डायरेक्शन किया था। एक इंटरव्यू के दौरान अपूर्व लखिया ने फिल्म 'लगान' को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, 'जब आमिर बोर हो जाते थे, तो वे गुजरात भर से शतरंज के चैंपियन्स को शूटिंग पर बुलाते थे और ब्रेक के दौरान उनके साथ खेलते थे। वहां चारों ओर ताश के खेल भी चलते रहते थे। लोगों को खुद का मनोरंजन करना ही पड़ता था, है ना?' अपूर्वा ने उस समय का भी जिक्र किया जब अशुतोष गोवारिकर स्लिप डिस्क की समस्या के कारण बेड पर लेटकर 'लगान' डायरेक्ट कर रहे थे।*

## रिलीज के बाद फिल्म ने जीते थे 8 नेशनल अवॉर्ड

*आशुतोष ने बेड पर लेट किया डायरेक्शन :* उन्होंने कहा, 'अगर आप तस्वीरें देखेंगे, तो मैं आशुतोष गोवारिकर के बगल में बैठा था माइक के साथ। जो आशुतोष बोलते थे, उसे मैं माइक पर अनाउंस करता था। अशुतोष की मेडिकल इमरजेंसी के दौरान हम बड़े पैमाने पर शॉट्स ले रहे थे। चूंकि हम ऐसे सीन्स शूट नहीं कर रहे थे, जिनमें उन्हें जाकर सीधे एक्टर्स से बातचीत करनी पड़े। इसलिए हम उस मुश्किल से बच गए। लेकिन हां, इसमें हमारी योजना से थोड़ा ज्यादा समय लग गया।'



***220 दिनों का बढ़ गया था शूटिंग शेड्यूल :*** शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया कि 'लगान' जैसी फिल्म एक बार ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमने 80 दिनों का शेड्यूल बनाया था, लेकिन 300 दिनों तक शूटिंग चली। इसके कई कारण थे, जैसे बजट की समस्याएं भी शामिल थीं। दो दिन शूटिंग बंद हो गई थी। इस बीच आमिर ने फंड की व्यवस्था की। फिर सेट पर एक जानवर की मौत हो गई और मेनका गांधी की टीम शूटिंग रोकने के लिए आ गई। हमने बहुत ठंडे मौसम में शूटिंग शुरू की और बहुत गर्म मौसम में भी जारी रखी थी।'

***56 डिग्री तापमान में की थी गाने की शूटिंग:*** अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि आमिर और ग्रेसी सिंह के गाने 'ओ रे छोरी' को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान में शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'हम केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4.30 से 6.30 बजे तक शूट कर सकते थे।

## हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उठाते हैं मजा

# एक्टर्स की हूबहू नकल करते हैं ये डबिंग आर्टिस्ट, लगते हैं असली

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड सिनेमा को इस वक्त साउथ की फिल्में जोरदार टक्कर दे रही हैं। पहले जहां हिंदी सिनेमा में साउथ की फिल्मों की कहानी को ज्यों का त्यों रीमेक कर दिया जाता था, वहीं अब हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग और मिमिक्री आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उसी फील और परफेक्शन के साथ मजा उठा पा रहे हैं। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ कमाल के डबिंग आर्टिस्ट के बारे में जो साउथ एक्टर्स की आवाज के लिए डबिंग तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही साथ बॉलीवुड के तमाम कलाकारों की भी हूबहू नकल उतार देते हैं।*



**चेतन शशितल :** चेतन शशि डबिंग की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्हें लोग 'बिग सी' के नाम से भी जानते हैं। यह नाम भी चेतन को उनके डबिंग टैलेंट की वजह से मिला है। शशि अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल उतार देते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा वह अमरीश पुरी, धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और शत्रुघ्न सिन्हा की भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**राजेश खट्टर :** बॉलीवुड फिल्मों में बतौर एक्टर काम कर चुके ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर डबिंग के भी एक्सपर्ट हैं। राजेश खट्टर ने कई हॉलीवुड एक्टर्स के लिए डबिंग की है और अमिताभ बच्चन की आवाज की हूबहू डबिंग करते हैं।



**शरद केलकर :** एक्टर शरद केलकर एक कमाल के एक्टर होने के साथ-साथ एक गजब के डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। शरद केलकर ने देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बाहुबली और बाहुबली-2 के लिए प्रभास के किरदार को आवाज दी है।



**मनोज पांडे :** डबिंग की दुनिया के बेताज बादशाह मनोज पांडे मनोज पांडे ने बाहुबली फिल्म सीरीज के किरदार भल्लालदेव को आवाज दी थी। इसके अलावा वो कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**संकेत म्हात्रे :** डबिंग की दुनिया में संकेत म्हात्रे भी काफी मशहूर चेहरा हैं। संकेत नाना पाटेकर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल तो करते ही हैं, लेकिन इन बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ उन्होंने तमाम हॉलीवुड किरदारों के लिए भी अपनी आवाज दी है।

**समय राज ठक्कर :** साउथ के सुपरस्टार्स की आवाज डब करने के मामले में समय राज ठक्कर का नाम सबसे ऊपर आता है। समय रजनीकांत और कमल हासन जैसे एक्टर्स की आवाज हिंदी में डब करते हैं, लेकिन वो उनकी ऑरिजनल वाइस को भी हूबहू कॉपी कर देते हैं।





**निनात कामत :** मार्वल फिल्मों के अभी तक के सबसे बड़े विलेन थैनोस की आवाज हिंदी में डब करने वाले एक्टर निनाद कामत कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू कॉपी कर लेते हैं। निनाद ने अनिल कपूर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन तक की आवाज हूबहू कॉपी कर लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस टीम में रहमान शामिल

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।' मुजीब ने 300 से अधिक टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं।

### आवागमन के लिए साइकिल चलाएं युवा

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें।



मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है।

### तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे।



पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है।

### हार के बाद अंपायरिंग पर उठाए सवाल

**वड़ोदरा।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार पर अंपायरिंग की आलोचना की है।



बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।

### दिल्ली और बेंगलुरु में मुकाबला आज

**वडोदरा।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा।



मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।

## बीसीसीआई ने की आईपीएल के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा

# कोलकाता-बेंगलुरु के मैच से आईपीएल का आगाज, 65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें 22 मार्च से 13 आयोजन स्थलों पर 74 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान तीन फ्रेंचाइजी अपने कम से कम दो घरेलू मैच अपने दूसरे निर्धारित घरेलू मैदान पर खेलेंगी। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ होगी और इसका समापन 25 मई को इसी स्थल पर होगा। प्रतियोगिता के दौरान 12 दिन दो मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट 65 दिन चलेगा जिसके मुकाबले 13 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे जिसमें धर्मशाला, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में कम से कम दो-दो आईपीएल मुकाबलों का आयोजन होगा। जैसा कि पहले भी होता रहा है मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के साथ धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू स्थल होगा जबकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर के अलावा गुवाहाटी में अपने घरेलू मुकाबले खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा घरेलू स्थल विशाखापत्तनम होगा और वे 24 मार्च को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपना लीग अभियान यहीं से शुरू करेंगे। गुवाहाटी और विशाखापत्तनम दो-दो मैच की मेजबानी करेंगे जबकि धर्मशाला में तीन मैच होंगे।



### कोलकाता में होगा प्लेऑफ

लीग चरण के बाद हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ का आयोजन किया जाएगा। हैदराबाद 20 मई और 21 मई को क्रमशः पहले क्वालीफायर और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा जबकि 23 मई को दूसरा क्वालीफायर कोलकाता में होगा। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीम और दूसरे समूह की एक पूर्व निर्धारित टीम के साथ दो बार खेलेगी जबकि दूसरे समूह की बाकी चार टीम के साथ एक बार खेलेगी।

### 23 मार्च को पहला डबल हेडर



सत्र में पहली बार 23 मार्च को एक दिन में दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें हैदराबाद में दिन के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि इसके बाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा।

### मुंबई-चेन्नई सबसे सफल टीम

आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

### ग्रुपवार टीमें

ग्रुप ए : कोलकाता, बैंगलुरु, राजस्थान, चेन्नई, पंजाब
ग्रुप बी : हैदराबाद, दिल्ली, गुजरात, मुंबई, लखनऊ

### 13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबले

अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद 10 टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे।

## आईपीएल : समय सारिणी

| दिनांक | मैच | समय | जगह |
|---|---|---|---|
| 22 मार्च | कोलकाता/बेंगलुरु | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 23 मार्च | हैदराबाद/राजस्थान | 3:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मार्च | चेन्नई/मुंबई | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 24 मार्च | दिल्ली/लखनऊ | 7:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 25 मार्च | गुजरात/पंजाब | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 26 मार्च | राजस्थान/कोलकाता | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 27 मार्च | हैदराबाद/लखनऊ | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 28 मार्च | चेन्नई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 29 मार्च | गुजरात/मुंबई | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 30 मार्च | दिल्ली/हैदराबाद | 3:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 30 मार्च | राजस्थान/चेन्नई | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 31 मार्च | मुंबई/कोलकाता | 7:30 बजे | मुंबई |
| 1 अप्रैल | लखनऊ/पंजाब | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 2 अप्रैल | बेंगलुरु/गुजरात | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 3 अप्रैल | कोलकाता/हैदराबाद | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 4 अप्रैल | लखनऊ/मुंबई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 5 अप्रैल | चेन्नई/दिल्ली | 3:30 बजे | चेन्नई |
| 5 अप्रैल | पंजाब/राजस्थान | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 6 अप्रैल | कोलकाता/लखनऊ | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 6 अप्रैल | हैदराबाद/गुजरात | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 7 अप्रैल | मुंबई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | मुंबई |
| 8 अप्रैल | पंजाब/चेन्नई | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 9 अप्रैल | गुजरात/राजस्थान | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 10 अप्रैल | बेंगलुरु/दिल्ली | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 11 अप्रैल | चेन्नई/कोलकाता | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 12 अप्रैल | लखनऊ/गुजरात | 3:30 बजे | लखनऊ |
| 12 अप्रैल | हैदराबाद/पंजाब | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 13 अप्रैल | राजस्थान/बेंगलुरु | 3:30 बजे | जयपुर |
| 13 अप्रैल | दिल्ली/मुंबई | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 14 अप्रैल | लखनऊ/चेन्नई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 15 अप्रैल | पंजाब/कोलकाता | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 16 अप्रैल | दिल्ली/राजस्थान | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 17 अप्रैल | मुंबई/हैदराबाद | 7:30 बजे | मुंबई |
| 18 अप्रैल | बेंगलुरु/पंजाब | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 19 अप्रैल | गुजरात/दिल्ली | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 19 अप्रैल | राजस्थान/लखनऊ | 7:30 बजे | जयपुर |
| 20 अप्रैल | पंजाब/बेंगलुरु | 3:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 20 अप्रैल | मुंबई/चेन्नई | 7:30 बजे | मुंबई |
| 21 अप्रैल | कोलकाता/गुजरात | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 22 अप्रैल | लखनऊ/दिल्ली | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 23 अप्रैल | हैदराबाद/मुंबई | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 24 अप्रैल | बेंगलुरु/राजस्थान | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 25 अप्रैल | चेन्नई/हैदराबाद | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 26 अप्रैल | कोलकाता/पंजाब | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 27 अप्रैल | मुंबई/लखनऊ | 3:30 बजे | मुंबई |
| 27 अप्रैल | दिल्ली/बेंगलुरु | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 28 अप्रैल | राजस्थान/गुजरात | 7:30 बजे | जयपुर |
| 29 अप्रैल | दिल्ली/कोलकाता | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 30 अप्रैल | चेन्नई/पंजाब | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 1 मई | राजस्थान/मुंबई | 7:30 बजे | जयपुर |
| 2 मई | गुजरात/हैदराबाद | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 3 मई | बेंगलुरु/चेन्नई | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 4 मई | कोलकाता/राजस्थान | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 4 मई | पंजाब/लखनऊ | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 5 मई | हैदराबाद/दिल्ली | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 6 मई | मुंबई/गुजरात | 7:30 बजे | मुंबई |
| 7 मई | कोलकाता/चेन्नई | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 8 मई | पंजाब/दिल्ली | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 9 मई | लखनऊ/बेंगलुरु | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 10 मई | हैदराबाद/कोलकाता | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 11 मई | पंजाब/मुंबई | 3:30 बजे | धर्मशाला |
| 11 मई | दिल्ली/गुजरात | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 12 मई | चेन्नई/राजस्थान | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 13 मई | बेंगलुरु/हैदराबाद | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 14 मई | गुजरात/लखनऊ | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 15 मई | मुंबई/दिल्ली | 7:30 बजे | मुंबई |
| 16 मई | राजस्थान/पंजाब | 7:30 बजे | जयपुर |
| 17 मई | बेंगलुरु/कोलकाता | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 18 मई | गुजरात/चेन्नई | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 18 मई | लखनऊ/हैदराबाद | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 20 मई | क्वालिफायर 1 | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 21 मई | एलिमिनेटर | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मई | क्वालिफायर 2 | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 25 मई | फाइनल | 7:30 बजे | कोलकाता |

# स्पेन ने महिला प्रो लीग में जर्मनी को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

स्पेन ने एफआईएच महिला प्रो लीग में रविवार को जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। लूसियाना मोलिना ने तीसरे क्वार्टर में विजयी गोल करके स्पेन को जीत दिलाई। जर्मनी के लिए ऐना क्रेस्केन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया लेकिन पहले क्वार्टर के अंत में सोफियो रोगोस्की ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की क्लारा बाडिया को ग्रीन कार्ड मिला जबकि कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

स्पेन के लिए तीसरे क्वार्टर में मोलिना ने 38वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में जर्मनी को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत था। इस जीत



के बाद स्पेन के छह मैचों में आठ अंक है। चीन आठ मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है जिसके चार मैचों में नौ अंक है। आस्ट्रेलिया के चार मैचों में आठ अंक है।

### राउफ फिट, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को एजेंसी को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे।



इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।'

## अमांडा अनिसिमोवा ने जीता कतर ओपन का खिताब



**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार रात को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गईं।

### *अदिति सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में 53वें स्थान पर रहीं*



*रियाद। भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। थाईलैंड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता।*

रणजी ट्रॉफी

## सेमीफाइनल आज, विदर्भ के खिलाफ मुंबई प्रबल दावेदार



एजेंसी ▶▶| नागपुर

चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। एजेंसी को पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरू स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है।

जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शारदुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं।

### *शानदार फॉर्म में विदर्भ की टीम*

*विदर्भ की टीम शानदार फॉर्म में है। उनके गेंदबाजी आक्रमण में बड़े नाम नहीं हैं लेकिन हर्ष दुबे, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे और नचिकेत भूट ने विदर्भ के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ के स्पिनर दुबे मौजूदा रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 59 विकेट चटकाए हैं। विदर्भ की टीम मुंबई के शीर्ष क्रम के थोड़े डगमगाने वाले स्वभाव का फायदा उठाने और उन्हें शुरू से ही दबाव में डालने की कोशिश करेगी।*

### केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। जहां तक सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम का सवाल है तो उसके लिए अभी तक का सफर काफी भावनात्मक रहा है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर पर पहली पारी में एक रन की बढ़त हासिल करने के दम पर दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

# टीम चयन में हुआ था बड़ा बखेड़ा भिड़ गए थे गंभीर और अगरकर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से धमाकेदार जीत हासिल की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर चैंपियंस ट्रॉफी टीम में श्रेयस अय्यर के चयन को लेकर एकमत नहीं थे।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम सेलेक्शन मीटिंग में गौतम गंभीर और अजीत



अगरकर के बीच इसे लेकर तीखी बहस हुई थी। भारतीय टीम की ओर से इस सीरीज में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन किया था। श्रेयस ने तीन पारियों में 60.33 की बेहतरीन औसत से 181 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के चलते श्रेयस अय्यर को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली। दोनों के बीच बहस विकेटकीपिंग स्लॉट को लेकर भी हुई थी। अगरकर चाहते थे कि फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को तवज्जो मिले। वहीं गंभीर ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि केएल राहुल भारत के फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर होंगे और टीम मैनेजमेंट इस पर कायम रहेगा। तभी तो इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में केएल राहुल ने तीनों मुकाबले खेले, वहीं ऋषभ पंत बेंच पर बैठे रहे।

## भारतीय महिला हॉकी टीम शूटआउट में इंग्लैंड से हारी

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिए निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए।



भारत के लिए नवनीत कौर (53वां) और ऋतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किए। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि ऋतुजा का फील्ड गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिए गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे। इंग्लैंड के लिए लिली वाकर और कप्तान सोफी हैमिल्टन ने गोल दागे। इस जीत से इंग्लैंड को एक बोनस अंक भी मिल गया। भारत ने शनिवार को पहले चरण में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। भारत का सामना अब मंगलवार को स्पेन से होगा।

### मामला निपटाने लगा है तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध

# सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना

एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे।

पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर



लिखा, 'मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।' विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, 'टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं



खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन।' विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।'

### *जोकोविच के संघ ने जताई आपत्ति*

*विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने स्काई स्पोर्ट से कहा, 'उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।' नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, 'प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरूप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।'*

## एशियाई खेलों की पदक विजेता वर्षा वर्मन ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

# परेड मार्च के साथ वीआईटी विश्वविद्यालय में खेल सप्ताह का भव्य आगाज

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव अद्वित्या 2025 की शानदार शुरुआत हुई खेल सप्ताह के भव्य उद्घाटन से हुई। समारोह में औपचारिक ज्योति प्रज्ज्वलन के बाद खिलाड़ियों ने टीम परेड में भाग लिया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने ध्वज वाहकों के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक मार्च किया। खिलाड़ियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, भारोत्तोलन और पहली बार आयोजित आर्म रेसलिंग जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव अद्वित्या 2025 की शानदार शुरुआत हुई खेल सप्ताह के भव्य उद्घाटन से हुई। मुख्य अतिथि एशियाई खेलों की पदक विजेता वर्षा वर्मन की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रबंधन से डॉ. जी. विश्वनाथन (संस्थापक और चांसलर), एम. शंकर विश्वनाथन (उपाध्यक्ष), कादंबरी विश्वनाथन (सहायक उपाध्यक्ष), डॉ. टीबी श्रीधरन (प्रो-वाइस चांसलर), केके नायर (रजिस्ट्रार) सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

आयोजन समिति में डॉ. योगेश शुक्ला (संयोजक), डॉ. पुष्पदंत जैन, डॉ. सौरव प्रसाद (सह-संयोजक) और डॉ. प्रशांत तिवारी (खेल अधिकारी) शामिल रहे। समारोह में औपचारिक ज्योति प्रज्ज्वलन के बाद खिलाड़ियों ने टीम परेड में भाग लिया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने ध्वज वाहकों के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक मार्च किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा औपचारिक टॉस किया गया, जिससे खेल प्रतियोगिताओं की रोमांचक शुरुआत हुई। खिलाड़ियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, भारोत्तोलन और पहली बार आयोजित आर्म रेसलिंग जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




### प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता

**कबड्डी**
विजेताः वीआईटी वेल्लोर (पुरुष) और वीआईटी भोपाल टीम ए (महिला)
उपविजेताः वीआईटी भोपाल टीम ए (पुरुष) और वीआईटी भोपाल टीम बी (महिला)

**बास्केटबॉल**
विजेताः वीआईटी वेल्लोर (पुरुष) और वीआईटी भोपाल टीम ए (महिला)
उपविजेताः वीआईटी भोपाल टीम ए (पुरुष) और वीआईटी भोपाल टीम बी (महिला)

**क्रिकेट**
विजेताः जेएलयू भोपाल (पुरुष) और वीआईटी भोपाल (महिला)
उपविजेताः वीआईटी भोपाल (पुरुष) और वीआईटी भोपाल टीम बी (महिला)

**फुटबॉल**
विजेताः बीएसएसएस भोपाल (पुरुष) और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली (महिला)
उपविजेताः जेएलयू भोपाल (पुरुष) और वीआईटी भोपाल (महिला)

**वॉलीबॉल**
विजेताः वीआईटी वेल्लोर (पुरुष) और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली (महिला)
उपविजेताः वीआईटी भोपाल (पुरुष) और वीआईटी भोपाल (महिला)

बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज और भारोत्तोलन

**शीर्ष प्रदर्शनकर्ता**
वीआईटी भोपाल और पीजी कॉलेज, सतना
इस वर्ष पहली बार आर्म रेसलिंग को शामिल किया गया, जिससे खेलों में एक नया रोमांच जुड़ा।

**1500 से अधिक खिलाड़ियों ने की भागीदारी**
इस प्रतियोगिता में कुल 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 650 बाहरी और 950 आंतरिक प्रतिभागी शामिल थे।

---

## किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ने किया छतरपुर में 26वें बुंदेली उत्सव का शुभारंभ

# संस्कृति को जीवित रखने का बेहतर प्रयास है बुंदेली उत्सव का आयोजन : मंत्री कंषाना

गायन कलाकारों को वाद्ययंत्र खरीदने के लिए मिलेगी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेली विकास संस्थान द्वारा छतरपुर में बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण का बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने बतौर मुख्य अतिथि महाराजा छत्रसाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उनके साथ राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, भाजपा नेता सुरेन्द्र चौरसिया पप्पू, शशिकांत अग्निहोत्री और बुंदेली विकास संस्थान के संरक्षक तथा पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एंदल सिंह कंषाना ने कहा कि इस तरह के आयोजन अपनी संस्कृति को जीवित रखने के बेतहर प्रयास होते हैं, जिसके लिए बुंदेली विकास संस्थान और उसके संरक्षक शंकर प्रताप सिंह बधाई के पात्र हैं।

समिति के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह बुंदेला मुन्ना राजा ने शब्द सुमनों से अतिथियों का स्वागत किया और बुंदेली उत्सव की 25 साल की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने गायन कलाकारों को नए वाद्ययंत्र खरीदने के लिए अपनी स्वेच्छा निधि से प्रति व्यक्ति 40 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा भी की।



### रंगोली में शारिका ने मारी बाजी



*आयोजन के पहले दिन रंगोली, लोक चित्रकारी, बुंदेली आधारित बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति, विराट दंगल, कबड्डी, चौपड़, गिल्ली-डंडा प्रतियोगिताएं हुईं, साथ ही बुंदेली सिनेमा का प्रदर्शन भी किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों द्वारा मंच के सामने सुंदर और विशाल रंगोलियां सजाई गई थीं। निर्णायक मंडल ने शारिका कुमारी को प्रथम, चांदनी अहिरवार को द्वितीय और आकांक्षा अहिरवार को तृतीय स्थान दिया। रंगोली बनाने वाली स्कूली बालिकाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।*

---

# प्रथम वूमेन्स टी-20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में नर्मदा फॉल्कंस बनी चैंपियन, फाइनल में सिंध मेवरिक को 48 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रथम वूमेनस टी20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में नर्मदा फॉल्कन और सिंध मेवरिक के मध्य फाइनल का मैच खेला गया, जिसे नर्मदा फाल्कॉन ने 48 रन से जीत लिया। नर्मदा फाल्कॉन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर मे 2 विकेट के नुकसान पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

नर्मदा फाल्कॉन की तरफ से कप्तान निकिता सिंह ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 39 गेंदों पर 62 रन तथा ऋषिता परिहार ने 46 रनों का योगदान दिया। सिंध मेवरिक की ओर से केशवी ने 2 विकेट लिए। जवाब में 146 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरी सिंध मेवरिक की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खो कर मात्र 97 रन ही बना पाई। सिंध मेवरिक की ओर कप्तान तमन्ना निगम ने सर्वाधिक 21, तानिष्का सेन ने 18 तथा केशवी ने 14 रनो का योगदान दिया। नर्मदा फाल्कॉन की ओर से मुस्कान मिश्रा ने सर्वाधिक 2 विकेट तथा सालोनी, जिया,पलक और ऋषिता ने 1-1 विकेट चटकाए। कप्तान निकिता सिंह को उनकी बल्लेबाजी नाबाद 62 रन के लिए रिलायंस प्लेयर ऑफ द मैच प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण अभिषेक मोहन गुप्ता, सचिव बीडीसीए शांति कुमार जैन, सचिव नर्मदापुरम संभाग अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, वरिष्ठ क्रिकेटर संजय पांडे, ललिता हास्नानी सीनियर क्रिकेटर डायरेक्टर वुमेंस प्रीमियर लीग, टूर्नामेंट प्रमुख पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर एमपी कप्तान बृजेश तोमर ओमी ने किया।

### इन्होंने जीते टूर्नामेंट के पुरस्कार




- *विजेता- नर्मदा फॉल्कन, विजेता ट्रॉफी,*
- *उप विजेता- सिंध मेवरिक, ट्रॉफी,*
- *प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - निकिता सिंह (नर्मदा फॉकन्स), क्रिकेट बेट, रिलाइंस शॉपिंग कार्ड*
- *बेस्ट बेटर - ऋषिता परिहार (नर्मदा फाल्कन), बेटिंग पैड्स, रिलायंस शॉपिंग कार्ड*
- *बेस्ट बॉलर- तानिष्का सेन (सिंध मेवरिक) बॉलिंग स्पाइक्स, रिलायंस शॉपिंग कार्ड*
- *बेस्ट फिल्डर- प्रीति यादव ( चंबल स्पार्टन) ट्रॉफी, रिलाइंस शॉपिंग कार्ड*
- *इमर्जिंग प्लेयर- तनवी उपाध्याय ( चंबल स्पार्टन) , बोलिंग स्पाइक्स, रिलायंस शॉपिंग कार्ड*
- *बेस्ट विकेट कीपर- नैनी राजपूत ( नर्मदा फॉल्कंस) कीपिंग ग्लव्स, रिलायंस शॉपिंग कार्ड*

---

# 50 साल बाद मिले सहपाठी, यादें की ताजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैंपियन स्कूल में रविवार को 50 साल पुराने सहपाठी मिले। जैसे ही एक दूसरे के सामने आए, कुछ पहचानने में दिक्कत हुई, लेकिन जैसे ही एक दूसरे को पहचाना, वैसे ही गले लगा लिया और पुराने दिन ताजा किए। मौका था कैंपियन स्कूल के 1975 बैच के एलुमनाई छात्रों की गोल्डन जुबली मीट का।

इस दौरान सभी सहपाठियों ने जमकर मस्ती की और 1975 में उनको पढ़ाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इसके बाद सभी शिष्यों ने अपने गुरुओं से आशीर्वाद लिया और संस्थान में इस मुलाकात को लंबे समय के लिए जीवित रखने पौधरोपण भी किया।







---

# जैविक खेती से होगा राजधानी के भोज ताल का संरक्षण

नीलबड़ में हुई एक दिवसीय कार्यशाला में बोले विशेषज्ञ

कार्यशाला में डॉ. संगीता राजगीर ने दी पक्षी संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को भोपाल बड्र्स एवं मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा वीएनएस नेचर सेवियर, नीलबड़ में भोज वेटलेंड के कृषकों हेतु जैविक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि वर्गीस, उपसंचालक,कृषि प्रौघोगिकी प्रबंधन अभिकरण उपस्थित रहीं। वर्गीस द्वारा अपने उद्बोधन में जैविक खेती को अपनाकर जैवविविधता को संरक्षित करने पर जोर दिया गया।

### जैविक खाद बनाने की दी जानकारी

*कार्यक्रम के दूसरे सत्र में यशपाल राजपूत, कृषि विशेषज्ञ एनसीएचएसई, सीहोर द्वारा जैविक खाद बनाने की विभिन्न विधियों एवं सामग्रियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले सत्र में डॉ. संगीता राजगीर, भोपाल बड्र्स द्वारा जैविक खेती से पक्षी संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।*

---

## डीजीपी ने लिया तैयारियों का जायजा, 21 फरवरी तक मप्र पुलिस की मेजबानी में बोट क्लब पर होगी प्रतियोगिता

# आज से शुरू होने वाली एमपी पुलिस वाटर स्पोर्ट्स की फाइनल रिहर्सल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 17 से 21 फरवरी तक मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में भोपाल में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को भोपाल स्थित बड़े तालाब के बोट क्लब प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। पुलिस महानिदेशक एवं प्रतियोगिता के संरक्षक कैलाश मकवाणा ने अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप सभी प्रतिस्पधार्एं आयोजित कराए जाने के निर्देश देते हुए रविवार को आयोजन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। डीजीपी की मौजूदगी में प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम की फायनल रिहर्सल की गई, जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका 7वीं वाहिनी के प्रधान आरक्षक रामचंद्र कुशवाहा ने निभाई।




### 22 राज्यों के 557 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस प्रतियोगिता में खासतौर पर कयाकिंग, केनोईंग व रोईंग स्पर्धाएं होंगी। जिसमें केन्द्रीय बलों सहित 22 राज्यों की पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टीमों के 557 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिनमें 123 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में शामिल कयाकिंग, केनोईंग व रोईंग की विभिन्न 27 स्पर्धाओं में दांव पर लगे 360 पदक एवं विजेता व उपविजेता की आधा दर्जन ट्रॉफियों पर कब्जा जमाने के लिए खिलाड़ी अपना दम-खम दिखाएंगे। इस बार की अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी व एसएसबी और केन्द्रीय बलों सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर,महाराष्ट्र, आसाम रायफल व आसाम पुलिस, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, उड़ीसा, मणिपुर व केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930